# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 142 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




धनबाद में भारी बारिश से शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के वार्ड में घुसा पानी

# केंद्रीय कैबिनेट ने चार रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

**24634 करोड़ से 894 किमी बढ़ेगा रेल नेटवर्क**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मंगलवार को 24,634 करोड़ रुपये की चार प्रमुख रेल परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। स्वीकृत रेल परियोजनाओं में मध्य भारत में क्षमता और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए प्रमुख मार्गों पर तीसरी और चौथी लाइनों का निर्माण शामिल है। स्वीकृत रेल परियोजनाओं में महाराष्ट्र में 314 किलोमीटर लंबा वर्धा-भुसावल खंड, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में फैला 84 किलोमीटर लंबा गोंदिया-डोंगरगढ़ खंड, गुजरात और मध्य प्रदेश को कवर करने वाला 259 किलोमीटर लंबा वडोदरा-रतलाम कॉरिडोर और मध्य प्रदेश में 237 किलोमीटर लंबा इटारसी-भोपाल-बीना खंड शामिल हैं। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ राज्यों के 18 जिलों को कवर करने वाली चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 894 किलोमीटर का इजाफा होगा। स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 3,633 गांवों, जिनकी आबादी लगभग 85.84 लाख है और दो आकांक्षी जिलों (विदिशा और राजनांदगांव) तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि नई रेल परियोजाओं से कोयला, कंटेनर, सीमेंट, फ्लाई ऐश, खाद्यान्न और इस्पात जैसी वस्तुओं का परिवहन आसान होगा। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 78 मिलियन टन प्रति वर्ष का अतिरिक्त माल यातायात होगा। रेलवे, पर्यावरण अनुकूल और ऊर्ज़ा कुशल परिवहन का साधन होने के कारण, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (28 करोड़ लीटर) को कम करने और एग्2 उत्सर्जन (139 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा, जो छह करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। रेल मंत्री ने कहा कि अब हम अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया के दूसरे सबसे बड़े माल ढुलाई वाले देश बन गए हैं। हम 10 साल पहले जहां थे, उससे हमने बहुत बड़ी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी जिससे भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए तैयार हैं। ये परियोजनाएं क्षेत्र के लोगों को व्यापक विकास के जरिये 'आत्मनिर्भर' बनाएंगी जिससे उनके रोजगार या स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। श्री वैष्णव ने बताया कि ये परियोजनाएं लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि परियोजना खंड सांची, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, भीमबेटका की शैलाश्रय, हजारा जलप्रपात और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान जैसे प्रमुख स्थलों को भी रेल संपर्क प्रदान करता है, जो देश भर से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

## बिजली विभाग के वर्कशॉप में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** धनबाद थाना के पीछे हीरापुर बिजली सब डिवीजन कार्यालय परिसर में जीएम आवास से सटे एरिया बोर्ड के ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप में सोमवार की रात करीब नौ बजे आग लग गयी। आग लगते ही वर्कशॉप से धुआं निकलने लगा। लोगों की नजर पड़ी तो बिजली विभाग के अधिकारियों व धनबाद थाना को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर कुछ मिनट के अंदर ही फायर बिग्रेड की टीम तीन दमकल के साथ पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लगभग ढाई घंटे बाद आग पर काबू पाया ज सका। अगलगी की वजह स्पष्ट नहीं है। सोमवार की शाम पांच बजे कर्मचारी काम समाप्त कर घर चले गये थे। वहां सुरक्षा में कुछ गार्ड तैनात थे। रात लगभग नौ बजे टीआरडब्ल्यू के अंदर से अचानक आग की लपटें उठने लगी। गार्ड व आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग भयावह रूप ले चुकी थी। उसके बाद देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गयीं। आसपास रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गयी।

## झूठी शान की खातिर पिता ने ही की थी नाबालिग बेटी और उसके बच्चे की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गढ़वा।** जिले में हॉरर किलिंग यानी झूठी शान की खातिर हत्या के एक मामले का खुलासा हुआ है, जहां एक शख्स ने अपनी नाबालिग बेटी और उसके एक दिन के नवजात शिशु की हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना मेराल थाना क्षेत्र के ओरैया गांव में हुई। मृतका की पहचान राधिका कुमारी (17) और उसके एक दिन के बच्चे के रूप में हुई है। मेराल पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी विष्णुकांत ने कहा, 'यह झूठी शान के लिए हत्या का मामला है। आरोपी पिता की पहचान अनिल चौधरी (45) के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने अपना अपराध भी कबूल कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि 5 अक्टूबर को मृतका का पति पुलिस के पास पहुंचा और बताया कि उसकी नाबालिग पत्नी और बच्चे समेत लापता है। पुलिस अधिकारी ने आगे कहा, 'शिकायत मिलने पर हमने उनकी तलाश शुरू की और पूछताछ के लिए उसके पिता को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उनकी बेटी राधिका का पलामू जिले के एक शख्स के साथ प्रेम संबंध था। बाद में वह घर से भाग गई और अपने पिता की मर्जी के खिलाफ उस व्यक्ति से शादी कर ली। अधिकारी ने बताया कि करीब चार-पांच महीने पहले मृतका के पति को बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत जेल भेज दिया गया था लेकिन बाद में उसे रिहा कर दिया गया। दो अक्टूबर को पीड़िता ने गढ़वा के सदर अस्पताल में अपने बच्चे को जन्म दिया और बाद में दोनों लापता हो गए, जिसकी सूचना 5 अक्टूबर को हमें मिली। पुलिस अधिकारी ने बताया, हमें सोमवार को मृतका के पति से इस संबंध में शिकायत मिली थी, जिसमें उसने युवती के पिता पर ही दोनों की हत्या करने का शक जताया था। जिसके बाद इसी शिकायत के आधार पर हमने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बयान दिया कि उसने दोनों की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उन्हें गांव में एक सुनसान जगह पर दफना दिया था। पूछताछ के दौरान आरोपी से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने सोमवार देर शाम उसकी निशानदेही पर दोनों के शव भी बरामद कर लिए। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मेराल पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई हैऔर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### फायरिंग मामले में आरोपित गिरफ्तार

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने 5 अक्टूबर को जिला बदर अपराधी उमेश कुमार पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय के घर हुई फायरिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दीपक कुमार चौधरी उर्फ टेका चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया 7.65 एमएम का देशी पिस्तौल भी बरामद किया है। एसएसपी पीयूष पांडे ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टेका चौधरी का भी आपराधिक इतिहास रहा है और वह कई मामलों में जेल जा चुका है।

### सात लाख का टोकन चुराकर दो मजदूर फरार, प्राथमिकी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** तुपुदाना इंटडस्ट्रीयल एरिया में राजेश केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के 6.80 लाख रुपए के टोकन चोरी होने पर कंपनी के जीएम अंजनी मिश्रा ने मजदूर मो भोला और साकिर पर तुपुदाना ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि कंपनी वॉल पुट्टी बनाती है। इसके बैग में पेंटर स्कीम के लिए टोकन डाले जाते हैं। उनकी कंपनी के कॉन्ट्रैक्टर नसरूल हक के मजदूरों ने डेढ़ माह में 1750 टोकन चुरा लिए। पता चलने पर उन्होंने केस किया।

### दो दुकानों से लाखों की चोरी

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सतगांवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बासोडीह बस स्टैंड के पास सोमवार रात अज्ञात चोरों ने दो दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

## जेलों में रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में माडर्न जेल मैनुअल लागू करने और जेलों में रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही को लेकर हाईकोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई की। यह मामला हाईकोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका और रिक्त पदों पर नियुक्ति से संबंधित याचिका से जुड़ा है। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने सरकार से पूछा कि जेल विभाग में खाली पदों पर बहाली के लिए अब तक क्या किया गया है। सरकार द्वारा कोर्ट को बताया गया कि कई पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने कई पदों के लिए विज्ञापन भी जारी कर दिए हैं। कुछ अन्य पदों के लिए अधियाचना भेजने की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही सभी रिक्त पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। वहीं, जेएसएससी ने कोर्ट को बताया गया कि असिस्टेंट जेलर के पदों पर नियमित एवं बैकलॉग नियुक्तियों के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। वार्डन के पदों पर बहाली प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। आयोग ने आश्वस्त किया कि सभी पदों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएगी। अदालत ने सरकार और आयोग जवाब पर संतोष जताया। मामले में अगली सुनवाई 12 दिसंबर को होगी। बता दें कि हाईकोर्ट ने झारखंड की जेलों में माडर्न जेल मैनुअल के क्रियान्वयन, सुरक्षा व्यवस्था के आधुनिकीकरण और कर्मचारियों की कमी को दूर करने को लेकर स्वतः संज्ञान लिया था। अदालत ने राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि जेलों में आवश्यक मानव संसाधन और सुविधाओं की उपलब्धता शीघ्र सुनिश्चित की जाए ताकि सुधारात्मक न्याय प्रणाली प्रभावी रूप से लागू हो सके।

## टाटानगर आसनसोल मेमू 11 अक्टूबर को रद्द रहेगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आद्रा डिवीजन में विकास कार्यों के कारण टाटानगर से चलने वाली कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 68056 टाटा-आसनसोल मेमू 11 अक्टूबर को रद्द रहेगी। यही ट्रेन 7 अक्टूबर को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 68055 आसनसोल-टाटा मेमू भी आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। टाटानगर होकर चलने वाली 18109/18110 झाड़ग्राम-धनबाद एक्सप्रेस 7 व 10 अक्टूबर को बोकारो स्टील सिटी में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 18601 टाटा-हटिया मेमू 8 अक्टूबर को चांडिल से पुरुलिया के बदले गंडा बिहार होकर मुरी जाएगी। वहीं 68088 धनबाद-बांकूडा मेमू पैसेंजर 10, 11 एवं 12 अक्टूबर को दो घंटे लेट खुलेगी।

## युवक की चाकू मारकर हत्या

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कामडारा थाना क्षेत्र के मुरुमकेला गांव में 34 वर्षीय तेलसफोर केरकेट्टा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। अज्ञात अपराधियों ने खेत की ओर जा रहे तेलसफोर की गर्दन पर वार किया। तेलसफोर ठेंगा टोली मुरुमकेला निवासी स्व. फ्रांसिस केरकेट्टा के पुत्र थे। घटना की सूचना मिलते ही कामडारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मंगलवार को शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर जानकारी जुटाई है और हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डॉक्टर व इंजीनियर बनेंगे एसटी छात्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के 300 एसटी छात्र-छात्राओं को हर साल डॉक्टर और इंजीनियर बनाने की दिशा में कल्याण विभाग ने कदम बढ़ा दिया है। विभाग ने मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने के लिए कोटा की कोचिंग संस्था मोशन का सेलेक्शन कर लिया है। यह संस्था हिंदपीढ़ी में मौजूद कल्याण विभाग के तीन भवनों में 300 छात्र-छात्राओं को रेजिडेंशियल कोचिंग देगी। अब यह तय करना है कि पूरे राज्य से कैसे 300 मेधावी एसटी छात्र-छात्राओं का चयन किया जाए। इसको लेकर कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी के साथ लंबी मीटिंग की है। कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी ने बताया कि स्टूडेंट्स की चयन प्रक्रिया तय करने के लिए विभागीय मंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई है। लगातार मंथन का दौर चल रहा है। कई सुझाव आए हैं। कोशिश है कि दीपावली के पहले इस प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि टेंडर के जरिए राजस्थान के कोटा के प्रसिद्ध मोशन संस्थान का चयन हुआ है। लिहाजा, आने वाले कुछ समय के भीतर हिंदपीढ़ी स्थित तीन भवनों में रेजिडेंशियल कोचिंग शुरू कर दी जाएगी। एक आकलन के मुताबिक 300 स्टूडेंट्स को मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कराने के बदले कल्याण विभाग को हर साल करीब 3 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। इस हिसाब से एक स्टूडेंट पर सरकार तकरीबन 1 लाख रुपशे प्रतिवर्ष सिर्फ कोचिंग मद में खर्च करेगी। इसके अलावा रेजिडेंशियल कैंपस में भोजन से लेकर तमाम सुविधाएं निशुल्क मुहैया कराई जाएगी। राजस्थान के कोटा स्थित राजीव गांधी नगर में इस संस्था का कॉर्पोरेट सेंटर है। कोटा में इस संस्थान के कई रेसिडेंशियल सेंटर्स हैं जहां मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कराई जाती है। इसके देश के तमाम बड़े शहरों में 80 स्टडी सेंटर हैं।

## कार्य में शिथिलता बरतने पर भू-अर्जन कार्यालय के लिपिकों का वेतन स्थगित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को एनएच 75, फोरलेन पथ निर्माण, आरओआर, आरओबी व सरकार के सड़क निर्माण परियोजनाओं की प्रगति से संबंधित बैठक हुई। एनआईसी स्थित सभागार से आयोजित वर्चुअल बैठक में उपायुक्त ने एनएचएआई के विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण व मुआवजा भुगतान की समीक्षा की। पिछले तीन माह में अपेक्षित प्रगति नहीं होने व कार्य में शिथिलता बरतने को लेकर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को डीसी ने कार्य में प्रगति लाने की चेतावनी दी। इसी क्रम में उपायुक्त ने भू-अर्जन कार्यालय के लिपिकों का अक्टूबर माह का वेतन स्थगित रखने के निर्देश दिये। उन्होंने जिन-जिन अंचलों में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, उन प्रखंडों में अवार्डी की संख्या, निर्गत एलपीसी समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की। भोगु से शंखा तक सेक्शन 111 के भू-अर्जन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि सदर अंचल अंतर्गत 60 से अधिक, नावा बाज़ार में 100 से अधिक, विश्रामपुर में 20 से अधिक एलपीसी पेंडिंग हैं। इसी तरह उन्होंने अन्य अंचलों में लंबित पड़े एलपीसी की जानकारी ली। वहीं विभिन्न अंचलों के कई अवॉर्डियों के बीच 60 करोड़ से अधिक मुआवजा दिया जाना है। उन्होंने संबंधित सीओ व भू-अर्जन पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान डीसी ने एलए कोर्ट योग्य के मामलों को भी नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही।बैठक में डीसी ने सभी से कहा कि इस परियोजना का उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार मोनिटरिंग की जाती है। ऐसे में सभी सीओ इस परियोजना में अपना शत-प्रतिशत योगदान दें ताकि सभी अवॉर्डी को समय पर मुआवजा का भुगतान किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी अंचलाधिकारी स्तर से कार्य प्रभावित होने की स्थिति में निर्माण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी सीओ को रैयतों से वार्ता कर सभी तरह के कार्यों को ससमय निष्पादित करने की बात कही। इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विजय केरकेट्टा, हुसैनाबाद के भूमि सुधार उप समाहर्ता समेत संबंधित सीओ मौजूद थे।


अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए

प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

# विधायक प्रतिनिधि मनोहर लाली ने नगर आयुक्त से की मुलाकात, समस्याओं के निराकरण पर की चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया के विधायक प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत होने के उपरांत मनोहर कुमार लाली ने उप विकास आयुक्त सह नगर आयुक्त जावेद हुसैन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने हुसैन को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही विधायक आलोक चौरसिया द्वारा अपने मनोनीत संबंधित पत्र सौंपा।

मुलाकात के दौरान नगर निगम क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं व उनके समाधान को लेकर विस्तृत सकारात्मक चर्चा हुई। लाली ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से नगर आयुक्त को अवगत कराया। साथ ही उनके जल्द से जल्द निवारण के लिए सहयोगात्मक कदम उठाने पर जोर दिया। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने भी समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में भीष्म चौरसिया, अमरेश चौरसिया, संदीप दास, राजन सिंह, प्रियरंजन पाठक, विवेक चौबे, शुभम प्रसाद, रंजीत चंद्रवंशी, मनीष बर्मन व विशाल कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। सभी ने इस सकारात्मक शिष्टाचार मुलाकात की सराहना की। उम्मीद जताई गई कि इस पहल से नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी आएगी।




# डाक विभाग द्वारा बरही अनुमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** मंत्रालय डाक विभाग द्वारा मंगलवार को उरवां स्थित सिल्वर लाइक भीव रेस्ट हाउस तिलैया डैम में बरही अनुमंडल स्तरीय डाक समीक्षा बैठक, पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता डाक निरीक्षक विक्रम कुमार ने किया। बैठक मुख्य अतिथि डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि सहायक डाक विश्वजीत राम, शिकायत निरीक्षक समीर मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पौधा दे कर स्वागत किया गया।इस बैठक सह सम्मान समारोह में बरही, बरकट्ठा, चौपारण, तिलैया डैम के अंतर्गत डाकघर के डाकपाल,सहायक डाकपाल, शाखा डाकपाल, सहायक शाखा डाकपाल उपस्थीत रह। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आशुतोष कुमार सिन्हा ने बताया कि आगामी - 11अक्टूबर पुरे भारत वर्ष में भारत सरकार, संचार मंत्रालय डाक विभाग के द्वारा डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा को लेकर डाक महा मेला का आयोजन किया जा रहा है इसमें अधीक से अधीक संख्या में लोगों की डाकघर में डाक जीवन बीमा,ग्रामीण डाक जीवन बीमा करने के लिए प्रेरीत करे एवं बीमा कराएं और अपने तथा परिवार का जीवन सुरक्षित करें। वहीं बेहतर काम करने वाले 29 डाक कमीर्यों को प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार श्याम सुंदर यादव चेचकपी,द्वितीय पुरस्कार रवि कुमार बरही, तृतीय पुरस्कार दिपतेस आनन्द डाउपाल बरही को दिया गया। इस बैठक में अनुमंडल पीए अजीत रंजन, मेल ओवरसीयर रंजन कुमार गुप्ता, शत्रुजन कुमार, सूरज कुमार, छोटी मेहता, सविता यादव, रूपा कुमारी, अब्बास अंसारी सहित कई डाककर्मी उपस्थीत रहे।



# पलामू व गढ़वा जिले के नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्षों को वरिष्ठ नेता हृदयानंद मिश्रा ने दिया निर्देशन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**■ झारखंड हिंदू न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्रा ने दोनों जिला अध्यक्षों को मिठाई खिलाकर दी बधाई**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विमला कुमारी व गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ई. औबेदुल्लाह हक अंसारी मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सह झारखंड हिन्दू न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्रा के आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने हृदयानंद मिश्रा से शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इसके पहले हृदयानंद मिश्रा ने दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों का गर्मजोशी से स्वागत किया।मिठाई खिलाकर दोनों को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई के साथ ही शुभकामनाएं दीं। मिश्रा ने दोनों जिला अध्यक्षों के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए अपना आशीर्वचन प्रदान किया।

मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसकी जमीनी एकजुटता व कार्यकताओं की निष्ठा है। कांग्रेस सिर्फ सत्ता का माध्यम नहीं, यह देश की चेतना का प्रतीक है। दोनों जिला अध्यक्षों के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलेगी। आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में कांग्रेस अपने गौरव को पुनः स्थापित करेगी। उन्होंने दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों को संगठन संचालन के गुर सिखाते हुए कहा कि जनता के बीच सक्रिय संवाद व सेवा भावना ही कांग्रेस की पहचान है। उनके प्रेरक शब्दों ने उपस्थित सभी कार्यकताओं में उत्साह का संचार किया।

मिश्रा ने उम्मीद जताई कि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विमला कुमारी व गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ई. औबेदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में दोनों जिलों में कांग्रेस संगठन को नई मजबूती मिलेगी व पार्टी की गतिविधियां तीव्र होंगी। मौके पर महिला कांग्रेस पलामू जिला अध्यक्ष रेखा सिंह ने कहा कि हृदयानंद मिश्र उनके राजनीतिक जीवन के प्रेरणास्रोत हैं। उनका मार्गदर्शन हर कांग्रेसी के लिए अमूल्य है। वे उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए एकजुट हैं। विमला कुमारी व ओबैदुल्लाह हक अंसारी दोनों ही समाज में सम्मानित चेहरे हैं। इनके नेतृत्व में कांग्रेस को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर पलामू व गढ़वा जिले के कई प्रमुख कांग्रेस नेताओं में उदय नारायण तिवारी, मिथलेश, सुरेंद्र नाथ तिवारी, लल्लू सिंह, मो. मसरूर अहमद, सत्यानंद दुबे, दयाशंकर तिवारी उर्फ घुरा तिवारी, धनंजय तिवारी, सत्यानंद दुबे, मिथलेश सिंह, बबलू दुबे, समीर अख्तर, त्रिपुरारी सिंह व राजेश कुमार आदि शामिल थे। इस मुलाकात को संगठन की एकजुटता व मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# 470 करोड़ का आवंटन, 29 किलोमीटर दूर से पाइप के सहारे पानी छतरपुर लाने की योजना में लगे 8 वर्ष, नहीं पहुंचा पानी

**■ छतरपुर प्रखंड में हर घर जल देने की सरकारी योजना पिछले आठ वर्षों से पड़ी है अधूरी**

**■ एक हजार रुपए में एक टैंकर पानी खरीदकर छतरपुर शहरवासी चलाते हैं काम**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र में हर घर जल देने की सरकारी योजना पिछले आठ वर्षों से अधूरी पड़ी है। विभागीय अधिकारियों व मंत्री राधा कृष्ण किशोर के प्रयास के बावजूद योजना पर अभी तक ग्रहण लगा हुआ है।

2017 में तत्कालीन विधायक राधा कृष्ण किशोर व पलामू सांसद बीडी राम ने छतरपुर में पेयजल की घोर समस्या को देखते हुए हुसैनाबाद के दंगवार व एक अन्य जगह से पानी को छतरपुर लाने के लिए शिलान्यास किया था। सोन से पानी छतरपुर लाने के लिए यह प्रयास पूर्व विधायक सह मंत्री सुधा चौधरी ने शुरू किया था। उस समय कुछ भी काम नहीं हो पाया। बाद में उक्त योजना के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के कैबिनेट ने 470 करोड़ के आवंटन की थी। तब से महज 29 किलोमीटर दूर से पाइप के सहारे आने वाले पानी को 8 वर्ष से ज्यादा हो गए पर पानी नही पहुंच पाया।छतरपुर प्रखंड के गम्हरिया, सुशीगंज, खेन्द्रा, पिंदराही समेत कई पंचायत में बसने वाले लगभग 2 लाख की आबादी इसके शुरू होने से लाभांवित होती। परंतु आज तक पिछले 8 वर्ष में पानी का एक बूंद भी यहां नहीं आ पाया । पाइपलाइन बिछ जाने व पानी के टंकी से जुड़ जाने के बावजूद इसके किसी को कोई फायदा नहीं मिला। छह माह पूर्व क्षेत्रीय विधायक सह मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने तत्कालीन उपायुक्त शशि रंजन व विभागीय सचिव के साथ जपला के दंगवार में निरीक्षण किया था। निरीक्षण उपरांत उनके द्वारा अभिकर्ता को कड़ी फटकार लगाई गई थी । परंतु अब तक अभिकर्ता के द्वारा किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया।गौरतलब हो कि छतरपुर में पेयजल की भारी समस्या होने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। छतरपुर के कई इलाके ड्राई जोन क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। छतरपुर को गजलक्ष्मी बारा, सोनार मोहल्ला, बस स्टैंड व बाजार जैसे क्षेत्रों में तो गर्मी के दिनों में एक हजार रुपए में एक टैंकर पानी खरीदकर घर का काम चलाते हैं।



# विधानसभा चुनाव 2025 : मतदान कर्मियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर मंगलवार को मतदान कर्मियों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण छह चिन्हित केंद्रों के कुल 110 कक्षों में संपन्न हुआ, जिसमें 3300 प्रथम पदाधिकारी और 3300 तृतीय मतदान पदाधिकारियों ने भाग लिया और मतदान प्रक्रिया का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत सभी पीठासीन पदाधिकारियों को मॉक पोल के माध्यम से 'हैंड्स ऑन' प्रशिक्षण भी दिया गया, ताकि वे वास्तविक मतदान के दौरान कुशलता से अपने दायित्व निभा सकें। जिला में प्रशिक्षण के लिए कुल 301 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए, जिन्होंने अपने मार्गदर्शन में कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के अंत में सभी कर्मियों से फीडबैक प्राप्त किया गया और उन्हें मतदान के लिए आवश्यक फॉर्म 12 भी वितरित किया गया। पूर्णिया जिले में कुल 23,246 मतदान कर्मियों को प्रथम चरण में प्रशिक्षित किया जाना है। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम छह केंद्रों में दो पालियों में 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय का कहना है कि कुशल और प्रशिक्षित मतदान कर्मियों की उपलब्धता चुनाव की निष्पक्षता और सुचारु संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



# जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से नाराज पांडू के ठेकही में ग्रामीणों ने खुद चंदा जुटाकर सड़क मरम्मती का शुरू किया कार्य

**सड़क की बदहाली से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**■ ग्रामीणों ने बैठक कर जुटाए पैसै, ट्रैक्टर व जेसीबी से शुरू हुआ सड़क मरम्मती का कार्य**

**मेदिनीनगर(पलामू)।** प्रखंड के सिलदीली पंचायत के ठेकही टोला में ग्रामीणों ने आपसी सहयोग व चंदा जुटाकर सड़क मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। पांडु से कुलिया मुख्य पथ के शिव मंदिर से स्कूल होते हुए सुदामा पाल के घर तक सड़क वर्षों से बदहाल व गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। वहीं हाल ही में सड़क की खराब स्थिति के कारण दो गंभीर हादसे हुए हैं।

इसमें गांव के बैद्यनाथ मेहता की 55 वर्षीय पत्नी सड़क पर फिसलकर गिर गई थी। इससे उनका पैर टूट गया। वहीं आंगनबाड़ी सेविका नीरा देवी भी इसी रास्ते पर गिरकर घायल हो गईं हैं। इन घटनाओं से ग्रामीण काफी सोच -विचारकर खूद से सड़क मरम्मत करने का निर्णय लिया। इसे लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को ठेकही शिव मंदिर प्रांगण में बैठक बुलाकर जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी जताई। सामूहिक रूप से सड़क मरम्मत का निर्णय लिया। मालूम हो कि इस सड़क का निर्माण 1992झ93 में मिट्टी-मोरम से हुआ था। तब से अब तक न तो कोई मरम्मती हुई और न ही पुनर्निर्माण। झारखंड राज्य गठन के बाद यहां एक नया मतदान केंद्र भी बनाया गया। दो बार विधायक रहे चंद्रवंशी ने बाकी नदी पर पुल व पांडु- कुलिया मुख्य सड़क जैसे विकास कार्य कराए। लेकिन ठेकही की सड़क उपेक्षित रही।वही वर्तमान सांसद का तीसरा कार्यकाल चल रहा है। फिर भी सड़क निर्माण नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने अब तक सांसद का चेहरा तक नहीं देखा है। ग्रामीणों के अनुसार 2024 के विधानसभा चुनाव में कुछ ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक नरेश सिंह को समर्थन दिया क्योंकि उन्होंने चुनाव से दो वर्ष पूर्व सड़क के गड्ढे भरवाए थे। चुनाव जीतने के बाद विधायक नरेश प्रसाद सिंह ठेकही गांव पहुंचे थे।

उस समय ग्रामीणों ने प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण व सिलदीली पंचायत भवन के सामने बाकी नदी पर पुल निर्माण की मांग रखी थी। यहां के अधिकतर लोग खेती व सब्जी उत्पादन पर निर्भर हैं।इनके पास के कजरुकला बाजार तक पुल न होने के कारण उन्हें 3 किलोमीटर की जगह कई किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है। वही जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से निराश ग्रामीणों ने खुद से सड़क बनाने की कमान संभाली। इस कार्य में ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत की मुखिया रीता देवी ने 35 हजार रुपये नगद सहयोग कर ग्रामीणों का हौसला बढ़ाया। मरम्मती कार्य में ग्रामीणों ने दस ट्रैक्टर व एक जेसीबी मशीन लगवाई है। इस कार्य में लव कुमार विश्वकर्मा, बालमुकुंद पासवान, उपेंद्र पाल, सतेंद्र बारी, राजू पाल, रामप्यारे चंद्रवंशी, राजा मेहता, बालकेश चंद्रवंशी, हलखोरी बारी, भुनेश्वर सिंह, सजीवन मेहता, जीतेन्द्र मेहता, राजेश साव, निरंजन विश्वकर्मा, देव कुमार विश्वकर्मा, राकेश पाल, धनेश पाल सहित कई ग्रामीण शामिल है।

# संत मरियम स्कूल के विद्यार्थी नेशनल गतका चैम्पियनशिप में करेंगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** संत मरियम स्कूल के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थी अतुल सिंह व पुष्कर कुमार दिल्ली में आयोजित 9वें नेशनल गतका चैम्पियनशिप 2025 में भाग लेंगे।

प्रतियोगिता श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित होगा। कार्यक्रम का आयोजन 10, 11 व 12 अक्टूबर 2025 को श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, नॉर्थ कैंपस, दिल्ली में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह 10 अक्टूबर को सुबह 10 बजे होगा। प्रतियोगिता में सब-जूनियर व जूनियर वर्ग बालक व बालिका श्रेणियों में मुकाबले होगा।आयोजन गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जा रहा है। इसकी मेजबानी दिल्ली गतका एसोसिएशन कर रही है। कार्यक्रम का सहयोगी संगठन दिल्ली के श्री सिंघ गुरुद्वारा प्रबंधन समिति है। संत मरियम स्कूल के प्राचार्य कुमार आदर्श ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि हमारे विद्यार्थी लगातार खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें गर्व है कि वे पारंपरिक भारतीय युद्धकला गतका में राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। सभी खिलाड़ी स्कूल के शारीरिक प्रशिक्षक सुमित बर्मन के नेतृत्व में दिल्ली के लिए रवाना हुए।




# एनएसएपी योजना के तहत पेंशन लाभार्थियों का निराकरण शिविर आयोजित

**विष्णुगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चेड्रा पंचायत भवन में केंद्र सरकार की राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) के अंतर्गत विधवा, वृद्धा, विकलांग एवं पारिवारिक लाभ योजना से संबंधित एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में मुखिया श्री निर्मल कुमार, वीआरपी देववंती कुमारी एवं लक्ष्मी कुमारी की सक्रिय भूमिका रही। शिविर के दौरान उन लाभार्थियों के पेंशन मामलों का निराकरण किया गया जिनकी पेंशन किसी कारणवश रुकी हुई थी। साथ ही जिन लाभार्थियों का निधन हो चुका है, उनके खातों को चिन्हित कर आगे की कार्यवाही हेतु सूचीबद्ध किया गया।

# पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने मनाया भगत सिंह जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** बरही विधानसभा के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमाशंकर अकेला यादव के चौपारण स्थित आवास प्रांगण में अमर शहीद भगत सिंह की जयंती बड़े ही श्रद्धा, जोश और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरा माहौल देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा। इसी दिन पूर्व विधायक के पौत्र कुमार भगत सिंह का जन्मोत्सव भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिससे कार्यक्रम में 'दोहरी खुशी' का माहौल देखने को मिला।

सुबह से ही चौपारण, बरही, पदमा, चंदवारा और हजारीबाग से बड़ी संख्या में लोग इस समारोह में शामिल होने पहुंचे। पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला स्वयं द्वार पर खड़े होकर अतिथियों का स्वागत करते नजर आए। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान एवं शहीद भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से हुई। पूर्व विधायक के पौत्र कुमार भगत सिंह ने अपने दादा के साथ मिलकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इसके पश्चात केक काटा गया।



अपने संबोधन में पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा—'अमर शहीद भगत सिंह हमारे देश की आजादी के सबसे महान क्रांतिकारियों में से एक थे। उन्होंने अपने बलिदान से पूरे देश को देशभक्ति, साहस और आत्मबल का संदेश दिया। आज की पीढ़ी को उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।'

उन्होंने आगे कहा कि—'आज मेरे लिए गर्व का विषय है कि मेरे पौत्र का नाम देश के महान क्रांतिकारी भगत सिंह के नाम पर रखा गया है। मैं यही कामना करता हूँ कि यह बालक भी आगे चलकर समाज और देश की सेवा में समर्पित रहे।' कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों की गूंज और 'इंकलाब ज़िंदाबाद, शहीदों को सलाम, भारत माता की जय' के नारों से वातावरण गूंज उठा। उपस्थित जनों को भोजन कराया गया तथा मिठाई वितरण किया गया। इस मौके पर सिमरिया पूर्व विधायक योगेन्द्र बैठा, जिप सदस्य रविशंकर अकेला, बीस सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व उपप्रमुख प्रीति गुप्ता, मुखिया उषा देवी, गुलाबी यादव, कांग्रेस एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष रेवाली पासवान, महेश केशरी, मंटु यादव, भाजपा नेता अम्बिका सिंह, पदमा 20 सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ हुआ।

# चौथी बार उपचुनाव में वोट करेगी घाटशिला की जनता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्वी सिहभूम।** झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री दिवंगत रामदास सोरेन के निधन के बाद खाली हुई घाटशिला विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उप चुनाव कराया जाना है। घाटशिला विधानसभा के मतदाता इस बार के मतदान को मिलाकर तीसरी बार उपचुनाव में वोट डालेंगे। अब तक इस विधानसभा के मतदाता एक बार विधानसभा उपचुनाव एवं एक बार सांसद उपचुनाव में वोट डाल चुके हैं। घाटशिला में वर्ष 1991 में आजसू के विधायक सूर्य सिह बेसरा के इस्तीफा देने के बाद हुए उपचुनाव हुआ, जिसमें सीपीआई के टीकाराम माझी पुनः बने। 4 मार्च 2007 को पूर्वी सिहभूम जिले के घाटशिला के पास संदिग्ध माओवादी विद्रोहियों द्वारा अपने पति और मौजूदा सांसद सुनील कुमार महतो की हत्या के बाद वह उपचुनाव में सुमन महतो सांसद बनीं। वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री बनने के बाद अर्जुन मुंडा के सांसद पद से इस्तीफा देने के बाद हुए उपचुनाव में डॉक्टर अजय कुमार सांसद बने। अब 11 नवंबर को फिर से तीसरी बार उपचुनाव में मतदान होगा जबकि विधानसभा के लिए कुल मिलाकर 19 वीं बार मतदान होगा। घाटशिला विधानसभा सीट में कुल 2,55,823 मतदाता हैं। एसटी रिजर्व इस सीट पर आदिवासी मतदाता लगभग 49 प्रतिशत हैं। आदिवासी मतदाताओं में 90 प्रतिशत मतदाता संथाल हैं। जबकि शेष भूमिज, मुंडा, हो, माहली और आदिम जनजाति के आदिवासी वोटर हैं। जबकि 6 प्रतिशत वोटर अल्पसंख्यक हैं। अल्पसंख्यक वोटरों में सबसे ज्यादा 90 प्रतिशत मुस्लिम हैं। एससी वोटर भी लगभग 5 प्रतिशत हैं। शेष 40 प्रतिशत वोटर ओबीसी और सामान्य वर्ग के हैं। इस विधानसभा सीट पर हमेशा आदिवासी वोटर ही जीत हार का कारण बनते हैं। इस सीट पर कांग्रेस से लगातार तीन बार विधायक रह चुके डॉ प्रदीप बालमुचू का भी व्यक्तिगत वोट झामुमो और बीजेपी के लिए जीत हार तय करता है। वर्ष 2009 में रामदास सोरेन ने चुनाव हारने के बाद भी वर्ष 2014 और 2019 का विधानसभा चुनाव लड़े परंतु हार गये। इनका व्यक्तिगत वोट लगभग 38 हजार माना जाता है। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में इस सीट कांग्रेस का झामुमो से पहली दफा ईमानदारी पूर्वक गठबंधन रहने के कारण झामुमो के प्रत्याशी दिवंगत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को 98 हजार मत मिला था। जो अब तक का सबसे अधिक मत था लेकिन इस बार समीकरण कुछ और ही है। झामुमो से संभावित उम्मीदवार दिवंगत शिक्षा मंत्री के पुत्र सोमेश सोरेन ही होंगे जबकि भाजपा में कई नाम लिस्ट में हैं। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन सबसे ऊपर पायदान पर हैं। बाबूलाल पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव में भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें रामदास सोरेन ने 22 हजार मतों से पराजित कर दिया था। इस बार उसके पिता चंपाई सोरेन मैदान में आगे आगे हैं और उसके पुत्र पीछे। एक महीने पहले से ही वे विधानसभा में सक्रिय हैं। चंपाई की सक्रियता से झामुमो खेमे में बेचैनी बढ़ गई है। झामुमो को भी भीतरघात होने का डर सता रहा है क्योंकि कई झामुमो कार्यकता और पदाधिकारी पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के गुण गाते दिख रहे हैं। पिछले चुनाव में भी इसका असर देखने को मिला था। कई झामुमो नेताओं को पार्टी से निष्कासित करना पड़ा। झारखंड के घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव की भी घोषणा चुनाव आयोग ने सोमवार को कर दी है। इस बात के कयास पहले से ही लगाए जा रहे थे कि घाटशिला विधानसभा का उपचुनाव बिहार विधानसभा चुनाव के साथ ही कराए जा सकते हैं। घाटशिला में 11 नवंबर को मतदान होना है, जबकि मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी। यानी झारखंड स्थापना दिवस के एक दिन पूर्व यह तय होगा की इस बार के राज्य स्थापना दिवस पर कौन सी पार्टी जश्न मनाएगी और कौन हार का मुंह देखेगा। यह उप चुनाव घाटशिला से तीन बार के झामुमो विधायक और दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन के कारण हो रहे है तो जाहिर है कि झामुमो अपनी सीट पर कब्जा बरकरार रखना चाहेगा। झामुमो हर हाल में जीत दर्ज करना चाहेगा। इसी तरह भाजपा के पास यह मौका है जब वह घाटशिला की सीट पर जीत दर्ज कर हेमंत सरकार के इस एक साल के कार्यकाल पर सवाल खड़े कर सके। जाहिर है कि उप चुनाव को लेकर दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल झामुमो और भाजपा पूरी तरह से जोर आजमाइश करेंगे।

# चोरी की बाइक से छिनतई करने वाले स्नैचर्स गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची की पुलिस ने राजधानी में चोरी के बाइक से महिलाओं से छिनतई करने वाले गिरोह के दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से गलाया हुआ सोना भी बरामद किया गया है। जगगनाथपुर इलाके से हुई गिरफ्तारी रांची में चेन स्नैचर्स भीड़भाड़ वाले इलाके से बाइक चोरी कर उसी बाइक से छिनतई की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। सिटी एसपी पारस राणा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर इस मामले में दो अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि बाइक की चोरी कर छिनतई की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर अपराधियों मतिउल्ला खान और अरशद हैदरी को गिरफ्तार किया गया है। हाल के दिनों में जगगनाथपुर थाना क्षेत्र में मतिउल्ला खान ने एक महिला से सोने की चेन की छिनतई की थी। जांच में यह बात सामने आई की जिस बाइक का प्रयोग स्नैचिंग में किया गया था उसे रांची के अरगोड़ा इलाके से चोरी किया गया था। जांच के क्रम में और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मतिउल्ला की पहचान हुई थी, जिसके बाद उसे दबोचा गया।

**सोना पिघलाने वाला भी गिरफ्तार**

मतिउल्ला ने गिरफ्तारी के बाद यह स्वीकार किया है कि वह चोरी की गई बाइक से ही शहर के विभिन्न इलाकों में चैन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। मतिउल्ला ने पुलिस के सामने यह स्वीकार किया की वह जो सोने की चेन छिनतई करता था उसे अरसद नाम का व्यक्ति पिघलाने का काम करता था। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पिघला हुआ सोना भी बरामद किया है। गिरफ्तार अरशद हैदरी सोने की दुकान में कारीगर के रूप में काम करता था और चोरी के गहनों को पिघलाने का काम वही करता था। पुलिस के अनुसार, मतिउल्ला खान का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और वह अब तक 17 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरसन**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ईएमयू/हावड़ा, पूर्व रेलवे, पहली मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा द्वारा पूर्व प्रकाशित **निविदा सं. ईएलएस-एचडब्ल्यूएच-10-548-ईएमयू (ओपन टेंडर), दिनांक 06.10.2025**, जिसे दिनांक 17.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे बंद किया जाना निर्धारित है, एतद्द्वारा तकनीकी कारणवश **निरस्त** कर दी गई है। (HWH-329/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# एक माह से जमीन की रजिस्ट्री बाधित,लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित निबंधन कार्यालय में तकनीकी खराबी के कारण बीते एक माह से जमीन की रजिस्ट्री बाधित है।दुर्गा पूजा के बाद सोमवार एवं मंगलवार को जमीन की रजिस्ट्री करवाने आए अकबरपुर, गोविंदपुर, सीतामढ़ी व नरहट के दर्जनों लोगों ने बताया कि वे जमीन की रजिस्ट्री करवाने निबंधन कार्यालय आए थे। किंतु कर्मियों द्वारा बताया गया कि तकनीकी खराबी के कारण जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो रही है।वहीं रजौली के रामबली प्रसाद एवं सिरदला के मुकेश यादव ने बताया कि वे 19 सितंबर से जमीन रजिस्ट्री को लेकर परेशान हैं, किंतु अबतक उनका काम नहीं हो पाया है।इस प्रकार जमीन रजिस्ट्री करवाने आए दर्जनों लोग बिना रजिस्ट्री करवाए घर को वापस लौटते दिखाई दिए।समाजसेवी जयपाल यादव ने बताया कि रजिस्ट्री बाधित होने से अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को परेशानी, तो हो ही रही है।इसके अलावे सरकार को भी राजस्व भी अधर में लटका हुआ है।जब भी लोग कार्यालय में जाते हैं,तो उन्हें सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस बाबत सब-रजिस्ट्रार हीरालाल ने बताया कि ओ-ग्रास काम नहीं कर रहा है, जिसके कारण रजिस्ट्री हेतु चालान का पैसा सरकार के खाते में नहीं जमा हो पा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि ओ-ग्रास को आरएमएस 2.0 से कनेक्ट किया जा रहा है।किंतु सॉफ्टवेयर डेवलपर कंपनी टीसीएस द्वारा तकनीकी खराबी को जल्द दूर करने की बात कही जा रही है। इस कारण कार्यालय आनेवाले लोगों को सटीक जानकारी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे ही सॉफ्टवेयर डेवलपर कंपनी टीसीएस द्वारा कोई अपडेट आती है, तो आमलोगों को इसकी जानकारी दी जाएगी।

# गढ़वा में लंपी वायरस का प्रकोप पशुपालन विभाग बेखबर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के कांडी, केतार और भवनाथपुर प्रखंड में इन दिनों मवेशियों में लंपी वायरस का प्रकोप फैल गया है। इस कारण पशुपालक परेशान हैं और दहशत में है। लंपी वायरस पशुओं में होने वाली खतरनाक बीमारी है। लंपी वायरस के कारण इलाके में अबतक आधा दर्जन पशुओं की मौत हो चुकी है जबकि कई मवेशी आक्रांत हैं। कांडी प्रखंड क्षेत्र की स्थिति भयावह है। यहां पशुपालकों ने अपने मवेशियों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। घरेलू उपाए कर पशुओं को स्वस्थ करने की कोशिश की जा रही है लेकिन यह कोशिश नाकाफी साबित हो रही है। इलाके के पशुपालकों ने कहा कि एक माह से पशुओं में फैली लंपी वायरस के चलते हमलोग परेशान हैं लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। यही हाल रहा है तो हमारे पशुधन नहीं बचेंगे और हमारे जीविकोपार्जन का जरिया छीन जाएगा। वहीं पशुपालन विभाग की लापरवाही के कारण लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जानकारी होने के बावजूद विभाग की ओर से उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस कारण इलाके में दर्जनों मवेशियों की मौत हो चुकी है। पशुपालकों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। वहीं इस मामले को लेकर डीसी ने कहा कि जिले के कई प्रखंड में पशुओं में लंपी वायरस संक्रमण की सूचना प्राप्त हुई है। इसे लेकर पशुपालन विभाग को निर्देश दिया गया है कि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पशुओं की जांच कर उन्हें उचित वैक्सीन और दवा दी जाए ताकि पशुपालकों के पशुओं को बचाया जा सके।

# बदल गया UPI का पेमेंट करने का तरीका अब फिंगरप्रिंट और चेहरा दिखाकर होगा पेमेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेशनल पेमेंट कोर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने मौजूदा पिन-बेस्ड सिस्टम की जगह पर यूपीआई पेमेंट्स के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन शुरू किया है। बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन डिवाइस पर ही किया जाएगा और इसका इस्तेमाल उस पिन के स्थान पर किया जा सकता है जो अप्रैल 2016 में लोकप्रिय डिजिटल भुगतान प्रणाली के लॉन्च होने के बाद से उपयोग में है। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने मंगलवार को वैश्विक फिनटेक शिखर सम्मेलन में इस नए टूल का अनावरण किया। बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन, पिन-बेस्ड यूपीआई ऑथेंटिकेशन का एक अधिक सहज, सुरक्षित और यूजर-फ्रेंडली विकल्प है और इसका इस्तेमाल यूपीआई का उपयोग करके एटीएम से कैश निकासी के अलावा पिन सेट करने या रीसेट करने के लिए भी किया जा सकता है।

**उच्चतम स्तर की सुरक्षा सुनिश्चित**

NPCI ने कहा कि यह सुविधा उन ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी जो इसे चुनना चाहेंगे, जिससे उन्हें अपने पसंदीदा ऑथेंटिकेशन माध्यम पर नियंत्रण मिलेगा। एनपीसीआई की विज्ञप्ति में कहा गया है, "जारीकर्ता बैंक द्वारा प्रत्येक लेनदेन को मजबूत क्रिप्टोग्राफिक चेकस का उपयोग करके स्वतंत्र रूप से वेरिफाई किया जाता है, जिससे अनुभव सरल और निर्बाध रहते हुए उच्चतम स्तर की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।" यूपीआई भुगतानों के लिए बायोमेट्रिक्स की शुरुआत से वरिष्ठ नागरिकों और पहली बार भुगतान करने वालों के लिए भी ऑनबोर्डिंग आसान हो सकती है। एनपीसीआई ने कहा, "अब तक यूपीआई के लिए पिन बनाने के लिए डेबिट कार्ड की डिटेल दर्ज करनी होती है या आधार ओटीपी वेरिफिकेशन से गुजरना पड़ता था। आधार-बेस्ड फेस ऑथेंटिकेशन के साथ कार्ड तक आसान पहुंच न रखने वालों के लिए ऑनबोर्डिंग तेज, सरल और अधिक समावेशी हो गई है।"

**रिजर्व बैंक की चिंता**

यूपीआई के लिए प्राइमरी फैक्टर ऑथेंटिकेशन एसएमएस के माध्यम से डिवाइस बाइंडिंग है, जबकि ग्राहक अपने मोबाइल उपकरणों पर यूपीआई के लिए नामांकन करते हैं और पिन दूसरे फैक्टर ऑथेंटिकेशन के रूप में कार्य करता है। हालांकि, वैकल्पिक पेमेंट ऑथेंटिकेशन की प्राथमिक पहल तीन साल से भी पहले शुरू हुई थी, लेकिन अब इसकी तात्कालिकता रिजर्व बैंक की चिंता से उपजी है, जो पिन से संबंधित धोखाधड़ी के कारण होने वाले कई यूपीआई घोटालों से जुड़ी है। केंद्रीय बैंक सभी वित्तीय संस्थानों को पिन और ओटीपी के बजाय विभिन्न दूसरे फैक्टर ऑथेंटिकेशन, जैसे व्यवहारिक जोखिम पैटर्न और बायोमेट्रिक्स को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। UPI देश में सबसे लोकप्रिय डिजिटल पेमेंट मैथड है, जो सभी ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के 85 प्रतिशत को नियंत्रित करती है। मोबाइल भुगतान प्लेटफ़ॉर्म हर महीने लगभग 20 अरब लेनदेन को सक्षम बनाता है, जिसकी नेटवरथ 25 ट्रिलियन रुपये से अधिक है।

**भारत में सबसे अधिक ट्रांजैक्शन**

इससे पहले शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश दुनिया भर में डिजिटल भुगतान प्रणाली में अग्रणी है और दुनिया के कुल वास्तविक समय के डिजिटल लेनदेन का आधा हिस्सा देश में होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया के आधे वास्तविक समय के डिजिटल लेनदेन अकेले हमारे देश में हो रहे हैं, जिसकी अपनाने की दर 87 प्रतिशत है, जबकि विश्व औसत 67 फीसदी है। हमने वित्तीय वर्ष 2025 में 261 ट्रिलियन रुपये मूल्य के 18,580 करोड़ से अधिक यूपीआई लेनदेन संसाधित किए।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. 22-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 06.10.2025 के लिए ई-निविदा आमंत्रण;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल - आयु सह दशा के आधार पर आईपीएस का प्रतिस्थापन"। **निविदा मूल्य:** रु. 6,50,31,030; **बयाना राशि:** रु. 4,75,200; **कार्य समापन अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 18 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.10.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **http://www.ireps.gov.in/**

(ASN-202/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# अवैध हथियार और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ (नालंदा)।** एसटीएफ पटना और नालंदा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार को अवैध हथियार और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई दीपनगर थाना पुलिस के नेतृत्व में मघड़ा गुफापर गांव में की गई। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, छापेमारी के दौरान शशिरंजन यादव उर्फ गुड्डू कुमार के घर से एक पिस्टल, दो मैगजीन, 99 जिंदा कारतूस और 1,33,400 नकद बरामद किए गए। मौके से गुड्डू कुमार के साथ हरनौत थाना क्षेत्र के नरचरवार गांव निवासी गुलशन कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। दीपनगर थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि गिरफ्तार गुलशन पहले भी अवैध हथियारों के मामले में पकड़ा जा चुका है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में गुड्डू ने स्वीकार किया है कि वह गुलशन के साथ मिलकर अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त का धंधा करता था। छापेमारी टीम में दीपनगर थानाध्यक्ष, स्थानीय पुलिस बल तथा एसटीएफ पटना की टीम शामिल थी।



# वरीय नागरिकों ने मनाई वाल्मीकि जयंती


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** मंगलवार को आश्विन मास शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर वरीय नागरिक संघ नवादा के कार्यालय प्रांगण में महर्षि वाल्मीकि की जयंती वरीय नागरिक देवकी सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। उपस्थित सभी वरीय नागरिकों ने भारतीय संस्कृति के महान चिंतक महर्षि वाल्मीकि को याद कर उन्हें नमन किया। उक्त अवसर पर वरीय नागरिक संघ के संयोजक डॉ.सुबोध कुमार ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए बताया कि महर्षि वाल्मीकि ने हिन्दू धर्म के सबसे पवित्र ग्रंथों में एक प्रसिद्ध महाकाव्य रामायण की रचना की। वाल्मीकि रामायण हिन्दू समाज के लिए एक आदर्श मार्गदर्शक है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/टीआरएस, इलेक्ट्रिक लोको शेड, इस्पातनगर, झारखण्ड-827010, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं. एवं निविदा सूचना सं.; निविदा सं.; कार्य का नाम; मात्रा; निविदा मूल्य; बयाना राशि:** (1) **ईएलआईएन/टीआरएस/बोगी-ओएच/डब्ल्यूएजी7/25-27/01, दिनांक 03.10.2025; ईएलआईएन-टीआरएस-बीओजी-ओएच-25-27-02;** इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर के डब्ल्यूएजी7 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिवों की फैब्रिकेटेड को-को बोगी की दो वर्षों की अवधि के लिए ओवरहॉलिंग; 192 अदद बोगी; रु. 3,17,71,566.72; रु. 3,08,900। **(2) ईएलआईएन/टीआरएस/कैलिब्रेशन/इंस्ट्रूमेंट/01, दिनांक 06.10.2025; ईएलआईएन-टीआरएस-कैलिब्रेशन-01;** इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर के विभिन्न मापक उपकरणों तथा यंत्रों की दो वर्षों की अवधि के लिए कैलिब्रेशन; निविदा अनुसूची के अनुसार; रु. 2,24,305.65; रु. 4,500। **शेड का नाम/स्थान:** दोनों के लिए इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर, दक्षिण पूर्व रेलवे। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** दोनों के लिए शून्य। **अनुबंध अवधि:** क्रमांक 1 के लिए 24 (चौबीस) महीने तथा क्रमांक 2 के लिए 36 (छत्तीस) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 29.10.2025 को 15.00 बजे। दोनों के लिए निविदा दस्तावेज का विवरण ई-निविदा पोर्टल एवं आईआरईपीएस वेबसाइट के यूआरएल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **(PR-690)**


# जिलाधिकारी ने की तेल कंपनियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 7 अक्टूबर 2025 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर तेल कंपनियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों/प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव कार्य के दौरान निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव कार्य में प्रयुक्त वाहनों के लिए ईंधन आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि मतदान कार्य, मतपेटियों का परिवहन, सुरक्षा बलों की आवाजाही एवं अन्य चुनावी गतिविधियां बिना किसी अवरोध के संपन्न हो सकें। इस अवसर पर उन्होंने वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी पेट्रोल पंपों की टैगिंग डिस्पैच सेंटरवार कर दी गई है, जिससे प्रत्येक डिस्पैच सेंटर को उनके निकटतम पेट्रोल पंप से ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया कि चुनाव अवधि में आरक्षित ईंधन का पर्याप्त भंडारण रखा जाए ताकि किसी प्रकार की आपूर्ति बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आपूर्ति किए गए ईंधन का भुगतान ससमय किया जाएगा। भुगतान से संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आपूर्ति किये गए इंधनों का विपत्र ससमय समर्पित करें ताकि राशि का भुगतान समयानुसार किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि ईंधन आपूर्ति एवं वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखने के लिए अधिकारियों को ईंधन कूपन जारी करने हेतु अधिकृत किया गया है, ताकि चुनावी ड्यूटी पर तैनात सभी वाहनों को बिना विलंब के ईंधन प्राप्त हो सके। बैठक में तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया और चुनाव अवधि में आवश्यक मात्रा में ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी नवेन्दु शेखर, डीआरएम मनीष कुमार सिंह, मोटर यान निरीक्षक पार्थ सारथी एवं मो0 युसूफ उद्दीन के साथ-साथ सभी तेल कम्पनियों एवं पेट्रोल पम्प के संचालक एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/59, दिनांक 06.10.2025;** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सं., विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 25.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (1) 20251366**; ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू कोचों की ब्रेक प्रणाली के एडिशनल लिमिटिंग वॉल्व के लिए पाइप ब्रैकेट के साथ प्रेशर रिड्युसिंग वॉल्व; रु. 2,49,020/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 14.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (2) 11251776;** पैनल बॉटम; रु. 2,11,350/-। **(3) 11251820;** यूआईसी वेस्टिबुल बेलो इत्यादि की लैटेरल साइड फ्लैंज (एल.एच. एवं आर.एच.) की खरीददारी; रु. 8,17,320/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 16.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (4) 10242515;** ई-70 ब्रेक सिस्टम की आईओएच शिड्युल के लिए किट; रु. 6,20,090/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 12.11.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (5) 20251827;** ट्रैक्शन मोटर टाइप 253 बीएक्स/बीडब्ल्यू एवं 4601 एजेड के लिए मल्टीपल बांडेड सैंडविच माउंटिंग; रु. 1,09,440/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 17.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (6) 12255785;** सीएसएम के लिए एक्सल गीयर बॉक्स एवं व्हील के साथ सम्पूर्ण ड्राइवर एक्सल; रु. 2,38,960/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 24.11.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (7) 11251817;** सिंगल पीस एफआरपी लौवर शटर इत्यादि की खरीददारी; रु. 1,59,090/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 22.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (8) 05251044;** साधारण उद्देश्य की ऑयल मशीनरी इत्यादि की खरीददारी; रु. 4,13,570/-। **(9) 12255794;** पावर्ड व्हील सेट; रु. 1,51,450/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 03.11.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (10) 14251032ए;** आईआरएसः एस-88-2004 (नवीनतम संशोधन, यदि कोई हो, के साथ) के अनुसार पीपी-सीपी कंटेनर में कम रखरखाव वाली, 2वी लीड एसिड सेल की खरीददारी। सेल पीपी-सीपी कंटेनर, ट्यूबुलर पॉजिटिव प्लेटों, पेस्टेड नेगेटिव प्लेटों, फ्लोट इंटर-सेल कनेक्टर को दर्शाने वाला एसिड लेवल सहित बोल्ट एवं नटों के साथ सम्पूर्ण होनी चाहिए। सेल ड्राई एवं बिना चार्ज वाली होनी चाहिए। प्रत्येक सेल की क्षमता 10 घंटे में 80 एएच डिस्चार्ज की दर 27 डिग्री सेंटीग्रेड पर 1.85वी प्रति सेल होनी चाहिए। (टूल किट के बगैर) इत्यादि; रु. 11,38,760/-। **(11) 14251029ए;** आईआरएसः एस-88-2004 (नवीनतम संशोधन, यदि कोई हो, के साथ) के अनुसार पीपी-सीपी कंटेनर में कम रखरखाव वाली, 2वी लीड एसिड सेल की खरीददारी। सेल पीपी-सीपी कंटेनर, ट्यूबुलर पॉजिटिव प्लेटों, पेस्टेड नेगेटिव प्लेटों, फ्लोट इंटर-सेल कनेक्टर को दर्शाने वाला एसिड लेवल सहित बोल्ट एवं नटों के साथ सम्पूर्ण होनी चाहिए। सेल ड्राई एवं बिना चार्ज वाली होनी चाहिए। प्रत्येक सेल की क्षमता 10 घंटे में 300 एएच डिस्चार्ज की दर 27 डिग्री सेंटीग्रेड पर 1.85वी प्रति सेल होनी चाहिए। टूल किट इत्यादि के बगैर; रु. 11,71,910/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 04.11.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (12) 20251150;** भेल टीएम टाइप-4601 एजेड का एक्सटेंडेड अर्मेचर शैफ्ट; रु. 1,55,680/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 17.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (13) 08251086;** बैटरी चार्जिंग यूनिट; रु. 5,88,110/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 16.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (14) 07251153;** आरडीएसओ की एसटीआर सं. सी-8217 (संशो. 2) ऑफ सितम्बर 2013 के अनुसार अल्युमीनियम चेक्कर्ड शीट, आकारः 3360 x 813 x 2.03 मिमी की खरीददारी; रु. 3,57,610/-। **(15) 11251623;** ईओजी टाइप एसी कोचो इत्यादि के लिए इंटर व्हिकुलर कपलर यूनिट (500 एएमपी. रेटिंग) की खरीददारी; रु. 8,09,580/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 28.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (16) 12251094;** आरडीएसओ आरेख सं. आरटी-6618 के अनुसार 60 किग्रा पीएससी स्लीपर के लिए हॉर्नों के साथ 6.2 मिमी मोटी कम्पोजिट ग्रूव्ड सोल प्लेट; रु. 14,88,780/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 21.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (17) 07251083;** आरडीएसओ की विनिर्देश सं. सी-9407, टाइप-II, (संशो. 03 ऑफ फरवरी 2007) साथ में 4 संशोधन-जुलाई 2019 को जारी अंतिम संशोधन स्लिप सं. 4 तथा शुद्धिपत्र सं. 1 ऑफ जून 2015 के अनुसार एक सतह पर लकड़ी आधारित इम्प्रेगनेटेड कम्प्रेस्ड लैमिनेट चेक्कर्ड डिजाइन आकारः (3350 +/- 10 मिमी) x (770 +/- 5 मिमी) x 12 मिमी की खरीददारी; रु. 5,24,120/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 29.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (18) 21251077बी;** वाशर के साथ मॉडिफाइड ब्रेक गीयर पिन की खरीददारी; रु. 1,76,740/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 23.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (19) 20252143;** ईएमयू/एमईएमयू मोटर कोच, ईएलजीआई निर्मित एयर कम्प्रेशर टाइप टीआरसी-1000डीसीएम, 18 महीने की ओवरहॉलिंग किट, परिशिष्ट के अनुसार 49 मदें युक्त प्रत्येक किट; रु. 2,87,980/-। **(20) 20252141;** ईएमयू/एमईएमयू मोटर कोच, केपीसी निर्मित एयर कम्प्रेशर टाइप 3एचसी-55, 54 महीने की ओवरहॉलिंग किट; रु. 4,59,760/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 22.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (21) 20252140;** ईएमयू/एमईएमयू मोटर कोच, केपीसी निर्मित एयर कम्प्रेशर टाइप 3एचसी-55, 36 महीने की ओवरहॉलिंग किट; रु. 2,27,350/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 22.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (22) 12254007;** आरडीएसओ आरेख सं. टी-3706 के अनुसार एचवीएन इंसुलेटिंग लाइनर 66 के लिए रनिंग कंट्रैक्ट; रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 15.10.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (23) 22255229बी;** इंज. पेम्ब्रोलाइजुमैब 100 एमजी, मद कोड एम261946, एआई 25-26; रु. 0. **निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 03.11.2025 को अपराह्न 1.30 बजे: (24) 22251625;** टैब/कैप रुक्सोलिथिनिब 20 एमजी (मद कोड एम251024) एआई 25-26; रु. 0. **निविदा लागत:** रु. 0 (सभी के लिए)। **टिप्पणीः** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में एवं अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। (STORES-39/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 05-जीएसयू-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 04.10.2025** मुख्य परियोजना प्रबंधक/जीएसयू, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : 5-जीएसयू-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के अधीन कुरमाहाट, गंगवारा, गोनुधाम एवं पंजवारा रोड स्टेशनों में हॉल्ट स्टेशनों का क्रॉसिंग स्टेशनों में रूपांतरण के लिए तटबंध में मिट्टी के कार्य, ब्लैंकेटिंग, छोटे पुलों, फूट ओवर ब्रिजों तथा पी. वे कार्यों के प्रावधान हेतु खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 43,59,66,740.94; **निविदा बंद होने की तारीख :** 28.10.2025। **वेबसाइट एवं सूचना पट्ट : www.ireps.gov.in**।

(MLD-190/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# मास्टर प्रशिक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में नगर भवन बिहारशरीफ में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बिहार विधान सभा आम चुनाव 2025 की सफल एवं निष्पक्ष सम्पन्नता सुनिश्चित करने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न स्तरों पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी कड़ी में जिला स्तर पर मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला एवं अनुमंडल स्तर पर कार्यरत अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया, नवीनतम ईवीएम-वीवीपैट संचालन, आदर्श आचार संहिता, मतदान प्रक्रिया, निर्वाचन व्यय, मतगणना प्रक्रिया एवं अन्य तकनीकी पक्षों की समुचित जानकारी प्रदान करने हेतु आयोजित किया गया। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स आगे चलकर पीठासीन अधिकारी, मतदान कर्मियों एवं अन्य निर्वाचन कर्मिकों को प्रशिक्षण देंगे। राज्य निर्वाचन विभाग के अनुसार यह प्रशिक्षण चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागियों को इंटरएक्टिव सेशन्स, प्रैक्टिकल डेमोंस्ट्रेशन एवं ऑडियो-विजुअल सहायता के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें सटीक जानकारी प्रदान करने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों एवं नवीनतम संशोधनों से अवगत कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं विश्वसनीय रूप से सम्पन्न कराने हेतु प्रशिक्षित मानव संसाधन अत्यंत आवश्यक है। मास्टर प्रशिक्षकों की यह भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यही प्रशिक्षक आगामी समय में हजारों मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न केंद्रों पर संचालित किया जाएगा। आयोग का उद्देश्य है कि प्रत्येक स्तर पर कार्यरत कर्मियों को पूर्ण रूप से प्रशिक्षित कर चुनाव प्रक्रिया को त्रुटिरहित एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। इस अवसर पर नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित थे।





**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एमसी-40-सी-बीवी-एमेनिटीज-2025, दिनांक 03.10.2025;** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** "150 ब्रेक वैनों में समायोजन योग्य गार्ड कुर्सियों तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,71,08,112। **बयाना राशि:** रु. 2,35,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समय:** 27.10.2025 को 15.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-200/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 07-10-2025 22:01 Page 1



# खटाल संचालक की नुकिले हथियार से हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के बहीरो गैस एजेंसी इलाके में सोमवार की रात नुकिलेदार हथियार से एक खटाल संचालक की हत्या कर दी गई। साथ ही साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को फेंक दिया गया। मंगलवार की सुबह बहीरो गैस एजेंसी स्थित पोखरा के समीप से शव बरामद किया गया। मृतक 50 वर्षीय शिवजी यादव मूल रूप से उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव निवासी स्व.लुटावन यादव उर्फ स्व.सलुतावं यादव के पुत्र थे। वे वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड वार्ड नंबर 44 में अपना मकान बनाकर रहते थे। गोढ़ना स्थित गौरैया स्थान के पास ही अपना खटाल भी चलते थे। मृतक के शरीर पर बाएं तरफ छाती पर खून लगा हुआ पाया गया जबकि गर्दन पर आठ नुकीलेदार हथियार से घोंपा हुआ जख्म का निशान पाया गया है। मृतक के स्वजन ने हत्या कर शव को फेंके जाने का आरोप लगाया है। शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल,आरा में कराया गया। पुलिस एक को हिरासत में लेकर जांच कर रही है। ठोंस कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।मृतक के बेटे रंजन कुमार कुमार ने बताया कि तीन-चार वर्ष पहले कुछ लोगों से जमीन को लेकर झगड़ा हुआ था। उस समय उन लोगों के पास उसके पिता का डेढ़ लाख रुपया बकाया भी था ,जो लेना था। सोमवार की रात उपरोक्त लोगों के साथ उसके पिता खटाल से निकले थे। उन्होंने वहां पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा है। मंगलवार की सुबह उन्हें सूचना मिली के बहीरो गैस एजेंसी स्थित पोखरा में एक शव बरामद हुआ है, जो पुलिस सदर अस्पताल ले गई है। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे और शव को देख उनकी पहचान की। रंजन कुमार ने यह भी बताया कि 29 सितंबर अष्टमी के दिन पूजा समिति के एक सदस्य उसके खटाल पर आए थे और उसके मड़ई को तोड़ दिए थे।

# रिश्वत लेते राजस्वकर्मी को निगरानी की टीम ने दबोचा

## वायुसेना के जवान से ली थी पांच हजार की घूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

जहानाबाद। सदर प्रखंड के पुराने अंचल कार्यालय भवन से मंगलवार को विजिलेंस की टीम ने एक राजस्व कर्मचारी को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंग हाथों गिरफ्तार किया है। राजस्व कर्मचारी अविनाश कुमार अनिल एक रिटायर्ड वायुसेना जवान से जमीन के दाखिल खारिज के लिए रिश्वत ले रहा था।

गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी को निगरानी की टीम अपने साथ पटना ले गई। उसके खिलाफ प्राथमिकी की गई है। वह जहानाबाद सदर प्रखंड की चार पंचायतों के प्रभार में था। मांदिल, गोनमा, पंडुई और पिंजौर पंचायत के प्रभार में कार्यरत था। निगरानी विभाग के डीएसपी गौतम कृष्ण ने बताया कि जहानाबाद सदर प्रखंड के पिंजौर गांव निवासी रिटायर्ड वायुसेना के जवान पुष्कर कुमार ने शिकायत की थी कि दाखिल-खारिज के नाम



पर उनसे रिश्वत मांगी जा रही है।

पैसे नहीं देने पर उन्हें लगभग एक वर्ष से अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने पर मजबूर किया जा रहा था।

शिकायत प्राप्त होने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने दो दिन पूर्व गुप्त रूप से रेकी की, जिसमें शिकायत को सही पाया गया।

मंगलवार को पटना से आई टीम ने पुराने अंचल कार्यालय में छापेमारी कर अविनाश कुमार अनिल को पांच हजार रुपया रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी गौतम कृष्ण ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपी कर्मचारी ने यह स्वीकार किया कि वरीय अधिकारियों तक भी रिश्वत की राशि पहुंचाई जाती थी।

फिलहाल इस पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। इस कार्रवाई की खबर मिलते ही अंचल कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोग कार्यालय पहुंचकर रिश्वत लेते पकड़े गए कर्मचारी को देखने के लिए जुट गए। लोगों ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

# अभिनेत्री आम्रपाली दुबे सहित पांच अन्य पर परिवाद दायर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के पूर्व सांसद व भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ, अभिनेत्री आम्रपाली दुबे, एसडीओ पूर्वी आईएएस अधिकारी तुषार कुमार, चित्रलेखा मॉल के मालिक विवेक अग्रवाल और विकास अग्रवाल पर मुजफ्फरपुर के सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर कराया गया है।

यह परिवाद लहलादपुर पताही निवासी अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने कराया है। कोर्ट ने परिवाद पर सुनवाई के लिए 18 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है।

परिवाद में अधिवक्ता ने कहा कि चार अक्टूबर को कलमबाग चौक स्थित कल्याण ज्वेलर्स के बगल में चित्रलेखा मॉल के उद्घाटन के लिए सांसद अभिनेता व अभिनेत्री को आमंत्रित किया और सड़क पर कार्यक्रम किया गया। कलमबाग चौक रोड को जानबूझकर जाम कर दिया गया।

लोगों की इतनी भीड़ इकट्ठ हो गई कि



पूर्ण रुपेण रोड जाम हो गया। आवागमन बंद हो गया। इसके कारण एंबुलेंस भी उक्त जाम में घंटो फंसी रही। एसडीओ पूर्वी ने जानबूझकर कार्यक्रम का आदेश देकर आवागमन को बाधित कराने का कार्य किया। हजारों की संख्या में भीड़ सड़क पर जुटी रही।

अगर भगदड़ मचती तो सैकड़ों लोगों की जान भी जा सकती थी। वे सब जानने के बाद भी अभियुक्तगण ने मिलकर साजिश व षड्यंत्र के तहत अपना नफा देखते हुए घंटों सड़क को जाम किया।

# नेपाल की बारिश ने बढ़ायी सीमांचल की मुश्किलें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। नेपाल के तराई क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही अत्यधिक बारिश के कारण बराह क्षेत्र में भारी मात्रा में पानी जमा हो गया है। इसके चलते कोसी बराज से जल निकासी की मात्रा लगातार बढ़ती चली गई। पांच अक्तूबर को अधिकतम 5 लाख 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद तटबंधों के बीच बह रही कोसी नदी उफान पर आ गई और इस बीच बेस गांवों में भीषण बाढ़ आ गई।

सहरसा जिले के नवहट्टा प्रखंड की सात पंचायतें तटबंध के अंदर बसी हुई हैं। इन पंचायतों के सभी गांव इस समय भीषण बाढ़ की चपेट में हैं। प्रशासन का दावा है कि लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए लगातार अपील की जा रही है और पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था की गई है। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीनी स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं दिख रही है और गांवों में त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है।

तटबंध के बीच बसा केदली गांव पूरी तरह बाढ़ग्रस्त हो चुका है। गांव के हर घर में तीन से चार फीट तक पानी भर गया है। सभी सड़कों पर पानी चढ़ जाने से गांव और टोले-मुहल्ले का संपर्क कट गया है। घरों में रखा अनाज, कपड़े और अन्य जरूरी सामान पानी में डूबकर बर्बाद हो चुके हैं। लोगों को बाहर निकलने की कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आ रही।

## कई पंचायतों में भीषण बाढ़

गांव की चम्पा देवी बताती हैं कि कोसी में पानी बढ़ने से गांव की स्थिति बहुत खराब हो गई है। घर में रखा कोई सामान नहीं बचा। तीन दिन से जैसे-तैसे खाकर गुजारा कर रहे हैं। सरकार या प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिली है। इसी गांव के राजकुमार ने कहा कि बच्चों के साथ तटबंध पर रह रहे हैं। तीन दिनों से बहुत परेशानी में हैं। तटबंध पर जैसे-तैसे पेट भर रहे हैं। अभी तक किसी भी तरह की सहायता नहीं मिली है।

सुदामा ने कहा कि अनाज, कपड़ा सब बर्बाद हो गया। बहुत परेशानी में हैं, अब तक कहीं से कोई मदद नहीं मिली। गांव के ही मो. उमर फारूक ने बताया कि न तो बाहर निकलने के लिए नाव की व्यवस्था है और न ही भोजन के लिए कहीं कोई कम्युनिटी किचन। प्रशासन को तुरंत नाव, सामुदायिक रसोई और मेडिकल की सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। इसी तरह राजन कुमार ने कहा कि तटबंध के अंदर डुमरा से गोरपार जाने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह डूब गई है। घरों में मवेशी फंसे हुए हैं। अनाज सहित सभी सामान डूब चुके हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को तटबंध पर तो पहुंचा दिया है, लेकिन न तो बांस मिला है और न ही प्लास्टिक, जिससे तात्कालिक झोपड़ी खड़ी की जा सके।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम आयोजित



**प्रतिनिधि शिवाजीनगर**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंगलवार को गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल से संबंधि जानकारियाँ दी गई। महिला पर्यवेक्षिकाओं ने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर गोद भराई की रस्म पूरी करवाई। आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने पारंपरिक तरीके से गर्भवती माताओं का तिलक, आरती एवं मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को पौष्टिक आहार, आयरन, फोलिक एसिड और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका ने बताया कि यह कार्यक्रम पोषण अभियान के तहत आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य गर्भवती माताओं में कुपोषण की समस्या को समाप्त करना और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल माताओं में जागरूकता बढ़ती है, बल्कि समुदाय में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति सकारात्मक संदेश भी जाता है आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थित स्थानीय महिलाएं और बच्चे भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने मिलकर गर्भवती माताओं को शुभकामनाएं दीं।

# डीएम ने दिखायी सख्ती, खुली विभागों के प्रधानों की पोल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** जिले में अपने-अपने चहेतों को विभिन्न विभागों के पदाधिकारी छुपा कर रखने की फिराक में थे, परन्तु डीएम के एक पत्र ने सभी का भंडाफोड़ कर दिया। डीएम ने जैसे ही सभी विभागों के हेड से अपने यहां के सभी कर्मी चुनाव में प्रशिक्षण के लिए का शपथ पत्र मांगा, इसके बाद एक हजार नय कर्मी और टपक पड़े। इससे अब चुनाव कार्य में भी सुविधा होगी।

भोजपुर जिले में लगभग 24 हजार चुनाव कर्मचारियों को पहले चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कई कर्मचारियों ने डीएम समेत वरीय पदाधिकारी से शिकायत की कि उनके यहां कई कर्मचारी चुनाव कार्य में नहीं लगाए गए हैं। इसकी जानकारी मिलने के बाद डीएम ने जांच कराई तो पता चला कि विभाग के प्रमुख पदाधिकारी अपने चहेते को चुनाव कार्य से बचाने के लिए उसकी रिपोर्ट ही कार्मिक कोषांग को नहीं भेजी है।

इससे नाराज होकर डीएम ने सभी विभागों के प्रमुख पदाधिकारी से एक पत्र जो शपथ पत्र के समान है मांगा कि आप सभी लिख कर दीजिए कि आपके यहां क्या सभी कर्मचारी प्रशिक्षण ले लिए? एक भी कर्मचारी बगैर प्रशिक्षण का नहीं बचना चाहिए। डीएम की इस सख्ती के बाद विवश होकर सभी पदाधिकारी को अपने यहां के बचे हुए कर्मचारियों की संख्या नाम और पता कार्मिक कोषांग को देनी पड़ी।

इस तरह से कर्मचारियों की संख्या 24 हजार बढ़कर 25 हजार से भी ज्यादा हो गई। डीएम के इस कदम से विभाग के पदाधिकारियों की मनमर्जी पर जहां अंकुश लगा वहीं दूसरी तरफ चुनाव के लिए और ज्यादा कर्मचारी उपलब्ध हो गए। डीएम के इस कार्य की चर्चा पूरे जिले में चारों ओर हो रही है।

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने एवं मतदाता सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार, भोजपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यों की अद्यतन समीक्षा की और सभी नोडल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण कोषांग को सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। कार्मिक कोषांग को सभी कर्मियों की प्रतिनियुक्ति शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया, वहीं सामग्री कोषांग को निर्वाचन सामग्री की सूची एवं चेकलिस्ट तैयार कर समय पर सभी डिस्पैच सेंटरों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया।

# अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने की जद्दोजहद में पशुपाति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस बिहार की राजनीति में अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने की जद्दोजहद में हैं। वे विधानसभा चुनाव में एक नए ठिकाने की तलाश में हैं। महागठबंधन से उन्होंने नजदीकियां भी बनाई, परंतु पारस की पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और कहां से इसे लेकर संशय बरकरार है।

केंद्र की सत्ता से अलग होने के बाद बिहार में अपनी राजनीति को जीवित रखने की कोशिश कर रहे पशुपति पारस हाजीपुर, समस्तीपुर, सहरसा और खगड़िया जैसे क्षेत्र, जहां पासवान समुदाय का प्रभाव रहा है वहां से चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने अपनी बात महागठबंधन के शीर्ष नेताओं तक पहुंचाई भी है, परंतु महागठबंधन के नेता अब तक पारस को लेकर किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं।

हालांकि, राजद के कुछ वरिष्ठ नेता मानते हैं कि पारस के महागठबंधन में आने से दलित राजनीति में मजबूती मिलेगी, परंतु कुछ ऐसे भी नेता हैं जो इस कदम को जोखिम भरा मानते हैं।

ऐसे नेताओं के तर्क हैं कि कि पारस की पार्टी का जनाधार सीमित है और उन्हें शामिल करने से मौजूदा जातीय समीकरण गड़बड़ा सकते हैं।

राजद से अलग कांग्रेस इस मसले पर फिलहाल दूरी बनाकर स्थिति का आकलन कर रही है। बावजूद पशुपति पारस लगातार दावा कर रहे हैं कि वे राजनीति से पीछे हटने वाले नहीं। लिहाजा वे महागठबंधन नेताओं की नीतियों और कार्यक्रमों की सराहना भी करने से चूक नहीं रहे।

जानकार मानते हैं कि यदि महागठबंधन पारस को साथ लेता है, तो उसे पासवान वोट बैंक में कुछ लाभ मिल सकता है, हालांकि राजद-कांग्रेस अब तक पारस को लेकर अनिर्णय की स्थिति में हैं।

# सनकी पति ने की फांसी लगाकर पत्नी की हत्या

**सहरसा।** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के सिटानाबाद दक्षिणी के मोहमदनी टोला के वार्ड संख्या 11 में एक सनकी पति ने पत्नी को फांसी के फंदे से लटका कर मौत के घात उतार दिया। घटना को अंजाम देकर आरोपित पति घर के कमरे में ताला लगाकर कर मौके से फरार हो गया।उक्त आरोप मृतका की मां उषा देवी ने अपने ही दामाद पर लगाया है। हालांकि, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। जिससे फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है। मृतका बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के सिटानाबाद दक्षिणी के मोहमदनी टोला के वार्ड संख्या 11 निवासी अंकित शर्मा की 20 वर्षीय पत्नी निशा कुमारी थी। घटना के संबंध में मृतका की मां उषा देवी ने बताया कि उसकी पुत्री गत आठ दिनों से मायके में ही रह रही थी और उसका दामाद अंकित शर्मा भी गत आठ दिनों से अपने पत्नी के साथ ही अपने ससुराल ने रह रहा था। इस दौरान आरोपित अंकित शर्मा ने अपनी पत्नी को अपने मां से एक लाख बीस हजार रुपये मांगने का दवाब बना रहा था। जिसके बाद निशा ने अपनी मां की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसने अपने पति को पैसा देने में असमर्थता जताई।

# महागठबंधन में सीट बंटवारे को ले फंसा पेंच

## वीआईपी ने बढ़ाई टेंशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** महागठबंधन में सीटों का बंटवारा विकासशील इंसान पार्टी और वाम दलों की मांग के बीच फंस गया है। पिछले चुनाव में राजद के बाद सबसे बड़ी हिस्सेदार कांग्रेस थी। वह 70 सीटों पर लड़ी थी।

कांग्रेस 50-55 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए राजी हो गई है, लेकिन बाद में शामिल हुई विकासशील इंसान पार्टी 30 से कम सीटों पर राजी नहीं हो रही है। वीआईपी की बढ़ी मांग को देखते हुए वाम दलों ने भी दबाव बढ़ा दिया है।

पिछली बार 19 सीटों पर लड़कर 12 पर जीत दर्ज करने वाले भाकपा माले ने पहले 34 सीटों की सूची दी थी। भाकपा माले कम से कम 30 सीट पर अड़ा है। माले का तर्क है कि बिना विधायक और सांसद वाली पार्टी वीआईपी को अगर 20 सीटें दी जा सकती है तो 12 विधायक और दो सांसदों वाली पार्टी कम सीटों पर कैसे मान जाएगी।

माले के अलावा भाकपा और माकपा ने भी अधिक सीटों की मांग की है। भाकपा ने 24 सीटों की मांग की है। पिछली बार उसे छह सीटें दी गई थीं, जिनमें दो पर उसकी जीत हुई। माकपा को भी छह से अधिक सीटें चाहिए। माकपा बेगूसराय जिले की मटिहानी विधानसभा सीट पर अपनी दावेदारी नहीं छोड़ रहा है।

मटिहानी के पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार सिंह पिछली बार जदयू टिकट पर चुनाव हार गए थे। चुनाव की घोषणा के कुछ दिन पहले वे राजद में शामिल हो गए। राजद ने उन्हें उम्मीदवार भी घोषित कर दिया है। वैसे, वीआईपी के संस्थापक मुकेश सहनी का दावा है कि सीटों की संख्या को लेकर घटक दलों में कोई विवाद नहीं है। समय आने पर सब ठीक हो जाएगा।

# गठबंधन में सीट बंटवारे को ले फंसा पेंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सीट बंटवारे का पेंच फंस गया है। कारण है पीएम मोदी के हनुमान कहे जाने वाले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की चाहत। एनडीए गठबंधन चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी को 28 सीटें देना चाह रहा है लेकिन चिराग 35 से 40 सीटों से कम पर मानने को तैयार नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को लोजपा के अध्यक्ष चिराग पासवान से सीट बंटवारे को लेकर बातचीत की। उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व बिहार संगठन प्रभारी विनोद तावड़े और बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद थे।

सूत्र बता रहे हैं कि चिराग पासवान की पार्टी ने न सिर्फ सीटों की संख्या, बल्कि कुछ विशेष विधानसभा क्षेत्रों की भी मांग की है, जहां पार्टी को बेहतर मौका दिखता है। इसके अलावा, पार्टी चाहती है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जीती गई पांच सीटों में से प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में दो-दो विधानसभा सीटें लोजपा (रा.) को दी जाएं।

# चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन चौकस, निकाला फ्लैग मार्च



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित होते ही शिवाजीनगर प्रखंड में प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को शिवाजीनगर पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना और लोगों में निर्भीक होकर मतदान करने का माहौल तैयार करना था। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने किया। यह मार्च थाना परिसर से आरंभ होकर शिवाजीनगर बाजार, मुख्य सड़क मार्ग, बस स्टैंड, डुमरा मोहन, ठनका सहित कई ग्रामीण इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान लोगों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में सहयोग करने की अपील की गई फ्लैग मार्च में स्थानीय पुलिस बल के साथ अर्धसैनिक बल के जवान भी शामिल थे। बलों ने पूरे क्षेत्र में पैदल गश्ती कर कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार की असामाजिक या अफवाह फैलाने वाली गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सीमांचल और ग्रामीण इलाकों में सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय थाने को दें, ताकि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बना रहे । मौके पर प्रवीण कुमार, राजेश कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

# खाद्यान्न गबन के मामले में पंचायत सेवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में 586 क्विंटल खाद्यान्न गबन के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। बरवाडीह प्रखंड के पूर्व एजीएम और वर्तमान में लातेहार प्रखंड के तरवाडीह पंचायत के पंचायत सेवक सर्वेश सिंह को बरवाडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने मंगलवार को लातेहार प्रखंड कार्यालय में छापेमारी कर सर्वेश सिंह को हिरासत में लिया। बरवाडीह थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि सर्वेश सिंह के खिलाफ बरवाडीह थाना कांड संख्या 30/25, दिनांक 30 मई 2025 के तहत मामला दर्ज था। इसी सिलसिले में उनकी गिरफ्तारी की गई है।

उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर बरवाडीह के प्रभारी एमओ रामनाथ यादव ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सर्वेश सिंह एक मार्च 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक एजीएम पद पर कार्यरत थे। इसी अवधि में एमडीएम, पीटीजी मद समेत विभिन्न मदों में कुल 586 क्विंटल खाद्यान्न की हेराफेरी का आरोप है। यह अनाज गरीबों को वितरण के लिए आवंटित किया गया था।

गौरतलब है कि गबन के गंभीर मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद लातेहार बीडीओ मनोज तिवारी ने सर्वेश सिंह को दो पंचायतों की जिम्मेदारी सौंप दी थी, जिससे प्रशासनिक स्तर पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

बता दें कि सर्वेश सिंह पहले भी विवादों में घिरे रहे हैं। परसही पंचायत में पंचायत सेवक के रूप में पदस्थापना के दौरान उन पर महिला लाभुकों से घूस में मंगलसूत्र मांगने का गंभीर आरोप लगा था। इस मामले में पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने प्रखंड कार्यालय में ही उनकी सरेआम चप्पलों से पिटाई कर दी थी। यह घटना उस समय पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी थी।

# बिहार विधान सभा चुनाव को ले राज्य की सीमाओं पर बढ़ी चौकसी

- मतदान के दिन सीमाएं रहेगी सील
- पड़ोसी राज्य बनाएंगे नए चेकपोस्ट
- राज्यों ने सहयोग का दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की विधि-व्यवस्था को लेकर पड़ोसी राज्यों बंगाल, उत्तरप्रदेश और झारखंड की सीमा पर भी पुलिस-प्रशासन को अलर्ट किया गया है। पड़ोसी राज्यों से शराब और नकद तस्करी के स्पाट और सीमावर्ती क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की शरण स्थलियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

इसको लेकर बीते दिनों मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में पड़ोसी राज्यों बंगाल, उत्तरप्रदेश और झारखंड के मुख्य सचिव, डीजीपी और गृह विभाग के सचिव समेत अन्य वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक भी आयोजित की गई।

मुख्य सचिव ने पड़ोसी राज्यों से असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों की सूची का आदान-प्रदान कर गिरफ्तारी करने, चेकिंग प्वाइंट चिह्नित कर नाकाबंदी करने और शराब व नगद राशि के अवैध आवागमन पर रोक लगाने की कार्रवाई में सहयोग मांगा। पड़ोसी राज्यों से शराब, गांजा, ड्रग्स की तस्करी में लिप्त अपराधियों पर चुनाव के दौरान कड़ी निगरानी करने का अनुरोध भी किया गया।

चुनाव के दौरान अंतरर्राज्यीय तस्करी और अवैध आवागमन को रोकने के लिए कई स्पाट चिह्नित किए गए हैं, जिनकी सूची संबंधित राज्यों से साझा की गई है। इन स्थलों पर पड़ोसी राज्यों से मिरर चेकपोस्ट की स्थापना करने को कहा गय है।

पहले से जहां चेकपोस्ट हैं, उन्हें भी मजबूत करने को कहा गया है। इसके साथ ही राज्यों के सीमावर्ती जिलों के बीच थाना, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर समन्वय बैठक करने का निर्देश दिया गया है।

बिहार में वामपंथी गतिविधियों पर बहुत हद तक नियंत्रण किया जा चुका है, मगर चुनाव के दौरान पड़ोसी राज्य झारखंड में सक्रिय वामपंथियों के बिहार में घुसने की आशंका जताई गई है। ऐसे में झारखंड की सीमा पर अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए चेकपोस्ट के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

विधनसभा चुनाव के मतदान के दौरान सीमावर्ती इलाकों को सील रखा जाएगा। इसको लेकर कार्ययोजना बनाई जा चुकी है। समन्वय बैठक के दौरान पड़ोसी राज्यों से इसके क्रियान्वयन में सहयोग करने की अपील की गई।

इसके साथ ही विभिन्न राज्यों से बिहार आने वाले केंद्रीय बलों तथा निर्वाचन सामग्री के आवागमन में भी सहयोग मांगा गया। इस पर तीनों पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिव ने आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# जदयू के पूर्व जिलाध्क्ष ने दिया इस्तीफा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिला जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मंडल ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस बाबत प्रदेश अध्यक्ष को भेजे अपने पत्र में कहा है कि जदयू ने अपने 20 वर्षों के शासनकाल में अतिपिछड़ा वर्ग के लोगों का समर्थन और वोट प्राप्त किया है, किंतु हर स्तर अतिपिछड़ा वर्ग की हक मारी को जानबूझकर अनदेखा किया गया है। उन्होंने कहा कि अतिपिछड़ा वर्ग की अन्य सभी जातियों की तरह विशेषकर धानुक जाति के लोग अपने को ठगा-सा महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर के नेतृत्व में समाजवादी आंदोलन की जो जीवंत और प्रखरधारा थी और लालू यादव के नेतृत्व में राजनीतिक रूप से हर स्तर पर एक प्रबल साझेदारी विकसित हुई थी, उसको 20 वर्षों में सामंत वर्ग के प्रभाव में आकर जदयू ने समाप्त कर दिया है। गोपाल मंडल ने कहा कि जदयू ने अतिपिछड़ा वर्ग के लोगों में नीचे से ऊपर तक नेतृत्व पैदा करने की सारी संभावनाओं को ध्वस्त कर दिया है। अतिपिछड़ा वर्ग इस उपेक्षा के चलते आहत और आक्रोशित है। जन दबाव में निर्णय के उपरांत अब जदयू में रहना मुनासिब नहीं है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला दंडाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग आयोग द्वारा प्रेस नोट के आलोक में छह अक्टूबर से दरभंगा जिला अंतर्गत 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कुशेश्वरस्थान (अजा), गौड़ाबौराम, बेनीपुर, अलीनगर, दरभंगा ग्रामीण, दरभंगा, हायाघाट, बहादुरपुर, केवटी एवं जाले में पहले चरण में छह नवंबर को बिहार विधानसभा चुनाव की विधिवत घोषणा की है।

निर्वाचन की घोषणा की तिथि के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है तथा विभिन्न राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जनसभा जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जनसभा एवं जुलूस में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित किए जाने तथा विधि- व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना है।

# पटना के बी. डी. कॉलेज में सौर ऊर्जा की नई सुबह, 100 किलोवाट क्षमता वाला संयंत्र स्थापित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना ने पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिहार अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (ब्रेडा) के सहयोग से 100 किलोवाट क्षमता वाला सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया है। यह कदम न केवल कॉलेज की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि छात्रों में पर्यावरणीय चेतना और सतत विकास के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने सौर ऊर्जा संयंत्र के उद्घाटन अवसर पर कहा कि यह 'ज्ञान के मंदिर में सूर्य की शक्ति का प्रवेश' है। उन्होंने बताया कि यह संयंत्र न केवल विद्युत बचत का माध्यम है, बल्कि छात्रों के लिए एक जीवंत प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगा जहां वे अक्षय ऊर्जा के सिद्धांतों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकेंगे। ब्रेडा के अधिकारी ने इस परियोजना को बिहार के उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए एक आदर्श मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें राज्य को हरित और ऊर्जा आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर करेंगी। स्थापित सौर संयंत्र प्रतिदिन औसतन इतनी विद्युत ऊर्जा का उत्पादन करेगा कि कॉलेज की विद्युत आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा पूरा हो सकेगा। इसके साथ ही यह कार्बन उत्सर्जन में भी उल्लेखनीय कमी लाने में सहायक सिद्ध होगा। बी. डी. कॉलेज का यह प्रयास शिक्षा, पर्यावरण और नवाचार के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। ब्रेडा के सहयोग से स्थापित यह सौर ऊर्जा संयंत्र आने वाले वर्षों में संस्थान की हरित प्रतिबद्धता को और भी सशक्त बनाएगा।

## फायरिंग में बाल-बाल बचे जनसुराज पार्टी के नेता गजेंद्र सिंह


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया शहर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार देर रात जनसुराज पार्टी के नेता और वार्ड पार्षद गजेंद्र सिंह पर बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग की। अपराधियों ने कई राउंड गोलियां चलाईं जिनमें से एक गोली उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी में लगी जबकि दो से अधिक गोलियां लक्ष्य से चूक गईं। गनीमत रही कि गजेंद्र सिंह इस हमले में सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार गजेंद्र सिंह सोमवार देर रात अपने विधानसभा क्षेत्र के चंदौती इलाके का दौरा करने के बाद एपी कॉलोनी स्थित अपने आवास लौट रहे थे। इसी दौरान चंदौती रोड पर एलआईसी कार्यालय और डीपीएस स्कूल के बीच में बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। हमले के बीच गजेंद्र सिंह ने सूझबूझ दिखाते हुए तेज गति से वाहन चलाकर सीधे रामपुर थाना पहुंचे और वहां पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25वें वर्ष पर प्रो. रणवीर नंदन ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25वें वर्ष में प्रवेश करने पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और गरीबों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।



प्रो. नंदन ने कहा कि वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से ही नरेंद्र मोदी ने शासन को जन-आधारित और पारदर्शी बनाने की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए। उन्होंने गुजरात को विकास का नया मॉडल दिया और देश के सामने सुशासन की मिसाल पेश की। उन्होंने आगे कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के साथ भारत को नई दिशा दी। जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों का जीवन बदला है। प्रो. नंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक मजबूती के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाई है। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसी पहलें देश को वैश्विक मंच पर नई पहचान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन त्याग, समर्पण और सेवा का प्रतीक है। वे निरंतर देश के हर नागरिक के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रो. नंदन ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## एसएसबी पटना सीमांत मुख्यालय में प्रवर्तन व खुफिया एजेंसियों की समन्वय बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय, पटना में मंगलवार को महानिरीक्षक निशित कुमार उज्ज्वल की अध्यक्षता में विभिन्न प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच वास्तविक समय में खुफिया जानकारी साझा करने की व्यवस्था को मजबूत करना तथा खुफिया आधार पर संयुक्त अभियानों को और प्रभावी बनाना था। इस बैठक में बिहार पुलिस, एसटीएफ, सीमा शुल्क विभाग, एनसीबी, डीआरआई, प्रवर्तन निदेशालय, एफआईयू, आयकर विभाग, रेलवे, मद्य निषेध एवं आबकारी विभाग सहित सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में सभी एजेंसियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सफल संचालन के लिए आपसी सहयोग और समन्वय को और सशक्त किया जाएगा। बैठक का समापन इस सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि सभी एजेंसियां अपराध नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन हेतु अपने समर्पित प्रयास जारी रखेंगी।

## देश की पहली एनिमेटेड फिल्म 'तीर्थंकर' तैयार, प्रीमियर शो पटना में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्म की अनादिकालीन परंपरा और 24 तीर्थंकरों के दिव्य जीवन पर आधारित देश की पहली एनिमेटेड फिल्म 'तीर्थंकर' जैनत्व के कल, आज और कल बनकर तैयार हो गई है। इस फिल्म का निर्देशन पटना/जयपुर के राजेंद्र जैन ने किया है और इसे दिवाली के बाद देशभर के 100 सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित किया जाएगा। अहिंसा जिन मोशंस पिक्चर्स प्रा. लि. के बैनर तले बनी इस 2 घंटे 35 मिनट की भव्य फिल्म में 24 तीर्थंकरों की जीवन यात्रा, उनके उपदेश, संयम और अहिंसा के सिद्धांतों का सजीव चित्रण किया गया है। फिल्म में जैन धर्म की सम्पूर्ण गाथा को आधुनिक एनिमेशन तकनीक के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म में देश के 70 से



अधिक प्राचीन जैन मंदिरों एवं तीर्थ स्थलों का अद्भुत दृश्यांकन किया गया है। इसकी शूटिंग राजस्थान के 8 प्रमुख स्थलों सहित देशभर के 36 स्थानों पर संपन्न हुई। पटकथा जयपुर की जया जैन एवं पटना की डॉ गीता ने लिखी है, सिनेमैटोग्राफी मुंबई के अन्नू कुमार, संगीत बिहार के बबलू मिश्रा तथा स्वर जयपुर के पुनीत गुप्ता और साधना रावल के हैं। फिल्म में विदेह क्षेत्र, जंबूद्वीप, त्रिलोक, समोसरण और अवरार्पिणी-उत्तरार्पिणी काल का शास्त्रसम्मत चित्रण किया गया है। पहली बार इसमें णमोकार महामंत्र का फ्यूजन तथा सम्मेद शिखर का भव्य दृश्यांकन प्रस्तुत किया गया है। विशेष बात यह है कि फिल्म में दिगंबर और श्वेतांबर दोनों ही परंपराओं के महान संतों, मुनियों और आचार्यों के विचारों को शामिल किया गया है। निर्देशक राजेंद्र जैन के अनुसार 'तीर्थंकर' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि जैन दर्शन, संस्कृति और अहिंसा की आत्मा का अनुभव कराने का प्रयास है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को जैन धर्म की समृद्ध परंपरा से जोड़ना और उसके मूल्यों को आधुनिक माध्यम से पहुंचाना है। फिल्म के रिसर्च कार्य में भरत जैन, नितिन जैन सहित 19 लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## कल से शुरू होगा फेस्टिव दशहरा फेयर 2025

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार की सांस्कृतिक और उद्यमशीलता भावना को नई दिशा देने के उद्देश्य से विद्याधारा सबल भारत फाउंडेशन द्वारा 'फेस्टिव दशहरा फेयर 2025' ग्रैंड धनतेरस-दिवाली डील का आयोजन 9 अक्टूबर 2025 को अवसर हॉल, कंकड़बाग, पटना में किया जा रहा है। यह आयोजन सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सशक्तिकरण का एक अनोखा संगम होगा जिसका मुख्य उद्देश्य फाउंडेशन के मिशन 'हर घर रोजगार' को आगे बढ़ाते हुए बिहार के युवाओं, महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाना है। मेले में बिहार सहित विभिन्न राज्यों के पारंपरिक उत्पाद, हस्तशिल्प, फेस्टिव आइटम्स और दिवाली-धनतेरस से जुड़े स्टॉल लगाए जाएंगे जिससे स्थानीय व्यापार और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन संध्या में 'ओ वूमनिया' संस्था के तत्वावधान में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कलाकार एवं एंकर रुबी खातून के नेतृत्व में संगीतमय प्रस्तुति 'स्वरांजली-याद शारदा जी की' आयोजित की जाएगी। यह प्रस्तुति बिहार की स्वर कोकिला स्वर्गीय शारदा सिन्हा को समर्पित होगी। इस अवसर पर राज्य के लोक कलाकार लोकगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बिहार की लोक-संस्कृति को जीवंत करेंगे। कार्यक्रम के समापन सत्र में एक विशेष रैंप वॉक और एक्सपो प्रदर्शन का आयोजन होगा जिसमें विभिन्न उत्पादों, महिला उद्यमियों और स्टार्टअप्स की उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा। फाउंडेशन की निदेशक मीनम संजीव कुमार ने कहा कि फेस्टिव दशहरा फेयर 2025 केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में ठोस कदम है। हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

## गैंगरेप के बाद महिला की हालत नाजुक, पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** शहर के रामपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहित महिला के साथ सामूहिक दुराचार का मामला सामने आया है। घटना चार अक्टूबर की है। गंभीर हालत में महिला सिविल लाइन थाना की पुलिस को मिली जिसके बाद पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला संज्ञान में आते ही एसएसपी आनंद कुमार ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन कर दिया। पुलिस ने पीड़िता के प्रारंभिक बयान, तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें बोधगया स्थित एक होटल का मैनेजर भी शामिल है।

## प्रभु आहार सेवा और आधार फाउंडेशन की ओर से नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के पटना विजन लाउंज में मंगलवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। प्रभु आहार सेवा और आधार फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से पटना के आयकर गोलंबर के निकट टेलीग्राफ कालोनी स्थित पटना विजन लाउंज में यह शिविर लगायी गयी। इसमें 20 से अधिक लोगों का निःशुल्क नेत्र जांच किया गया। अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विवेक विकास ने बताया कि शिविर में आए लोगों का विजन, रिफ्रैक्शन, स्लिट लैंप चेकअप के अलावा आर्टिफिशल इंटेलिजंस आधारित फंडस ऑन फोन (एफओपी)के जरिए आंखों की जांच की गयी। पटना विजन लाउंज की सीनियर ऑप्टोमेट्रिस्ट मेयंका ने बताया कि एफओपी के जरिए आखों में ग्लूकोमा, रेटिना की समस्या आदि का पता लगाया जाता है। नेत्र जांच के बाद कई लोगों ने रियायती दरों पर अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के लैब में तैयार चश्मे भी लिए। प्रभु आहार के राकेश कुमार ने बताया कि लॉकडाउन के समय से जारी सेवा अभियान के तहत संस्था से जुड़े लोगों की नेत्र जांच की गयी। आधार फाउंडेशन के एमपी जैन ने बताया कि अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के पटना विजन लाउंज में भविष्य में ऐसे कई और नेत्र जांच शिविर लगाए जाएंगे। इस मौके पर डॉ धनंजय, डॉ गीता जैन, सुबोध जैन, अमित राज अकेला, पिंटू कुमार, विद्यादेव प्रसाद, स्वर्णलता, पुष्पा जैन, तनूजा, आदित्य राज, अदिति राज, रूबी सिन्हा आदि मौजूद थे।




## एक संकल्प, एक ही नारा – विकसित हो बिहार हमारा विषय पर मृदुराज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाजसेवा और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय संस्था मृदुराज फाउंडेशन द्वारा आज राजधानी पटना में मृदुराज प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 सह परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय था – 'एक संकल्प, एक ही नारा – विकसित हो बिहार हमारा'। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के सर्वांगीण विकास को लेकर जागरूकता फैलाना और उन प्रतिभाओं को सम्मानित करना था जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से चयनित प्रतिभावानों को 'मृदुराज प्रतिभा सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र से दीपक कुमार, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की रिसर्च स्कॉलर सिमरन राज, दिव्यांग व्हीलचेयर रग्बी खिलाड़ी धीरज कुमार, रैडीशन ग्रुप के एक्जीक्यूटिव सू शेफ अंकित गौरव, बागा दौड़ एथलेटिक्स के खिलाड़ी रिषभ राज, तथा 'मार्गदर्शन ट्रस्ट' के संस्थापक अजय कुमार शामिल थे। इन सभी व्यक्तित्वों ने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर बिहार का मान बढ़ाया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन संस्था के प्रेरणास्त्रोत स्व. मृदुला सिन्हा और स्व. राज किशोर प्रसाद की पुण्यतिथि (7 अक्तूबर) के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

## इसीआरकेयू हाजीपुर जोन की वर्किंग कमेटी की बैठक सम्पन्न, शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर जोन की वर्किंग कमेटी की बैठक 7 अक्टूबर मंगलवार को रेलवे समुदायिक भवन, पानी टंकी रोड, खरखुरा कॉलोनी गया में संपन्न हुआ।मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री कामरेड शिवगोपाल मिश्रा की उपस्थिति सराहनीय रही। बैठक में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के जोनल अध्यक्ष कामरेड डीके पांडे ने अध्यक्षता की। हाजीपुर जोन के महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव भी मंच पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़कर कार्यक्रम को सफल बनाए। सर्वप्रथम ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री कामरेड शिवगोपाल मिश्रा ने इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन का झंडा फहराकर अमर शहीदों को पुष्पांजलि किया। तत्पश्चात 2 मिनट मौन रखकर उन अमर शहीदों को तथा विगत वर्षों में शहीद हुए यूनियन के सक्रिय कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई और उनको नमन किया गया। मुख्य अतिथियों को कामरेड मिथिलेश कुमार केंद्रीय कोषाध्यक्ष तथा मुकेश सिंह सचिव गया शाखा ने अंग वस्त्र तथा बुके देकर सम्मानित किया गया। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि यूनियन के प्रत्येक स्तरों पर कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ताओं को संगठन में स्थान प्राथमिकता के आधार पर दिया जाए। युवा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संगठन के साथ जोड़ा जाए साथ ही महिला कर्मचारियों को संगठन में आगे लाकर संगठन को मजबूती प्रदान किया जाए। विगत चुनाव में जिस प्रकार सोशल मीडिया के माध्यम से हमारे रनिंग साथियों एवं ट्रैकमैन साथियों को बरगलाकर दिग्गभ्रमित किया गया वह आज ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उनकी समस्याओं को सर्वोपरि मानते हुए ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन तथा ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन समाधान करवाएगी। कामरेड मिथिलेश कुमार ने कहा कि आज की वर्किंग कमेटी बैठक इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के लिए मिल का पत्थर साबित होगी और आने वाले चुनाव में पुनः कर्मचारियों का भरोसा कायम रखते हुए विजय होगी। लोको पायलट, ट्रैक मेंटेनर, कैरिज एंड वैगन के अलावा तमाम विभागों के कर्मचारियों का विश्वास इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन पर वर्तमान समय में भी कायम है जिसका लाभ कर्मचारियों को समस्याओं के समाधान करवाने में अवश्य मिल रहा है। बैठक मे हाजीपुर जोन के सभी शाखा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपनी अपनी बातों को बखूबी रखा। बैठक का आयोजन गया शाखा के द्वारा किया गया था जिसकी तैयारी के लिए विगत कई दिनों से युवा साथी एवं गया शाखा की पूरी टीम लगी हुई थी।उक्त जानकारी उत्तम कुमार मीडिया प्रभारी, इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, शाखा गया ने साझा की है।

## जमीन विवाद को लेकर मारपीट, 4 घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र के ऊपर डीह मोहल्ला में जमीन विवाद को लेकर सोमवार को मारपीट हुई। घटना में जुगल किशोर पाठक के परिवार के 4 सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। 3 अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं जिनका इलाज घर पर चल रहा है। जुगल किशोर पाठक ने बताया कि उनके पड़ोसी कृष्णा राउत प्रसाद उर्फ बउया, कृष्ण मोहन राउत उर्फ बउया और उनके बेटे राकेश कुमार, बृजेश कुमार, राजेश और राजू उनकी जमीन हड़पने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। पाठक के अनुसार, पड़ोसी पहले भी कई बार मारपीट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। सोमवार को दबंगई की हद पार करते हुए पड़ोसियों ने लगभग 10 असामाजिक तत्वों को बुलाया और उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जब परिवार ने इसका विरोध किया तो उन पर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से बेरहमी से हमला किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

## आरपीएफ और जीआरपी के संयुक्त अभियान में 21.500 लीटर विदेशी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** चुनाव को लेकर शराब माफिया सड़क मार्ग को छोड़ कर रेलमार्ग से शराब लाना सुरक्षित समझने लगे हैं। वैसे भी ट्रेन से लाई गई शराब गया जंक्शन पर कई बार बरामद किए गए हैं। कुछ मामलों में गिरफ्तारियां भी हुई है, लेकिन अधिकतर लावारिश हालात में ही बरामद किए गए हैं। चुनाव के मद्देनजर इस बार रेलवे लाइन के किनारे से मंगलवार को लावारिश हालात में आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने संयुक्त रूप से अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखते हुए बागेश्वरी गुमटी और फलगु ब्रिज के पास से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है जिस पर निरंतर नजर रखने की जरूरत है। फिलहाल जो मंगलवार को शराब बरामदगी हुई है इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल और रेल पुलिस को इसकी गहनता से जांच करना जरूरी है। नहीं तो माफिया चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। कार्रवाई की जानकारी देते हुए आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि बरामद शराब की मात्रा कुल 21.500 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई है जिसमें हॉवर्ड बोल्ड स्ट्रांग बीयर 650 एमएल के 25 बोतल (12 + 13 बोतल) रॉयल स्टेज सुपीरियर व्हिस्की 750 एमएल के 7 पीस

बरामद शराब की कीमत लगभग 9210 आंकी गई है। कार्रवाई की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए श्री यादव ने बताया कि आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने संयुक्त रूप से अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखते हुए बागेश्वरी गुमटी और फलगु ब्रिज के पास दो नायलॉन के झोले और एक बैगनी रंग का बैग लावारिस अवस्था में पड़ा पाया। तलाशी के दौरान झोलों और बैग में से विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब को विधिवत जप्त कर जीआरपी थाना गया में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और जीआरपी थाना गया में कांड संख्या 292/25 दिनांक 07.10.25 अंतर्गत धारा 30 बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## जीबीएम कॉलेज में इतिहास, दर्शनशास्त्र एवं गृहविज्ञान की छात्राओं के अभिभावकों ने पेरेंट्स टीचर्स मीट में लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल के संरक्षण में इतिहास, दर्शनशास्त्र एवं गृहविज्ञान विभाग की सेमेस्टर वन, थ्री एवं फाइव की छात्राओं के लिए पैरेंट्स-टीचर्स मीट का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं के पेरेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षिकाओं से अपनी समस्याएं साझा कीं। प्रधानाचार्या ने सभी अभिभावकों से कक्षाओं में छात्राओं की 75% उपस्थिति को किसी भी तरह से सुनिश्चित करने कहा। अगस्त तथा सितंबर माह में जिन छात्राओं की उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम पायी गयी, उन्हें परीक्षा प्रपत्र भरने तथा छात्रवृत्ति लेने की सुविधाओं से वंचित किये जाने की चेतावनी दी। कहा कि कॉलेज में नामांकन लिया है तो कक्षाओं में छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

प्रधानाचार्या ने इतिहास विभाग की छात्राओं को शैक्षणिक परिभ्रमण हेतु संग्रहालयों, ऐतिहासिक धरोहरों एवं प्रसिद्ध स्थलों पर भी ले जाने की बात कही। छात्राओं को मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण हेतु भी आमंत्रित किया। यूनिफॉर्म कोड के तहत मैरून रंग का कुर्ता एवं व्हाइट कलर का सलवार एवं दुपट्टा पहन कर आने का निर्देश दिया। एनएसएस, एनसीसी, संगीत, स्पोर्ट्स, नैट्स आदि सुविधाओं का लाभ उठाने कहा। कॉलेज द्वारा छात्रावास की व्यवस्था किये जाने का भी आश्वासन दिया। इतिहास विभाग की सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर्स डॉ अनामिका कुमारी, डॉ कृति सिंह आनंद, दर्शन शास्त्र विभाग की डॉ जया चौधरी, डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ आशुतोश कुमार पांडेय व डॉ पूजा राय, गृहविज्ञान विभाग की डॉ प्रियंका कुमारी, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, रौशन कुमार ने भी पेरेंट्स के सुझावों एवं समस्याओं को सुनकर यथोचित समाधान बतलाया।

## एसबीआई क्रेडिट कार्ड से 82 हजार की अवैध निकासी, पीड़ित ने दिया आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के मंगरौर निवासी नीरज कुमार अंबष्ट ने अपने एसबीआई क्रेडिट कार्ड से अवैध रूप से 82,196 रुपये निकाले जाने की शिकायत साईबर थाना में दर्ज कराई है। नीरज कुमार, पिता सुशील कुमार अंबष्ट, ग्राम मंगरौर, थाना कोंच, जिला-गया ने बताया कि उनका खाता एसबीआई बाजार शाखा गया में है। कुछ वर्ष पूर्व उन्हें इसी शाखा से एसबीआई क्रेडिट कार्ड जारी किया गया था। नीरज कुमार ने बताया कि 4 अक्टूबर 2025 को उनके मोबाइल पर 82,196 रुपये की निकासी का संदेश मिला जबकि उन्होंने किसी भी प्रकार की खरीदारी या लेन-देन नहीं किया था। पीड़ित के अनुसार 1 और 2 अक्टूबर 2025 को भी उन्होंने कोई ओटीपी साझा नहीं किया, न ही किसी लिंक या संदेश पर क्लिक किया। इसके बावजूद उनके खाते से राशि की निकासी हुई। उन्होंने बताया कि कार्ड उनके पास सुरक्षित है और उन्होंने किसी को इसकी जानकारी नहीं दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत एसबीआई बाजार शाखा गया एवं क्रेडिट कार्ड विभाग को सूचित किया। बैंक द्वारा लेन-देन की जांच के बाद उन्हें थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

## मुख्य न्यायाधीश पर हमला नहीं, भारत के संविधान पर हमला : जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** सर्वोच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. आर. गवई पर हुआ जूता फेंकने की कोशिश का कृत्य केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि भारत के संविधान, उसकी आत्मा और सामाजिक न्याय के मूल्यों पर सीधा प्रहार है। यह वही देश है जहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान का हक दिया। आज जब एक दलित अपनी योग्यता और निष्ठा के बल पर देश की सर्वोच्च न्यायिक कुर्सी पर विराजमान है, तब एक विशेष विचारधारा को यह स्वीकार नहीं हो पा रहा है।

पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर आरएसएस-भाजपा मानसिकता से प्रेरित लोग मुख्य न्यायाधीश के विरुद्ध घृणा और जहर फैला रहे थे। उसी विषैली मानसिकता की परिणति यह घृणित जूता फेंकने की घटना है। उक्त बातें मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि यह जूता भारत की संवैधानिक अस्मिता पर फेंका गया है, बाबा साहेब के आदर्शों पर मारा गया है और देश के दलितों के आत्मसम्मान पर मारा गया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल सहित समूची कांग्रेस पार्टी ने इस घटना की तीव्र निंदा की है और कहा है कि माननीय मुख्य न्यायाधीश पूरी निर्भीकता से हमारे संविधान और उसमें प्रदत्त शक्तियों के तहत अपने निर्णयों से संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करें समूचा भारतवर्ष आपके साथ खड़ा है। प्रेस वार्ता का संचालन प्रदेश प्रवक्ता डॉ खालिद अमीन ने किया और साथ में साहब रहमानी कार्यकारी अध्यक्ष, जिला प्रवक्ता शौकत निशात उर्फ नवाब अली, जिला प्रवक्ता बबलू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शामी अख्तर खान इत्यादि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# दवाओं के उत्पादन में कड़ी निगरानी हो

दवाओं के उत्पादन में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। करीब 200 देशों में यहां से दवाएं निर्यात होती हैं और जेनेरिक दवाएं सबसे ज्यादा यहीं बनती हैं। इन उपलब्धियों के बीच राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप की वजह से बच्चों की मौत शर्मनाक है। इससे स्पष्ट है कि इस फील्ड में जिस तरह की निगरानी, मानक और सुरक्षा उपायों की जरूरत है, उसमें कोताही बरती जा रही है।तमिलनाडु की दवा कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के 'कोल्ड्रिफ' कफ सिरप के नमूने में 48.6त्न डाई एथिलीन ग्लाइकॉल मिला है, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार इसकी मात्रा 0.10त्न से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह एक खतरनाक इंडस्ट्रियल केमिकल है, जिसका इस्तेमाल गाड़ियों और मशीनों में होता है। इसकी वजह से पीड़ित बच्चों की किडनी फेल हो गई। घटना सामने आने के बाद कार्रवाई का दौर जारी है। दवाएं वापस ली गई हैं, केस दर्ज हुआ है और नैशनल रेगुलेटर अथॉरिटी सीडीएससीओ ने कई राज्यों में जांच की है। सवाल है कि पिछली गलतियों से क्या सीखा गया? भारत में बने कफ सिरप पहले भी सवालों में आ चुके हैं। 2022 में गाम्बिया में कई बच्चों की मौत के बाद डब्ल्यूएचओ ने एक भारतीय कंपनी के कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की थी। इसके बाद भी कई और जगहों से इसी तरह की शिकायत आई। भारत के फार्मास्युटिकल मार्केट का आकार लगभग 60 अरब डॉलर है। इसका बड़ा हिस्सा छोटी कंपनियों के पास है। सीडीएससीओ ने इस साल अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ज्यादातर छोटी और मझोली कंपनियों की दवाएं जांच में तयशुदा मानक से कमतर पाई गईं। इस जांच में 68 प्रतिशत एमएसएमई फेल हो गई थीं। इससे पहले, जब केंद्रीय एजेंसी ने 2023 में जांच की, तब भी 65 प्रतिशत कंपनियों की दवाएं सब-स्टैंडर्ड मिली थीं। सरकार का अनुमान है कि इस साल देश का दवा निर्यात 30 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। वहीं, 2030 तक फार्मा मार्केट के 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। लेकिन, इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। दवाओं की जांच और निगरानी अभी तक की कमजोर कड़ी साबित हुई है। रिसोर्स और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। केंद्रीय और राज्य की नियामक एजेंसियों को ज्यादा बेहतर तालमेल के साथ और ज्यादा तेजी से काम करने की जरूरत है, क्योंकि यह मामला केवल इकॉनमी या देश की छवि ही नहीं, अनमोल जिंदगियों से जुड़ा है।

**अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के तकरीबन 4 साल बाद, अब भारत और तालिबान के बीच औपचारिक संवाद का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी आगामी 9 अक्टूबर को पहली बार भारत का दौरा करने आ रहे हैं। यह दौरा केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि दक्षिण एशिया की जियो-पॉलिटिकल तस्वीर में एक बड़े बदलाव का बड़ा संकेत भी देता है। तालिबान और भारतीय अधिकारियों के बीच अब तक मुख्य रूप से दुबई और काबुल में बैठकें आयोजित की जा रही हैं। लेकिन यह पहली बार होगा जब तालिबान का शीर्ष नेतृत्व सीधे भारत आएगा।**

# तालिबान के विदेश मंत्री का भारत दौरा एक नए अध्याय के शुरुआत



**अशोक भाटिया , मुंबई**

इस कदम के ज़रिये यह स्पष्ट रूप से संदेश जाता है कि अफगानिस्तान अब पाकिस्तान की छाया से बाहर निकलकर भारत के करीब आ रहा है। 15 अगस्त 2021 को जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया था तो भारतीय अधिकारी काबुल स्थिति दूतावास बंदकर दिल्ली लौट आए थे। उस वक्त माना गया कि अफगानिस्तान का दरवाजा अब दिल्ली के लिए हमेशा के लिए बंद हो गया है। लेकिन आज करीब चार सालों के बाद तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत आ रहे है। ऐसा शायद ही किसी ने सोचा होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मुत्ताकी के दिल्ली दौरे को मंजूरी दे दी है और वो 16 अक्टूबर से पहले भारत आ सकते हैं।तालिबान और भारतीय अधिकारियों के बीच अभी तक दुबई और काबुल में मुलाकात होती रही है और ये पहली बार होगा, जब तालिबान के शीर्ष नेतृत्व का कोई अधिकारी भारत आ रहा हो। इसीलिए आमिर खान मुत्ताकी का दिल्ली दौरा सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं है। इस साल की शुरूआत में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुत्ताकी से टेलीफोन पर बात की थी और इस साल जून में, भारत ने हैदराबाद स्थित अफगान वाणिज्य दूतावास का नियंत्रण तालिबान की तरफ से नियुक्त किए गये मोहम्मद रहमान को वाणिज्य दूतावास प्रतिनिधि के रूप में सौंप दिया था। अफगानिस्तान में आने वाले हर आपदा के समय भारत प्रतिक्रिया देने वाला पहला देश रहा है। हालिया भूकंप के समय भी भारत ने तत्काल राहत सहायता भेजी थी। इसके अलावा अफगान नागरिकों और भारतीय नागरिकों के बीच का रिश्ता भी काफी मजबूत है और ये एक बड़ी वजह है, जिसने तालिबान को भारत के साथ रिश्ता मजबूत करने को मजबूर किया है। नई दिल्ली ने करीब 50,000 टन गेहूं, 330 टन दवाइयां और अन्य खाद्य एवं आश्रय सामग्री अफगान जनता तक पहुंचाई है, जबकि सितंबर के भूकंप के तुरंत बाद राहत सामग्री भेजना भी भारत की अफगानिस्तान को लेकर तत्परता को दर्शाता है। भारत जानता है, कि अफगानिस्तान उसके लिए कितना महत्वपूर्ण है, खासकर उस वक्त जब तालिबान और पाकिस्तान बार बार युद्ध के मुहाने पर खड़े हो रहे हैं। तालिबान और पाकिस्तान के बीच का रिश्ता चीन की मध्यस्थता के बावजूद निम्नतम स्तर पर है। जियो-पॉलिटिकल एक्सपर्ट और मिडिल ईस्ट के जर्नलिस्ट उमर वज़िरी ने लिखा है कि पाकिस्तान के साथ तालिबान के रिश्ते खराब होने के पीछे कई वजहें हैं। दशकों तक पाकिस्तान ने तालिबान को अपना प्रॉक्सी माना और उन्हें आश्रय, हथियार और वित्तीय सहायता दी। लेकिन पाकिस्तान ने इसके साथ ही अफगानिस्तान को अपना पांचवां राज्य भी मानना शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने अफगानों को अपना गुलाम मानना शुरू कर दिया और पाकिस्तान चाहता था कि तालिबान की विदेश नीति इस्लामाबाद से तय हो। जिसे मानने से तालिबान ने साफ इनकार कर दिया। इसके बाद दिसंबर 2024 में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में भीषण हवाई हमला करते हुए दर्जनों अफगानों को मार डाला और पाकिस्तान में रहने वाले लाखों अफगानों को देश से बाहर कर दिया। तालिबान ने अफगान शरणार्थियों को बाहर निकालने की घटना को पाकिस्तान का विश्वासघात माना है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा, जिसे डूरंड लाइन कहा जाता है, उसपर भी पाकिस्तान और तालिबान के बीच विवाद है। तालिबान ने डूरंड लाइन पर पाकिस्तान की तरफ से लगाए गये बाड़ को उखाड़ फेंका है। तालिबान, भारत को लेकर अफगानों के दिल में प्यार को महसूस कर रहा है। इसके अलावा तालिबान, पाकिस्तान की हरकतों से परेशान रहा है। तालिबान भी अफगानिस्तान में विकास चाहता है और वो चाहता है कि भारत, अफगानिस्तान में चलाए जा रहे अपने डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को फिर से शुरू करे। इसीलिए तालिबान ने कई दफे भारत को अपना सहयोगी कहकर संबोधित किया है। तालिबान ने पहलगाम आतंकी हमले की ना सिर्फ आलोचना की थी, बल्कि भारत के च्जवाब देने के अधिकारज् का भी समर्थन किया था। भारत ने अफगानिस्तान में 2000 के दशक से संसद भवन, सड़कें, बांध और स्कूल बनाने जैसे विकास कार्यों में योगदान दिया है। साथ ही, चाबहार पोर्ट के माध्यम से पाकिस्तान के बंदरगाह कनेक्शन को बायपास कर अफगानिस्तान को समुद्री मार्ग उपलब्ध कराना भी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। भारत ने तालिबान के साथ औपचारिक मान्यता दिए बिना बातचीत कर संतुलन बनाए रखा है। उमर वज़िरी ने कहा है कि तालिबान का भारत को लेकर सकारात्मक नजरिया न सिर्फ पाकिस्तान के लिए चेतावनी है, बल्कि दक्षिण एशियाई भू-राजनीति में बहुत बड़े बदलाव का संकेत भी देता है। पाकिस्तान की नीतियों, अफगानिस्तान में हवाई हमले, अफगान शरणार्थियों को बेइज्जत कर बाहर निकालना, सीमा विवाद ने पाकिस्तान को लेकर तालिबान के विश्वास को खत्म कर दिया है। जबकि भारत की दीर्घकालिक मदद, व्यापारिक विकल्प और सम्मानजनक संवाद तालिबान को पाकिस्तान की पकड़ से आजाद कर रहे हैं। मुत्ताकी की नई दिल्ली यात्रा इस बदलाव का प्रतीक बन गई है, जिससे साफ संदेश जाता है कि अफगानिस्तान अब पाकिस्तान की छाया से बाहर निकल कर भारत की तरफ बढ़ रहा है। वैसे भारत सरकार ने अभी तक अफगानिस्तान में तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी है, लेकिन वह दिन दूर नहीं राह गया जब तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी अगले सप्ताह भारत आएंगे। चूंकि वे दुश्मन के दोस्त हैं, इसलिए ऐसी दोस्ती पर भारत को पुनर्विचार भी करना चाहिए । तालिबान ने चार साल पहले अगस्त 2021 में दूसरी बार अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया था। जबकि तालिबान द्वारा पहली बार अफगानिस्तान में सरकार को उखाड़ फेंकने के समय भारत के अपदस्थ सरकार के साथ मजबूत संबंध थे और दूसरी बार भी, तालिबान पाकिस्तान के सक्रिय समर्थन से पैदा हुआ था और कश्मीर में आतंकवादियों के प्रति अपने सार्वजनिक भाईचारे के कारण शुरू से ही जिहादी संगठन के साथ मतभेद में रहा है। तालिबान को यह भी एहसास हो गया है कि वह अफगानिस्तान में पश्तूनों और अन्य संस्कृतियों का सफाया करके अपना खुद का निरंकुश शासन स्थापित करना चाहता है। इसलिए दूसरी बार सत्ता में आए तालिबान शासक पाकिस्तान के पक्ष में बिल्कुल भी नहीं हैं । इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत कई वर्षों से अफगानिस्तान में कई क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढांचे, दवा, खाद्य आपूर्ति आदि में शामिल और निवेश कर रहा है।यह सबसे मूल्यवान सॉफ्ट पावर है जो क्रिकेट से आती है। इसका कालातीत महत्व कोविड काल के दौरान उतना ही स्पष्ट था जितना कि पिछले सितंबर में अफगानिस्तान में आए विनाशकारी भूकंप के बाद था। जबकि तालिबान को यह महसूस करने में समय लगा कि भारत इस तरह के कठिन क्षण में सबसे करीबी और सबसे विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता था, दोनों देशों के बीच इस साल औपचारिक और अनौपचारिक वार्ता के नियमित दौर हुए हैं, जिसका समापन आने वाले दिनों में तालिबान के विदेश मंत्रियों की बैठक में हुआ है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान संबंधों में गिरावट का तात्कालिक कारण इस साल की शुरुआत में आया था- भारत और अफगानिस्तान के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं क्योंकि 80,000 अफगान शरणार्थियों को देश छोड़ने और अफगानिस्तान जाने के लिए कहा गया था।

# मोदी की सोच से आगे बढ़ता भारत



**प्रो. महेश चंद गुप्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल में 75 वर्ष के हो गए हैं। इस अवसर पर देश ने न केवल उनकी राजनीतिक यात्रा और उपलब्धियों को याद किया बल्कि यह भी महसूस किया कि उनकी दूरदर्शिता और सकारात्मक सोच ने देश को नई दिशा दी है। मोदी की कहानी सिर्फ एक राजनीतिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह उन विचारों और मूल्यों की कहानी है जो भारत को विकास और गौरव के पथ पर ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। इस मौके पर मुझे मोदी का 7 फरवरी 2013 का वह भाषण याद आता है जो उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के नाते दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में दिया था। मुझे याद है मोदी के भाषण में विकास, प्रगति और वृद्धि मुख्य शब्द रहे थे। उन्होंने उस भाषण में जो कुछ कहा था, उसे पीएम बनने के बाद जिस प्रकार धरातल पर साकार किया है, उससे जाहिर है उन्होंने देश के बारे में कितना कुछ पहले ही सोच रखा था। नियति ने मोदी की सकारात्मक सोच के चलते उन्हें देश की सत्ता के सर्वोच्च शासनाध्यक्ष पद पर पहुंचाया। आरएसएस के स्वयंसेवक के रूप में मोदी ने राष्ट्र सर्वोपरि माना और इसी के अनुरूप वह काम कर रहे हैं। मुझे स्मरण है मोदी कॉलेज में वैश्विक परिदृश्य में उभरते व्यावसायिक मॉडल विषय पर व्याख्यान देने आए थे। उस अद्भुत अवसर का साक्षी होने का मौका मुझे भी मिला। मीडिया मोदी के उस भाषण को उन पांच भाषणों में मानता है जिन्होंने मोदी को एक प्रखर वक्ता और राष्ट्रीय राजनेता के रूप में स्थापित किया। मेरा सौभाग्य है कि न केवल मैंने मोदी का भाषण सुना बल्कि जब वह कार्यक्रम के बाद प्रस्थान कर रहे थे तो उनसे हाथ मिलाने का मौका भी मिला। इस दौरान पता नहीं किस भावना से प्रेरित हो कर मैंने उनसे कह भी दिया कि आप पीएम बनेंगे और देश आपको बड़ी उम्मीदों से देख रहा है। मेरी बात सुन मोदी कुछ बोले नहीं, बस मुस्कुराते रहे और आगे बढ़ गए। जब वह बोलने के लिए खड़े हुए थे तो उनके जेहन में एक ही बात थी और वह था-देश का भविष्य। उन्होंने देश को केन्द्र में रखकर काम करना शुरू किया और लगातार करते आ रहे हैं।

कॉलेज में मोदी ने अपने भाषण में डवलपमेंट शब्द को बीस बार, चुनौतियां शब्द 16, यूथ शब्द 15, ग्रोथ, अपॉर्चुनिटी 9, गवर्नेंस 8, होप 6, ब्रांड 5, प्राइड 5, मॉडल 4 और फ्रेंड्स शब्द को 180 बार बोला था। उस समय इसकी मीमांसा मैंने नहीं की थी लेकिन अगर आज इस पर गौर करते हैं तो हमें अहसास हो जाता है कि मोदी के मन में देश के लिए किस तरह की परिकल्पनाएं थीं, जिसे वह साकार करने का दृढ़ निश्चय किए हुए थे। भले ही मोदी ने पीएम पद की महत्वाकांक्षा कभी नहीं रखी पर देश की अर्थ व्यवस्था को पंख लगाने, विकास की ऊंची उड़ान और युवाओं के बूते भारत की तकदीर बदलने तथा भारत को विश्व गुरु बनाने की महत्वाकांक्षा उन्होंने जरूर पाल रखी थी। नियति ने इसी वजह से उनके देश के पीएम पद पर बैठने का मार्ग प्रशस्त किया। उनका भाषण 75 मिनट का था लेकिन हर मिनट में यह स्पष्ट हो रहा था कि उनके मन में देश की भलाई की भावना और भविष्य की योजनाएं कितनी गहनता से पैठी हुई हैं। उस भाषण में मोदी जी ने विकास, प्रगति और वृद्धि पर बार-बार जोर दिया। उनके शब्दों में स्पष्ट दृष्टि थी कि 21वीं सदी ज्ञान और कौशल की सदी है और इसकी अगुवाई भारत ही करेगा। उन्होंने कहा था कि देश को आगे बढ़ाने के लिए स्किल, स्पीड और स्केल पर ध्यान देना होगा। आज, साढ़े 11 साल बाद यह स्पष्ट है कि मोदी ने जो कहा, उसे यथार्थ के धरातल पर उतारकर दिखाया। पीएम बनने के बाद मोदी ने देश के विकास के लिए ठोस कदम उठाए। पीएम गरीब कल्याण योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने देश के विकास के मार्ग को मजबूत किया। इन पंक्तियों को लिखते समय मुझे स्मरण हो रहा है कि भ्रष्टाचार, कुशासन और आर्थिक गतिरोध जैसी चुनौतियों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा था कि भारत इन बाधाओं से तभी पार पा सकता है जब वह अपने अवसरों का सही उपयोग करे और उनके नेतृत्व में यह हुआ भी है। मोदी सरकार ने जनधन योजना, जीएसटी सुधार, ई-गवर्नेंस पहल और आर्थिक सुधारों के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। आज भारत वैश्विक स्तर पर गर्व के साथ अपनी पहचान बना रहा है। मोदी ने अपने भाषण में 'मेड इन इंडिया' पर जोर दिया और मैन्यूफेक्चरिंग क्षेत्र में दक्षता, तकनीकी नवाचार और ब्रांडिंग की आवश्यकता पर बात की थी। आज, उनके प्रयासों से भारत न केवल एक बड़ा बाजार बनकर उभरा है बल्कि विश्व स्तर पर तकनीकी और विनिर्माण क्षमता में भी अग्रणी बन गया है।

# जीवन धारा- कल्पना असंभव को भी संभव बनाती है... सकारात्मक सोचने का सूत्र अपनाएं

**( ज्योति भास्कर )**

ज्यादातर लोग जिंदगी को एक जंग समझते हैं, लेकिन यह जंग नहीं, बल्कि एक खेल है। यह ऐसा खेल है, जिसमें बिना आध्यात्मिक नियमों की समझ के सफलता नहीं मिल सकती। यह खेल देने और लेने का है। मनुष्य जो कुछ बोएगा, वही काटेगा। इसका मतलब है कि इन्सान जो भी शब्दों या कर्मों में देता है, वही उसे वापस मिलता है।

अगर वह नफरत देता है, तो उसे नफरत मिलेगी, अगर वह प्रेम देता है, तो उसे प्रेम मिलेगा, अगर वह आलोचना करता है, तो उसे आलोचना मिलेगी, अगर वह झूठ बोलता है, तो उसके साथ झूठ बोला जाएगा और अगर वह धोखा देता है, तो उसे धोखा मिलेगा। हमें यह भी सिखाया गया है कि इस जिंदगी के खेल में हमारी कल्पना शक्ति बहुत बड़ी भूमिका निभाती है।

अपने दिल या कल्पना को पूरी सावधानी से संभालो, क्योंकि उसी से जिंदगी के परिणाम निकलते हैं। इन्सान जो कुछ भी अपनी कल्पना में देखता है, वह देर-सबेर उसकी जिंदगी में हकीकत बन जाता है। मैं ऐसे व्यक्ति के बारे में जानती हूं, जो एक खास बीमारी से डरता था। वह बीमारी बहुत दुर्लभ थी, लेकिन वह बार-बार उसके बारे में सोचता और पढ़ता रहता, जब तक कि वह बीमारी उसके शरीर में नहीं आ गई, और वह अपनी गलत कल्पना का शिकार होकर मर गया।

जिंदगी के खेल को सफलतापूर्वक खेलने के लिए हमें अपनी कल्पना शक्ति को सही दिशा में प्रशिक्षित करना होगा। जो व्यक्ति अपनी कल्पना को सिर्फ अच्छा सोचने के लिए प्रशिक्षित करता है, वह अपनी हर अच्छी इच्छा को पूरा कर लेता है, चाहे वह स्वास्थ्य, धन, प्रेम, दोस्त और आत्म-अभिव्यक्ति से संबंधित हो या फिर अपने सर्वोच्च आदर्श से। कल्पना को 'मन की कैंची' कहा गया है, और यह दिन-प्रतिदिन उन चित्रों को काटती रहती है, जो मनुष्य वहां देखता है। कल्पना को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित करने के लिए, मनुष्य को अपने मन की कार्यप्रणाली को समझना होगा। यूनानियों ने कहा था, स्वयं को जानो। बहुत से लोग अपनी वास्तविक किस्मत से अनभिज्ञ होते हैं और वे उन चीजों और परिस्थितियों के लिए प्रयास कररहे होते हैं, जो उनकी हैं ही नहीं। यदि वे प्राप्त भी हो जाएं,तो कोई गारंटी नहीं कि उनसे संतोष मिलेगा ही।

उदाहरण के लिए, मेरे पास एक महिला आई और उसने कहा कि वह अमुक व्यक्ति से प्यार करती है और शादी करना चाहती है। उसे कहने के लिए कोई 'अच्छा शब्द' बताइए। शादी के बाद दोनों में अनबन हो गई और अलग हो गए। महिला ने दूसरी शादी की, लेकिन इस बार भी रिश्ता आगे नहीं निभ सका। दरअसल, जिस तरह की कल्पनाएं वह अपने पति के लिए करती थी, वैसी खूबियां दोनों ही शादियों में नहीं मिलीं और वह असंतुष्ट ही रही। कहने का मतलब है, कल्पना शक्ति को सही दिशा में लगाकर सबसे पहले खुद को जानना जरूरी है।

**सूत्र- सकारात्मक सोचें:** धरती पर प्रत्येक जीव का समय तय है। इस बीच हमें स्वास्थ्य, धन, प्रेम, दोस्त, आत्म-अभिव्यक्ति, और अपने सबसे ऊंचे आदर्श को प्राप्त करना होता है। लेकिन कुछ लोग नासमझी के कारण दूसरों से घृणा करते हैं, और जीवन चक्र उनके कर्मों के फल देता ही है, भले कुछ समय बाद दे। इसलिए अपने समेत सबके लिए सकारात्मक सोचें।

# बिहार का रण-एनडीए, इंडिया ब्लाक और प्रशांत किशोर की जन सुराज में त्रिकोणीय टक्कर, कौन पड़ेगा भारी?

**( अंकित सिंह )**

बिहार विधानसभा चुनावों के लिए मंच तैयार है, जहाँ एनडीए और इंडिया ब्लॉक के बीच मुख्य मुक़ाबला है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी इस चुनावी समर में एक नए खिलाड़ी के तौर पर उभरी है, जो पारंपरिक दलों के वोट शेयर में सेंध लगा सकती है। विगत चुनावों का विश्लेषण और वर्तमान जनमत सर्वेक्षण मुख्यमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर को प्रमुख दावेदारों के रूप में प्रस्तुत करते हैं, जिससे मुकाबला त्रिकोणीय होने की उम्मीद है।

चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के साथ ही साल के सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक महासंग्रामों में से एक की दौड़ शुरू हो गई है। 243 विधानसभा सीटों के लिए 6 नवंबर और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा और 14 नवंबर को वोटों की गिनती होगी। भाजपा, जनता दल (यूनाइटेड), लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तान आवामी मोर्चा और राष्ट्रीय लोक शक्ति पार्टी (रालोसपा) से बने एनडीए गठबंधन का मुकाबला राजद, कांग्रेस, भाकपा (माले), भाकपा, माकपा और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के इंडिया ब्लॉक से है, जिसमें मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। दोनों गठबंधनों को एक नए खिलाड़ी, प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी जन सुराज से भी मुकाबला करना होगा, जिसके प्रमुख दलों के वोट शेयर में सेंध लगाने की उम्मीद है। मतदाताओं का क्या रुख हो सकता है, इसकी करीब से जानकारी पाने के लिए, पिछले दो विधानसभा चुनावों के आंकड़ों पर एक नज़र डालते हैं। बिहार की राजनीति में सहयोगी दलों के पाला बदलते हुए देखा गया है, जिसमें जद-यू नेता नीतीश कुमार ने भी मुख्यमंत्री के रूप में अपने दो दशक से अधिक के कार्यकाल में प्रसिद्ध कलाबाजियां की हैं।

बिहार में सबसे बड़ा सवाल यही है- अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? एनडीए, इंडिया ब्लॉक अलायंस और प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुक़ाबला होने के साथ, राजनीतिक जंग तेज़ होती जा रही है। क्या जेडी(यू) नेता नीतीश कुमार लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बन पाएँगे? अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) जीतता है, तो क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किसी नए मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा कर सकती है? या फिर विपक्ष आखिरकार बिहार में सत्ता हासिल कर लेगा और इस बार उसका मुख्यमंत्री होगा?

कई सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे पसंदीदा उम्मीदवार बने हुए हैं। यादव नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। राजनीतिक रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर की लोकप्रियता सी-वोटर के नवीनतम जनमत सर्वेक्षण में सबसे पसंदीदा मुख्यमंत्री के रूप में 23 प्रतिशत तक पहुँच गई।

2015 के चुनाव, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के केंद्र में सत्ता में आने के एक साल बाद हुए, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) ने मिलकर लड़े थे। 2015 के चुनावों में राजद 80 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, उसके बाद जद (यू) 71 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। दोनों दलों ने कांग्रेस और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार बनाई। हालाँकि, यह गठबंधन ज़्यादा दिन नहीं चला, नीतीश कुमार इससे अलग होकर एनडीए में शामिल हो गए और 2017 में फिर से भाजपा के समर्थन से सरकार बनाई। 2020 के चुनाव में, एनडीए ने विधानसभा में बहुमत हासिल किया और 125 सीटें जीतीं और नीतीश कुमार ने फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हालाँकि, अगस्त 2022 में, नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ दिया और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और राजद-कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन के साथ सरकार बनाई। वह संयुक्त विपक्षी दल भारत ब्लॉक के गठन में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरे थे। हालाँकि, कुमार का राजद के साथ रोमांस दो साल से भी कम समय तक चला और जनवरी 2024 में संसदीय चुनावों से पहले कुमार एनडीए में वापस चले गए। भाजपा ने 2015 और 2020 के चुनावों के बीच अपनी स्थिति में सुधार किया है। उसने 2015 में 157 सीटों पर चुनाव लड़कर 53 और 2020 में 110 सीटों में से 74 सीटें जीतीं। राष्ट्रीय जनता दल ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसने 2015 में 101 सीटों पर चुनाव लड़कर 80 सीटें जीतीं और 2020 के चुनावों में 144 सीटों पर उम्मीदवार खड़े करके 75 सीटें जीतीं। पिछले दो चुनावों में जेडी-यू के प्रदर्शन में गिरावट देखी गई। उसने 2015 में 101 सीटों पर चुनाव लड़कर 71 सीटें और 2020 में 115 सीटों पर 43 सीटें जीतीं। कांग्रेस के प्रदर्शन में भी गिरावट देखी गई, जिसने 2015 में 27 सीटें जीती थीं, जो 2020 में घटकर 19 रह गईं। 2015 में, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) उच्च-मार्जिन जीत के मामले में प्रमुख पार्टी थी, जिसने 15 प्रतिशत से अधिक के अंतर से 29 सीटें हासिल की थीं। 2020 में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सबसे ज़्यादा अंतर वाली सीटें जीतीं, 19 सीटें 15 प्रतिशत से ज़्यादा अंतर से हासिल कीं। आरक्षित (एससी/एसटी) सीटों पर पार्टी के प्रदर्शन के लिहाज़ से, जनता दल (यूनाइटेड) 'जद(यू)' 2015 में सबसे सफल पार्टी थी, जिसने 40 आरक्षित सीटों में से 13 सीटें जीती थीं। हालाँकि, 2020 में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सबसे ज़्यादा आरक्षित सीटें मिलीं और उसने उनमें से 10 सीटें जीतीं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भी आरक्षित सीटों पर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। 2015 में, भाजपा का सबसे मज़बूत प्रदर्शन पश्चिम चंपारण और पटना में रहा था और उसने दोनों ज़िलों में पाँच-पाँच सीटें जीती थीं। 2020 के चुनावों में भी पश्चिम चंपारण भाजपा का गढ़ बना रहा और पार्टी ने आठ सीटों पर जीत हासिल की। पिछले कुछ चुनावों में भाजपा ने पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। राजद ने मध्य और उत्तरी बिहार के कुछ ज़िलों में अपना मज़बूत प्रभाव दिखाया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह क्षेत्र नालंदा ज़िले में जदयू अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। 2020 के विधानसभा चुनावों में, राजद 75 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि भाजपा 74 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। दोनों ही पार्टियों का एक मज़बूत और प्रतिबद्ध मतदाता आधार है। जन सुराज जैसे नए खिलाड़ी के आने से, यह चुनाव एक कड़ा मुक़ाबला होने की उम्मीद है, जिसमें छोटी पार्टियों से अगली सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। (लेख में लेखक के अपने विचार हैं)

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 07-10-2025 22:27 Page 1



# विस की याचिका समिति ने किया जिले का दौरा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड विधानसभा की याचिका समिति ने गिरिडीह जिले का दौरा किया। इस दौरान समिति के सदस्य विधायक मांडू,निर्मल महतो, विधायक बगोदर नागेंद्र महतो और विधायक सारठ,उदय शंकर सिंह ने परिसदन सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। सदस्यों ने पदाधिकारियों से याचिका से संबंधित मामलों में की गई कार्रवाई की जानकारी ली और मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।

बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग, नगर परिषद, वाणिज्य कर, भवन निर्माण, विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, भूमि संरक्षण, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज, खनन, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, भूअर्जन, पर्यटन खेलकूद एवं युवा कार्य, आपूर्ति, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में अगस्त एवं सितंबर माह के दौरान जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, दर्ज एफ.आई.आर., तथा अब तक की गई जांच एवं कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के पीछे पाए गए कारणों का गहन विश्लेषण करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं।

उन्होंने निर्देश दिया कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए




पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, आरसीडी तथा अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ बनाएं। उपायुक्त ने कहा कि जिन स्थानों पर आवश्यकता है, वहां सड़कों की मरम्मत, रम्बल स्ट्रिप्स, सड़क संकेतक, स्ट्रीट लाइट, एवं अन्य सुरक्षा प्रावधानों को शीघ्र सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने पुलिस पेट्रोलिंग को और प्रभावी बनाने, वाहन चेकिंग अभियान नियमित रूप से संचालित करने तथा यातायात नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ओवर स्पीडिंग, लापरवाह ड्राइविंग, एवं ड्रिंक एंड ड्राइव जैसे गंभीर मामलों पर कड़ी निगरानी रखने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा।

बैठक में हिट एंड रन से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए तथा जो मामले लंबित हैं, उन्हें अविलंब निष्पादित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि हिट एंड रन से संबंधित मामलों में आश्रितों को दी जाने वाली मुआवजा राशि की समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मामला लंबित न रहे और मुआवजा भुगतान में तत्परता बरती जाए।

उपायुक्त ने गुड सेमेरिटन नीति के तहत दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन राशि एवं सम्मानित किए जाने की प्रक्रिया को सक्रिय करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों की त्वरित चिकित्सा सुनिश्चित करने में गुड सेमेरिटन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः उनके प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाए।

# कफ सिरप को ले जिला प्रशासन अलर्ट मोड में



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव के द्वारा जानकारी दी गई कि कफ सिरप के सेवन से बच्चों के प्रभावित होने की खबरों के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। इस संबंध में सिविल सर्जन/औषधि निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि जिले में किसी भी बच्चे के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। जारी निर्देश के अनुसार बिना डॉक्टर की पर्ची के किसी भी मेडिकल स्टोर में कफ सिरप की बिक्री नहीं की जाएगी। सिविल सर्जन के माध्यम से सभी चिकित्सकों को यह भी निर्देशित किया गया है कि वे केवल उन्हीं आयु वर्ग के बच्चों को कफ सिरप दें जिनमें किसी प्रकार के दुष्प्रभाव की संभावना न हो। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर या चिकित्सक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कफ सिरप की गुणवत्ता और सुरक्षा की जांच हेतु सिविल सर्जन के माध्यम से बाजार में उपलब्ध विभिन्न ब्रांडों के सैंपल की जांच कराई जाएगी प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे डॉक्टर की सलाह के बिना बच्चों को कोई भी कफ सिरप न दें।

# पचम्बा पहुंची गिरिडीह में गांधी आगमन शताब्दी समारोह पदयात्रा

## सामाजिक संगठनों एवं विद्यालयों ने किया भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांधी आगमन शताब्दी समारोह के अवसर पर कल खरगडीहा से प्रारंभ हुई पदयात्रा आज मंगलवार को पचम्बा पहुँच गई। यह पदयात्रा महात्मा गांधी के गिरिडीह आगमन की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। गौर तलब है कि, आज से ठीक 100 वर्ष पूर्व वर्ष 1925 में महात्मा गांधी ने 6 और 7 अक्टूबर को खरकडीहा से पचम्बा तक पदयात्रा की थी। उसी ऐतिहासिक यात्रा को स्मरण करते हुए गांधी विचारों को मानने वाले लोगों ने इस दो दिवसीय स्मृति पदयात्रा का आयोजन किया है। इस पदयात्रा के मार्ग में जगह-जगह स्थानीय ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों एवं विद्यालयों द्वारा यात्रियों का स्वागत किया गया।



इसी क्रम में सिकदारडीह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि महताब मिर्जा एवं पूर्व मुखिया निर्मल प्रसाद वर्मा की ओर से पदयात्रियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया इस मौके पर इस पद यात्रा में शामिल प्रतिभागियों ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और स्वावलंबन के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। वंही कार्यक्रम के दौरान गांधी भजन का गायन हुआ एवं वक्ताओं ने गांधी जी के जीवन और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला इसे कहने में कोई गुरेज नहीं होगा कि यह कार्यक्रम जिले में गांधी जी की विचारधारा के प्रसार एवं युवाओं को उनके आदर्शों से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हो रहा है।

# उपायुक्त ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव के द्वारा प्रखंड कार्यालय गिरिडीह स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उपायुक्त ने सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रखरखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा मासिक निरीक्षण दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा परिसर का अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, बीयू हॉल, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जनरेटर रूम, तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं आदि का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने के निर्देश दिए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, रंथू महतो, अग्निशमन पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन। जनता दरबार द्वारा प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता के साथ निपटारा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिसका मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों और समस्याओं को सुनना, उनका त्वरित निवारण करना और प्रशासनिक सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाना है। इसी क्रम में आज जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाकर आमजनों की शिकायतों को सुना और उसके त्वरित निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब सैकड़ों से ज्यादा लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।

इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने जमीन विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, राशन, शिक्षा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए

## फरियादियों की जुटी भीड़

संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों पर अंचलाधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रत्येक मामले में फोन पर संबंधित अधिकारी से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और पारदर्शी ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। जनता दरबार के प्रति आमजनों का बढ़ रहा है भरोसा, हर मंगलवार और शुक्रवार को सौ से ज्यादा लोग जनता दरबार में पहुंच रहे हैं, अपनी शिकायत से उपायुक्त को अवगत करा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। आगे उपायुक्त ने बताया कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों/आवेदनों के त्वरित निराकरण को लेकर जिला स्तर पर जन समाधान पोर्टल बनाया गया है, ताकि पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ आमजनों की शिकायतों का निष्पादन किया जा सके उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने।

# सघन जांच अभियान से वाहन चालकों में हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गिरिडीह। उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेशानुसार आज जिले में जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार एवं यातायात प्रभारी, दुगनो टोप्पो के नेतृत्व में आज मुफस्सिल थाना के पास सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। जिसमें ब्लैक स्पॉट, प्रेशर हॉर्न एवं मल्टी-हॉर्न का प्रयोग करने वाले वाहनो पर ऑनस्पॉट नियमानुकूल कार्रवाई की गई एवं साथ ही सभी को जागरूक भी की गई कि ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारी हो सकती है। इस दौरान हेलमेट, सीटबेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई। जांच के दौरान 30 बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों से 1-1 हजार रुपया जुमार्ना वसूला गया। साथ ही 12 टोटो को भी पकड़ा गया, जो बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे थे, सभी टोटो चालक से 5-5 हजार जुमार्ना वसूला गया। इसके अलावा 1 ट्रैक्टर चालक को बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने हेतु पकड़ा गया।

## कई वाहनों से वसूली गयी जुर्माने की राशि

इसके साथ ही 04 स्कूल बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पॉल्यूशन एवं चालक-परिचालक से संबंधित अभिलेखों की स्थिति की जांच की गई। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में विद्यालय प्रबंधन एवं बस मालिकों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में अपने परिवार के साथ दूसरों की सुरक्षा को लेकर सड़क सुरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन करें। इसके अलावा सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में यातायात नियमों का पालन करने, सीटबेल्ट/हेलमेट पहनने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने, और पैदल चलने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी महत्वपूर्ण बातें शामिल है।

# श्रद्धापूर्वक मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती अपने शहर के वार्ड नंबर 23 में दलित बस्ती मोहलिचुआ में मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चे के जिला अध्यक्ष प्रकाश दास ने किया। मौके पर कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर सुनील पासवान ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजीनियर विनय सिंह मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश दास,लखन दास, महिला नेत्री शालिनी वैशिख्यार, सामाजिक कार्यकर्ता बबली साहू, रामबाबू साहू, सविता वाल्मीकि, मिट्ठू वाल्मीकि मंजू वाल्मीकि उषा वाल्मीकि विशाल वाल्मीकि राहुल राजेश हरि विक्रम करण वाल्मीकि रंजीत वाल्मीकि चंदन हरि अजय हरि शालू देवी सहित स्थानीय माताएं बहने उपस्थित थी।

इस कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्तमान महापौर सुनील पासवान ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि एक दलित परिवार के भंगी समाज से आते थे। शुरूआत में उनका जीवन बहुत कष्ट में रहा उनका बचपन और जवानी जंगलों में सबको लूटने का काम करते थे जिसके कारण उनका नाम उंगली मार डाकू के रूप में और रत्नाकर डाकू के रूप में चर्चित हुआ। जंगल के रास्ते नारद मुनी जा रहे थे तो रत्नाकर डाकू ने नारद जी को रोकने का काम किया। नारद जी ने कहे मैं तो रुका हुआ हूं तुम कब रुकोगे। उसके बाद प्रार्थना कर डाकू से कहा कि तुम जो यह पाप कर रहे हो यह परिवार के लोग तुम्हारे इस पाप में भागीदार होंगे। तब उन्होंने घर जाकर के अपने परिवार के लोगों से मिलकर के यह बात बताई तो परिवार के सदस्य ने कोई भी तैयार नहीं हुआ। तब से उनका दिमाग परिवर्तन हुआ और जंगल में ही तपस्या करने लगे। अपनी कुटिया बना लिए और उसे तपस्या में इतने लीन हो गए कि उनका पूरा शरीर शरीर में दीमक लग गया। बाद में जाकर उन्होंने राम के वनवास को संस्कृत में उल्लिखित कर रामचरितमानस की रचना की। जिससे उनका नाम महर्षि वाल्मीकि पर और इस तरह से पूरे विश्व को राम से अवगत कराने का काम महर्षि वाल्मीकि जी ने किया। जिला अध्यक्ष प्रकाश दास ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन दलित समाज को एक प्रेरणा लेने का समय है कि आज के समय में सभी दलित परिवार को एक जुट होकर के रहना चाहिए।

# नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश केडिया का हुआ स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आज जिला कांग्रेस कार्यालय में एक भव्य समारोह में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सतीश केडिया का स्वागत सह पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के कोने-कोने से नए पुराने सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनके चेहरों पर उत्साह झलक रहा था। इस अवसर पर मांडू के पूर्व विधायक सह गिरिडीह जिला प्रभारी जय प्रकाश पटेल विशेष रूप में उपस्थित रहे। जिले के कार्यकर्ताओं ने उनका हजारीबाग जिला अध्यक्ष बनने पर भव्य स्वागत किया। समारोह में आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सतीश केडिया को फूल-मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस की भूमिका को और अधिक सक्रिय करने का संकल्प लिया पूर्व विधायक जय प्रकाश पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि नहीं वर्तमान जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह के बेहतरीन कार्यकाल की हम सराहना करते हैं लेकिन कोई भी पद कभी स्थाई नहीं होता और पार्टी ने सतीश केडिया को जिम्मेवारी दी है तो हमें पूरी उम्मीद है कि सतीश केडिया के नेतृत्व में गिरिडीह जिला कांग्रेस नई ऊर्जा और जोश के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट रहकर संगठन को मजबूत करने की अपील की।पदभार ग्रहण करने के बाद सतीश केडिया ने उपस्थित कार्यकर्ताओंऔर नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, नरेश वर्मा, नकुल सिंह चंद्रशेखर सिंह सुरेंद्र सिंह अशोक विश्वकर्मा, लड्डू खान, निषाद अहमद, नदीम अख्तर, समीर राज चौधरी, चंद्रशेखर सिंह, पोरेश मित्रा, यश सिन्हा, विनीत भास्कर, विमल सिंह, सुखदेव सेठ, अनिमेश देव, अमित सिन्हा अभिनंदन सिंह मनोज राय निजामुद्दीन अंसारी मोहम्मद निजाम धनंजय गोस्वामी अशोक निराला नागेश्वर मंडल समेत जिले के विभिन्न प्रखंडो के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने किया ₹होप टू शाइनर₹ प्रदर्शनी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा एक दिवसीय होप टू शाइन प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन डीडीसी स्मिता कुमारी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों से आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे। मुजफ़्फ़रपुर से ज्वेलरी, देवघर से रिवायत परिधान, एवं अन्य कई प्रकार के हस्तशिल्प, फैशन और घरेलू उत्पादों के स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए भी फूड स्टॉल्स की व्यवस्था की गई थी, जिनमें कुछ स्टॉल क्लब की सदस्यों द्वारा संचालित किए गए। प्रदर्शनी के दौरान बच्चों के बीच उपाध्यक्ष राखी झुनझुनवाला द्वरा नारी शक्ति और दिवाली के विषय पर क्राफ्ट और पेंटिंग भी बनवायी गयी और मोमेंटो देकर उनहे सम्मानित किया गया। कोषाध्यक्ष मनीषा कपिसवे ने बच्चों के बीच कई दिलचस्प खेल खेलवा कर उन्हें इनाम भी दिया।



डीडीसी स्मिता कुमारी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि एक ही स्थान पर इतनी विविधता और रचनात्मकता को देखना एक सुखद अनुभव रहा। उन्होंने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।इस अवसर पर क्लब की पीडीसी पूनम सहाय, अध्यक्ष कविता राजगढ़िया, उपाध्यक्ष राखी झुनझुनवाला, सचिव स्मृति आनंद, संपादक संगीता सिन्हा, एवं सदस्यगण तनुजा सहाय, शबाना रब्बानी, आईपीपी सुमन गौरीसरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई होप टू शाइन प्रदर्शनी न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम थी , बल्कि स्थानीय और बाहरी कलाकारों व उद्यमियों को एक साझा मंच भी प्रदान किया।

# अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रांची।** हजारीबाग पुलिस ने नगवा हवाई अड्डा के पास छापेमारी कर बिहार के गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के रमना मोहल्ला निवासी कुख्यात अपराधी और 50 हजार का इनामी दानिश इकबाल (23 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने इस बात की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा की। एसपी ने बताया कि दानिश हत्या, लूट, रंगदारी, फिरौती, अपहरण और गोलीबारी जैसे कई संगीन अपराधों में शामिल रहा है तथा बिहार और झारखंड पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी।

गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। तलाशी में चार मोबाइल फोन, 11 सिम कार्ड, फर्जी आधार-पैन कार्ड, राउटर और नोटबुक बरामद किए गए। पूछताछ में दानिश ने उत्तम यादव, शक्ति गिरी उर्फ साईको टाइगर और फोटो खान समेत अन्य अपराधियों के साथ संगठित गिरोह चलाने की बात स्वीकार की। वह उदय साव हत्या कांड (हजारीबाग) और अनवर अली हत्या कांड (गया) सहित कई गंभीर मामलों में वांछित था।

## सेवा प्रशिक्षण वर्ग मधुबन में बोले आचार्य गुरुशरण प्रसाद

# सेवा कार्यों से ही सामाजिक बदलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सेवा भारती, झरखंड के तत्वावधान में छह दिवसीय आचार्य व किशोरी विकास सेवा प्रशिक्षण वर्ग गिरिडीह के मधुबन स्थित तलेटी तीर्थ क्षेत्र, कल्पवृक्ष धर्मशाला में प्रारंभ किया गया।वर्ग का उद्घाटन क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस सेवा प्रशिक्षण वर्ग में शिक्षा कार्य से जुड़ी सेवाव्रती महिला कार्यकताओं को गुणवत्तापूर्ण विकास,नेतृत्व क्षमता विकास,शिक्षण की सरल पद्धति,सामाजिक सुरक्षा सह जागरूकता आदि विषय पर सेवा प्रशिक्षण दी जाएगी। प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद ने बताया कि छोटी-छोटी विधाओं के माध्यम से सेवा कार्य कर के हम वातावरण में बदलाव ला सकते हैं। आज सेवा भारती अपने भिन्न-भिन्न सेवा आयामों द्वारा सामाजिक बदलाव



लाई है। सेवा बस्तियों के बच्चों में बाल्यकाल से संस्कारित शिक्षा देकर,अभावग्रस्त महिलाओं को स्वावलंबन प्रशिक्षण देकर और जरूरतमंद,पीड़ितों को आरोग्य प्रदान कर शिक्षित, समृद्ध एवं स्वस्थ्य समाज का नवनिर्माण किया जा रहा है।

सेवा प्रशिक्षण वर्ग के वर्गाधिकारी प्रो. सतीश्वर प्रसाद सिन्हा ने कार्यकताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सेवा कार्य से अपने व्यक्तित्व को ऊँचाइयों तक ले जाने का हमें सुनहरा अवसर मिला है। सेवा की साधना और तप से हमारी भारतीय संस्कृति अडिग है। इसका संरक्षण एवं संवर्द्धन करना हमारा परम दायित्व है आर एस एस,झारखंड प्रांत सेवा प्रमुख मुकेश रंजन सिंह ने संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सेवा कार्य विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि हमें सभी चिन्हित सेवा बस्तियों, पंचायतों, प्रखंडों तक पहुंचना है। शताब्दी वर्ष पर तय कार्यक्रमों में गृह संपर्क,हिंदू सम्मेलन एवं सामाजिक सद्भाव बैठकों के लिए सेवा भारती की महिला कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके पूर्व किशोरी विकास केंद्र संचालन एवं आवश्यकता विषय पर अनुपमा सिन्हा,निशी जयसवाल,कंचन प्रभा ने कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जबकि भगिनी निवेदिता का जीवन परिचय नीतू सिन्हा व रश्मि मिश्रा ने झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के प्रेरक जीवन वृत्त बताया। मौके पर प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख रमाकांत दूबे ने सेवा कार्य प्रारंभ करने के पूर्व बस्ती सर्वेक्षण,बस्ती समिति निर्माण करने की जानकारी दी। वर्ग में खेल, योगासन,वंदना, मंत्रोच्चार आदि का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्ग को सफल बनाने में जिला सचिव मनोज छापरिया,नम्रता गुप्ता, लवकेश उपाध्याय,जयनंदन तिवारी आदि कार्यकर्ताओं की सराहनीय भूमिका रही।

CMYK

## जुलाई-सितंबर तिमाही में ऑफिस लीजिंग में 2.5 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के 9 प्रमुख शहरों में जुलाई–सितंबर तिमाही में ग्रॉस ऑफिस स्पेस लीजिंग में गिरावट दर्ज की गई है। सीबीआरई के अनुसार यह 2.5 प्रतिशत घटकर 1.99 करोड़ वर्ग फुट पर आ गई। पिछली साल इसी तिमाही में यह आंकड़ा 2.04 करोड़ वर्ग फुट था। गिरावट की मुख्य वजह दक्षिण भारत में ऑफिस स्पेस की मांग में सुस्ती बताई गई है। रियल एस्टेट परामर्शदाता सीबीआरई ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया कि जुलाई–सितंबर की अवधि में बंगलूरू में कार्यालय स्थलों का सकल पट्टा घटकर 4.3 मिलियन वर्ग फुट रह गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि



में 7.2 मिलियन वर्ग फुट था। हैदराबाद में पट्टे पर देने की गतिविधियां 2.6 मिलियन वर्ग फीट से घटकर 2.2 मिलियन वर्ग फीट रह गई। चेन्नई में भी सकल कार्यालय पट्टे में 2.4 मिलियन वर्ग फीट से गिरावट आई और यह 1.5 मिलियन वर्ग फीट रह गया। हालांकि, दिल्ली–एनसीआर में कार्यालय की मांग 2.4 मिलियन वर्ग फुट से बढ़कर 3.8 मिलियन वर्ग फुट हो गई। मुंबई में कार्यालय स्थान का सकल पट्टा 2.9 मिलियन वर्ग फुट से बढ़कर 4 मिलियन वर्ग फुट हो गया, जबकि पुणे में मांग 1.9 मिलियन वर्ग फुट से बढ़कर 3.2 मिलियन वर्ग फुट हो गई। कोलकाता में कार्यालय पट्टे 0.6 मिलियन वर्ग फीट पर स्थिर रहे। अहमदाबाद में मांग 0.3 मिलियन वर्ग फीट से घटकर 0.1 मिलियन वर्ग फीट रह गई। हालांकि, कोच्चि में तिमाही के दौरान कार्यालय पट्टे का आकार 0.2 मिलियन वर्ग फुट रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 0.07 मिलियन वर्ग फुट था।

## अडानी-अंबानी ने पाया खोया हुआ रुतबा, अमेरिकियों पर हुई डॉलर की बारिश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरबपतियों की लिस्ट में एक बार फिर भारी उथल–पुथल हुई है। अंबानी, अडानी ने जहां अपना खोया रुतबा हासिल किया है वहीं, एलन मस्क, लैरी एलिसन, मार्क जुकरबर्ग, जेफ बेजोस, लैरी पेज, सर्गी ब्रिन पर डॉलर की बारिश हुई है। बीते हफ्ते शुक्रवार को एलन मस्क से लेकर जेनसेन हुआंग तक दिग्गज अरबपतियों की संपत्ति में गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन सोमवार को हुआंग को छोड़ इन अरबपतियों पर डॉलर की बारिश हुई। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजा लिस्ट के मुताबिक एलन मस्क की संपत्ति सोमवार को 16.7 अरब डॉलर की बारिश हुई और अब उनका नेटवर्थ 465 अरब डॉलर हो गया है। लैरी एलिसन ने 6.69 अरब डॉलर कमाया और उनका नेटवर्थ 351 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। मार्क जुकरबर्ग 252 अरब डॉलर के नेटवर्थ पर हैं और इनकी संपत्ति में 1.77 अरब डॉलर की बढ़त दर्ज की गई है। जेफ बेजोस को 1.28 अरब डॉलर का फायदा हुआ है। अब इनके पास 244 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। लैरी पेज 4 अरब डॉलर बनाए हैं और उनकी कुल संपत्ति अब 220 अरब डॉलर हो गई है। जबकि, सर्गी ब्रिन के नेटवर्थ में 3.71 डॉलर का इजाफा हुआ है। इनका नेटवर्थ अब 205 अरब डॉलर है। बर्नार्ड अर्नाल्ट को 4 अरब डॉलर का झटका लगा है। उनकी संपत्ति अब 177 अरब डॉलर रह गई है। जेनसेन हुआंग, जो दुनिया के 9वें अमीर व्यक्ति हैं।

# रागिनी दास को गूगल में सौंपी है स्टार्टअप्स की जिम्मेदारी

### रागिनी ने खुद लिंक्डइन पर यह न्यूज शेयर की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी गूगल ने रागिनी दास को भारत में स्टार्टअप्स का हेड बनाया है। महिलाओं के लिए प्रोफेशनल नेटवर्क लीव.क्लब की स्थापना करने वाली रागिनी दास ने खुद लिंक्डइन पर यह न्यूज शेयर की है। उनका कहना है कि यह उनके करियर में फुल-सर्किल माइलस्टोन है। उन्होंने 2013 में जब अपना करियर शुरू किया था तो गूगल और जोमैटो में इंटरव्यू दिया था। लेकिन तब गूगल ने उन्हें हायर नहीं किया था और वह जोमैटो से जुड़ी थीं। रागिनी दास ने लिखा, जहां से चले थे वहीं पहुंच गए। मैं यह बात शेयर करते हुए उत्साहित हूं कि मैंने हेड ऑफ गूगल फॉर स्टार्टअप्स, इंडिया के रूप में जॉइन कर लिया है। रागिनी दास ने जोमैटो में छह साल विभिन्न पदों पर काम किया। इनमें अंतरराष्ट्रीय विस्तार में सेल्स एंड ग्रोथ शामिल है। उन्होंने कहा, जोमैटो ने मुझे करियर में अपने गोल की पहचान करने में मदद की और मुझे अच्छे दोस्त दिए। मुझे वहां काफी कुछ सीखने को मिला जिससे आखिरकार मैं लीव.क्लब की स्थापना कर सकी। साल 2020 में लीव.क्लब  लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें पहचान मिली और इनसे हजारों महिलाओं की जिंदगी में बदलाव हुआ। लेकिन इस साल इस प्लेटफॉर्म में अपना ऑपरेशन रोक दिया जिससे रागिनी दास को अपनी निजी जिंदगी और प्रोजेक्ट्स पर काम करने का समय मिल गया।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का आईपीओ करेगा धमाका!

### ● आईपीओ 11,607 करोड़ रुपये का है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ कोरिया की बड़ी कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का आईपीओ निवेशकों के लिए खुल रहा है। यह आईपीओ 11,607 करोड़ रुपये का है और इसे विश्लेषकों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम भी धमाल मचा रहा है। यह आईपीओ 9 अक्टूबर तक खुला रहेगा। इसकी लिस्टिंग 14 अक्टूबर को हो सकती है। यह पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल है, जिसका मतलब है कि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक (कोरियाई पेरेंट कंपनी) 10.18 करोड़ शेयर बेच रही है।

इस आईपीओ के लिए शेयर की कीमत 1,080 रुपये से 1,140 रुपये प्रति शेयर रखी गई है। निवेशक कम से कम 13 शेयर खरीद सकते हैं, जिसकी ऊपरी प्राइस बैंड पर कीमत 14,820 रुपये होगी। रिटेल निवेशक 2 लाख रुपये तक के शेयर खरीद सकते हैं, जबकि बड़े निवेशक इस समय कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (घर में इस्तेमाल होने वाले सामान) की मांग में अच्छी रिकवरी देखी जा रही है। कंपनी की अच्छी वैल्यूएशन और बाजार में मजबूत पकड़ के कारण कई ब्रोकरेज फर्मों ने इसे सब्सक्राइब करने की सलाह दी है। और संस्थागत निवेशकों के लिए ज्यादा आवंटन सीमा है।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के आईपीओ को ग्रे मार्केट में जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। सोमवार को इसका जीएमपी 27.89त्न था। यह दिखाता है कि शुरुआती मांग काफी मजबूत है। इस जीएमपी पर शेयर का भाव 318 रुपये बढ़कर 1458 रुपये हो गया है। अगर जीएमपी यही रहता है तो यह शेयर लिस्टिंग पर निवेशकों को जबरदस्त मुनाफा दे सकता है।






एसबीआई सिक्योरिटीज ने कहा है कि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया भारत की सबसे बड़ी होम अप्लायंस और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों में से एक है। यह कई प्रोडक्ट कैटेगरी में मार्केट लीडर है। 1,140 रुपये के ऊपरी प्राइस बैंड पर, कंपनी का क्क्श्व मल्टीपल 35.1× है, जो साथियों की तुलना में आकर्षक लगता है। हम निवेशकों को इस इश्यू को सब्सक्राइब करने की सलाह देते हैं। सेंट्रम ब्रोकिंग ने भी इसी तरह का विचार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह आईपीओ उचित वैल्यूएशन पर पेश किया गया है, जबकि इसके साथी बहुत अधिक मल्टीपल पर ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी की लीडरशिप पोजीशन, मजबूत ब्रांड, ग्लोबल पेरेंट सपोर्ट, विस्तृत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और मैन्युफैक्चरिंग स्ट्रेंथ को देखते हुए सेंट्रम ब्रोकिंग ने इस आईपीओ को सब्सक्राइब रेटिंग दी है। टाटा ग्रुप की प्रमुख कंपनी टाटा कैपिटल का आईपीओ भी खुला हुआ है।

# डॉलर और कच्चे तेल की बढ़त से रुपया दबाव में

### 88.82 पर रिकॉर्ड निचले स्तर पर हुआ बंद





**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी बाजार में डॉलर के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में रातोंरात उछाल से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा। सोमवार को रुपया सीमित दायरे में मजबूत होकर डॉलर के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट के साथ 88.82 (अनंतिम) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। व्यापारियों के अनुसार सीमित दायरे में कारोबार हुआ और यह 3 पैसे की गिरावट के साथ बंद हुई, क्योंकि सकारात्मक घरेलू इक्विटी से मिले समर्थन को निरंतर पूंजी बहिर्वाह और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से संतुलित किया गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 88.75 पर खुला और कारोबार के अंत में 88.82 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 3 पैसे कम है।

### घरेलू बाजारों में मजबूती से डॉलर पर पड़ेगा असर

मिराए एसेट शेयरखान के मुद्रा एवं कमोडिटीज के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि घरेलू बाजारों में मजबूती और डॉलर में समग्र कमजोरी के कारण रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में कमजोरी भी रुपये के लिए फायदेमंद हो सकती है। हालांकि, डॉलर के लिए आयातक मांग तेज बढ़त को रोक सकती है। डॉलर/रुपये की हाजिर कीमत 88.50 से 89 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.43 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.61 प्रतिशत बढ़कर 65.58 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

### भारत और अमेरिका का व्यापार समझौता

इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच किसी भी व्यापार समझौते में नई दिल्ली की लाल रेखाओं का सम्मान किया जाना चाहिए और समझ तक पहुंचने के प्रयास चल रहे हैं। एक कार्यक्रम में संवाद सत्र में जयशंकर ने स्वीकार किया कि भारत और अमेरिका के बीच कुछ मुद्दे हैं और उनमें से कई प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में असमर्थता से जुड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ चीजें ऐसी हैं जिन पर आप बातचीत कर सकते हैं और कुछ ऐसी भी हैं जिन पर आप बातचीत नहीं कर सकते।

### भारतीय बाजार का हाल

घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 582.95 अंक उछलकर 81,790.12 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 183.40 अंक बढ़कर 25,077.65 पर बंद हुआ। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को शुद्ध आधार पर 1,583.37 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची।

### विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट

इस बीच, शुक्रवार को आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.334 अरब डॉलर घटकर 700.236 अरब डॉलर रह गया। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में यह राशि 396 मिलियन डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रह गई थी। इस बीच, घरेलू वृहद आर्थिक मोर्चे पर, सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर में अगस्त के उच्च स्तर से कम हो गई, क्योंकि नए कारोबार और गतिविधि में धीमी गति से वृद्धि हुई। प्रतिस्पर्धी स्थितियों और लागत नियंत्रण उपायों के बीच, मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स सितंबर में 60.9 पर आ गया, जो अगस्त में 15 साल के उच्चतम स्तर 62.9 पर था।

# बिटकॉइन, बाइनेंस, पाई नेटवर्क... क्रिप्टोकरेंसी भारत में बैन होंगी?

### ● सरकार ने यह भी बताया है कि इस क्रिप्टोकरेंसी पर ज्यादा टैक्स क्यों लगाया जाता है।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या सरकार बिटकॉइन , बाइनेंस, पाई नेटवर्क समेत सभी क्रिप्टोकरेंसी पर बैन लगाने जा रही है? यह बात अक्सर सामने आती रहती है। इसे लेकर अब सरकार ने सारी बातें स्पष्ट कर दी हैं। साथ ही सरकार ने यह भी बताया है कि इस क्रिप्टोकरेंसी पर ज्यादा टैक्स क्यों लगाया जाता है। इसके अलावा सरकार ने देश की डिजिटल करेंसी के बारे में भी जानकारी दी है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत उन क्रिप्टोकरेंसी को बढ़ावा नहीं देता है जिनका कोई सरकारी समर्थन या संपत्ति का आधार नहीं होता है। इसका मतलब है कि ऐसी क्रिप्टोकरेंसी जो भारतीय रिजर्व बैंक , फेडरल बैंक या किसी स्थानीय मुद्रा द्वारा समर्थित नहीं हैं, उन्हें भारत में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। इस नई डिजिटल मुद्रा से छोटे व्यवसायों और आम लोगों को भी फायदा हो सकता है। वे बिना किसी बिचौलिए के सीधे पैसे भेज और प्राप्त कर सकेंगे, जिससे समय और पैसा दोनों की बचत होगी। साथ ही, सरकार के पास सभी लेन-देन का रिकॉर्ड होगा, जिससे काले धन और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। यह कदम भारत को डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ने में मदद करेगा और वैश्विक स्तर पर डिजिटल मुद्राओं के बढ़ते चलन में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा।





### क्या क्रिप्टोकरेंसी पर बैन लगेगा?

केंद्रीय मंत्री ने क्रिप्टोकरेंसी पर बैन लगाने के बारे में भी सरकार का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि जिन क्रिप्टोकरेंसी का केंद्र सरकार से कोई समर्थन नहीं है, उन पर कोई सीधा प्रतिबंध नहीं है। हालांकि, उनके इस्तेमाल को हतोत्साहित करने के लिए उन पर भारी टैक्स लगाया जा रहा है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि ऐसी क्रिप्टोकरेंसी में जोखिम ज्यादा होता है, क्योंकि उनका कोई आधार या जवाबदेही तय नहीं होती। यानी इसे सरकार की गारंटी मिलेगी। इस नई डिजिटल मुद्रा का मुख्य उद्देश्य लेन–देन को आसान बनाना, कागज के इस्तेमाल को कम करना और पारंपरिक बैंकिंग सिस्टम की तुलना में ज्यादा तेज और पता लगाने योग्य लेन–देन को संभव बनाना है।

## टाटा ग्रप का यह स्टॉक 3 प्रतिशत लुढ़का, बिजनेस अपडेट से निवेशक दिखे नाखुश

नई दिल्ली, एजेंसी ।टाटा ग्रुप की कंपनी ट्रेंट के शेयरों की कीमतों में आज 3 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में यह गिरावट पहली छमाही के बिजनेस अपडेट के सामने आने के बाद दर्ज की गई है। ट्रेंट का बिजनेस अपडेट उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा है। बता दें, ट्रेंट का रेवन्यू दूसरी तिमाही 5002 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़ा है। 2021 के बाद कंपनी की यह सबसे धीमी विकास दर रही है। वहीं, पहली छमाही में टाटा ग्रुप की इस कंपनी का रेवन्यू 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 10063 करोड़ रुपये रहा है। ताजा आकंड़े कंपनी के लॉन्ग टर्म टारगेट से 25 प्रतिशत कम रहा है। फैशन और लाइफस्टाइल सेगमेंट में काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। बीएसई में ट्रेंट लिमिटेड के शेयर मंगलवार को गिरावट के बाद 4699.95 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 3 प्रतिशत की गिरावट के बाद 4590.95 रुपये के इंट्रा–डे लो लेवल पर आ गया था। ब्रोकरेज हाउस मॉर्गन स्टेनले ने ट्रेंट के लिए ओवरवेट रेटिंग को बरकरार जरूर रखा है। लेकिन कंपनी ने टारगेट प्राइस को घटाकर 5892 रुपये प्रति शेयर कर दिया है।

## ओमान, अमेरिका, यूरोपीय संघ सहित कई देशों के साथ एफटीए पर बातचीत हो रही, बोले पीयूष गोयल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ओमान, चिली, पेरू, अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि भारत अब इन व्यापार समझौतों जरिए विकसित देशों के साथ जुड़ रहा है। पीयूष गोयल ने दोहा में कहा, आज ओमान, यूरोपीय संघ, अमेरिका, चिली, पेरू, न्यूजीलैंड, यूरेशिया और कई अन्य देशों के साथ एफटीए पर बातचीत रही है, ये वो बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की है। दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए मंत्री भारत और कतर के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। पिछले महीने पीयूष गोयल ने व्यापार वार्ता के लिए एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व न्यूयॉर्क में किया था। उस बैठक के बाद भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के लिए बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया। दोनों पक्षों ने व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर रचनात्मक बैठकें कीं। यात्रा के दौरान गोयल ने अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीर और भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर के साथ बैठकें कीं। ये बातचीत अहम थी, क्योंकि ये अमेरिका की ओर से रूसी कच्चा तेल खरीदने के लिए भारतीय माल पर 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त 25 प्रतिशत जुर्माना लगाए जाने के बाद हुए थे। वर्तमान में अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय वस्तुओं पर कुल 50 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाता है।

# बोरे भर-भरकर सोना खरीद रहा चीन, लेकिन भारत ने लगा दिया ब्रेक

### आरबीआई के पास कितना सोना?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत पहली बार 4,000 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच चुकी है। इस साल सोने की कीमत 40 बार से ज्यादा ऑल टाइम हाई पर पहुंची है। गोल्डमैन सैश का कहना है कि अगले साल दिसंबर तक सोने की कीमत 4,900 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती है। कीमत में तेजी के बावजूद दुनिया के कई देशों के बैंक जमकर सोने की खरीदारी कर रहे हैं। अगस्त में उन्होंने कुल मिलाकर 15 टन सोना खरीदा। चीन ने लगातार 11वें महीने सोने की खरीद की है जबकि आरबीआई ने लगातार दूसरे महीने सोना नहीं खरीदा।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल  के आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने कुल मिलाकर 15 टन सोना खरीदा। यूक्रेन युद्ध के बाद से ही कई देशों के केंद्रीय बैंक अपने पोर्टफोलियो में सोने की मात्रा बढ़ा रहे हैं। अगस्त में उन्होंने फिर से सोना खरीदना शुरू कर दिया है। अगस्त में कजाकिस्तान के नेशनल बैंक ने सबसे ज्यादा 8 टन सोना खरीदा। लेकिन भारत के रिजर्व बैंक  ने लगातार दूसरे महीने सोना नहीं खरीदा।

आरबीआई ने 2025 के पहले आठ महीनों में से केवल तीन बार ही सोना खरीदा जबकि 2024 में उसने वे लगभग हर महीने सोना खरीद रहे थे। डब्लूजीसी ने बताया कि आरबीआई ने जनवरी से अगस्त 2025 के बीच केवल 3.8 टन सोना खरीदा जबकि पिछले साल इसी अवधि में उसने 45.4 टन सोना खरीदा था। 29 अगस्त तक, आरबीआई के पास कुल 879.98 टन सोना था। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 26 सितंबर तक आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी 13.6 प्रतिशत थी। एक साल पहले यह आंकड़ा 9.3त्न था जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।



### क्यों बढ़ रही है कीमत?

डब्लूजीसी  ने संभावना जताई है कि सोने की कीमत में हाल में आई तेजी केंद्रीय बैंकों की खरीद को सीमित कर रही है। कुछ देश सोने में आई तेजी का फायदा उठाने के लिए इसकी बिक्री भी की है। डब्लूजीसी ने कहा कि खरीद में हालिया कमी का मतलब यह नहीं है कि केंद्रीय बैंक सोने में रुचि खो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ रही हैं। ऐसे में सोने की मांग स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी। उनका कहना है कि दुनिया भर में अनिश्चितता कम नहीं हुई है, जो सोने की कीमत को सपोर्ट करती है। साथ ही यह भी याद रखा जाना चाहिए कि सोने का खनन सीमित है जबकि मांग स्थिर बनी हुई है। इसलिए, सोने की कीमत में और बढ़ोतरी से केंद्रीय बैंकों को फायदा होगा। अगस्त में चीन के सेंट्रल बैंक ने दो टन सोना खरीदा जिससे उसकी गोल्ड होल्डिंग पहली बार 2,300 टन के पार पहुंच गई है। गोल्ड रिजर्व के मामले में अमेरिका के आसपास कोई नहीं है। उसके पास 8,133 टन सोना है। जर्मनी के पास 3,350 टन सोना है। चीन 2,301 टन गोल्ड के साथ छठे नंबर पर है। उसके बाद स्विट्जरलैंड (1040 टन) और फिर भारत का नंबर है। जापान के पास 846 टन और तुर्की के पास 837 टन सोना है।



# वरुण धवन के साथ फिर बनेगी आलिया की जोड़ी?

बॉलीवुड में नई पीढ़ी की सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक आलिया भट्ट और वरुण धवन की जोड़ी फिर से पर्दे पर वापसी करेगी या नहीं, इस सवाल का जवाब हर फैन पिछले कई वर्षों से तलाश रहा है। हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया जैसी हिट फिल्मों के बाद दर्शक लंबे समय से इस सीरीज के तीसरे पार्ट 'दुल्हनिया 3' का इंतजार कर रहे हैं। अब इस पर निर्देशक शशांक खैतान ने बड़ा अपडेट दिया है।

## शशांक खैतान का बड़ा अपडेट

हाल ही में बॉलीवुड बबल को दिए एक इंटरव्यू में शशांक खैतान ने कहा, हम सब चाहते हैं कि 'दुल्हनिया 3' बने। चाहे मैं हूं, आलिया हो या वरुण- सभी इस फ्रेंचाइज से जुड़े हैं। लेकिन अभी तक हमें वो सही कहानी नहीं मिली है, जो हमें और दर्शकों को संतुष्ट कर सके। उन्होंने साफ किया कि टीम लगातार आइडिया पर बातचीत कर रही है लेकिन अब तक कोई ठोस प्लान तैयार नहीं हुआ है। शशांक ने यह भी कहा कि दुल्हनिया सीरीज को मिली जबरदस्त मोहब्बत को देखते हुए वे जल्दबाजी में फिल्म बनाकर दर्शकों को निराश नहीं करना चाहते। निर्देशक के मुताबिक, किसी भी सफल फ्रेंचाइज का अगला पार्ट तभी बनाया जाना चाहिए जब उसके पास बताने के लिए एक मज़बूत और मजेदार कहानी हो। उनका कहना है कि दुल्हनिया 3 तभी आएगी जब टीम को लगेगा कि यह कहानी पिछले दोनों पार्ट्स से भी ज्यादा असरदार और मनोरंजक है।

## वरुण और शशांक की नई फिल्म

फिलहाल वरुण धवन और शशांक खैतान अपनी नई फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के लिए तैयार हैं, जो 2 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में वरुण के अपोजिट जाह्नवी कपूर नजर आएंगी। साथ ही इसमें सान्या मल्होत्रा, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और रोहित सराफ जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में होंगे। इस फिल्म को करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है।



## दुल्हनिया फ्रेंचाइजी का सफर

2012 में आई स्टूडेंट ऑफ द ईयर में पहली बार साथ नजर आए आलिया-वरुण की जोड़ी ने 2014 में हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया के जरिए दर्शकों के दिल जीत लिए। हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी और जबरदस्त केमिस्ट्री ने इस फिल्म को हिट बना दिया। इसके बाद 2017 में रिलीज हुई बद्रीनाथ की दुल्हनिया ने भी बॉक्स ऑफिस पर सफलता पाई और दोनों की जोड़ी एक बार फिर सबकी फेवरेट बन गई। तभी से फैंस लगातार तीसरे पार्ट की मांग कर रहे हैं।



# सामने आई रश्मिका मंदाना की 'द गर्लफ्रेंड' की रिलीज डेट

**अभिनेता विजय देवरकोंडा से सगाई और शादी की तारीखें तय होने की चर्चाओं के बीच, रश्मिका मंदाना की आगामी फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। रश्मिका मंदाना और दीक्षित शेट्टी स्टारर फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर दर्शकों के बीच काफी वक्त से उत्साह बना हुआ था। अब मेकर्स ने आज फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी है।**

## रश्मिका ने शेयर किया टीजर

रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा के साथ ही एक टीजर भी शेयर किया है। इसके साथ ही रश्मिका ने ये भी बता दिया है कि 'द गर्लफ्रेंड' 7 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी। फिल्म का टीजर शेयर करते हुए रश्मिका ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे पता है आप लोग इसका इंतजार कर रहे थे और ये आ गया। 'द गर्लफ्रेंड' 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।'

फिल्म के 1 मिनट 49 सेकंड के टीजर में रश्मिका एक रेस्टोरेंट में अपने दीक्षित शेट्टी के साथ बैठी हैं। दीक्षित ऑर्डर देते हैं और रश्मिका पूछती हैं- 'हम सबका एक टाइप होता है, है ना विक्रम? क्या मैं तुम्हारे टाइप की हूं? तुम कैसे तय करते हो कि दो लोग एक-दूसरे के लिए बने हैं? सबसे जरूरी बात उन्हें इसका पता कब चलता है?' इस पर विक्रम कहते हैं, 'मुझे मत बताओ कि तुम अचानक सोच रही हो कि क्या मैं तुम्हारे लिए सही हूं।' रश्मिका जवाब देती हैं, 'मैं भी सोच रही हूं कि क्या मैं तुम्हारे लिए सही हूं। लोग कई वजहों से रिश्ते बनाते हैं। लेकिन कितनों को यह कंफर्म नहीं होता ?' इस पर दीक्षित पहले रश्मिका और फिर कैमरे की ओर देखते हुए पूछते हैं, 'क्या तुम्हें भी?'



# यश की अगली फिल्म होगी साइंस-फिक्शन थ्रिलर

KGF स्टार यश इन दिनों अपकमिंग मूवी टॉक्सिक की शूटिंग में बिजी हैं। पर अभी से ही उनके अगले प्रोजेक्ट की चर्चा शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि वो पीएस मिथ्रन संग साइंस-फिक्शन थ्रिलर मूवी पर बात कर रहे हैं। सबकुछ सही रहा तो 2026 में शूटिंग शुरू होगी।

KGF स्टार यश इस समय टॉक्सिक की शूटिंग में बिजी हैं। वो कथित तौर पर तमिल मूवी प्रोड्यूसर पीएस मिथ्रन के साथ अपकमिंग प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रहे हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट्स बता रही हैं कि पीएस मिथ्रन ने एक्सपेरिमेंटल साइंस-फिक्शन थ्रिलर डेवलप किया है और यश इसे लीड करेंगे। खैर। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। 123 तेलुगु के अनुसार, साउथ स्टार यश पहले तमिल फिल्ममेकर पीएस मिथ्रन के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए बातचीत कर रहे थे। मिथ्रन ने यश के लिए एक एक्सपेरिमेंटल साइंस-फिक्शन थ्रिलर लिखी है। और अगर सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो यश 2026 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। इस प्रोजेक्ट के बाद वो प्रशांत नील के साथ केजीएफ चैप्टर 3 के लिए काम करेंगे।

यश ने ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 की तारीफ में X पर लिखा, कांतारा चैप्टर 1 कन्नड़ और भारतीय सिनेमा के लिए नया बेंचमार्क। ऋषभ शेट्टी आपका दृढ़ विश्वास, दृढ़ता और निस्वार्थ समर्पण हर फ्रेम में साफ दिख रहा है। राइटर, डायरेक्टर और एक्टर के रूप में आपका विजन स्क्रीन पर वास्तव में एक शानदार अनुभव में बदल जाता है।

यश की टॉक्सिक फिल्म

यश ने सितंबर में अपनी फिल्म टॉक्सिक- अ फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स के लिए मुंबई में 45 दिनों की शूटिंग की। अब लंदन में शूटिंग होगी। गीतू मोहनदास के निर्देशन में बनी रही इस फिल्म का ऐलान 2023 में हुआ था और मई 2026 में रिलीज होने की उम्मीद थी। पर इसे देरी का सामना करना पड़ा।



# ईशा गुप्ता ने बयां की बॉलीवुड में अपने 13 सालों के सफर पर अपने दिल की बात

फिल्म जन्नत 2 से धमाकेदार डेब्यू करने के बाद अब ईशा गुप्ता को बॉलीवुड में 13 साल पूरे हो चुके हैं। इन सालों में ईशा ने खुद को एक बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में बॉम्बे टाइम्स से बातचीत में ईशा ने अपने इस सफर को एक ऐसे रोलरकोस्टर की तरह बताया, जिसमें बहुत सारा सीखना, बढ़ना और नए अनुभव शामिल रहे। अपने काम के प्रति बदले नज़रिए पर ईशा कहती हैं, वक़्त के साथ चीज़ें बदल गई हैं और मेरा नज़रिया भी। पहले मैं स्क्रिप्ट के बारे में सोचती थी, लेकिन अब मेरा ध्यान सिर्फ़ किरदार और डायरेक्टर की सोच पर होता है। एक साधारण कहानी भी सही फ़िल्ममेकर के हाथों में मास्टरपीस बन सकती है। अगर मेरा रोल सिर्फ दो मिनट का हो, तब भी मैं उसे पूरी मेहनत से करती हूं, क्योंकि राइटर ने वो किरदार मेरे लिए लिखा है। गौरतलब है कि फिल्मों में अपने किरदारों के अलावा ईशा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे को लेकर भी काफी जागरूक हैं। बिना किसी लाग-लपेट के वह कहती हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि आज भी हमारे देश में मेंटल थेरेपी को गलत नज़र से देखा जाता है, जबकि हकीकत यह है कि एक स्वस्थ दिमाग ही थेरेपी का चुनाव करता है। हममें से ज़्यादातर लोग थेरेपी के लिए इसलिए जाते हैं, क्योंकि हम जानते हैं कि ये हमारी बेहतरी के लिए है, जबकि जिन्हें इसकी ज़रूरत है, वे कभी जाते ही नहीं। सच खून, तो मुझे आगे बढ़ने में मेरी थेरेपी ने बहुत मदद की है। मैं हमेशा कहती हूं कि अगर आपके पास पैसा है, तो उसे अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर खर्च करो और उसे स्वस्थ रखो, क्योंकि इनके बिना बाकी सब बेकार है। जहां तक ईशा के अगले प्रोजेक्ट की बात है, ईशा जल्द ही धमाल 4 में अजय देवगन के साथ नज़र आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो ईद 2026 पर बड़े स्तर पर रिलीज़ होगी। इसमें दो राय नहीं है कि जन्नत 2 से लेकर अब तक ईशा ने बतौर अभिनेत्री खुद को बार-बार तराशते हुए एक कलाकार बनने का सफर तय किया है और उनका यह सफर सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि पर्दे के बाहर भी जुनून, लगन और आत्मविकास की प्रेरणादायक कहानी है।



# लगता था कि मैं बॉलीवुड के लिए फिट नहीं हूं

**अभिनेता विशाल जेठवा ने हाल ही में फिल्म होमबाउंड में मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म और उनके अभिनय को क्रिटिक्स ने खूब सराहा। अभिनेता से उनके अब तक के सफर पर खास बातचीत की...**

## 'होमबाउंड' के लिए ऑडिशन का सफर आपके लिए कैसा रहा?

पहले मैंने शोएब के रोल के लिए ऑडिशन दिया था, पर उसमें मेरा चयन नहीं हुआ। बाद में चंदन का किरदार मिला और तीन राउंड ऑडिशन देने के बाद, मेरी मेहनत रंग लाई। धर्मा के ऑफिस में मेरी और ईशान खट्टर की केमिस्ट्री देखकर तय हुआ कि मैं चंदन के लिए सही पसंद हूं।

## होमबाउंड देखने के बाद आपको सबसे बड़ा संदेश क्या मिला?

इस फिल्म को देखकर मुझे लगा कि यह सिर्फ कहानी नहीं है, बल्कि समाज की असलियत दिखाती है। यह हमें बताती है कि हमारे आस-पास भेदभाव, छोटे-छोटे झुकाव और दूसरों को कम आंकने जैसी चीजें रोज होती रहती हैं, जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। फिल्म ने मुझे यह सोचने पर मजबूर किया कि किसी भी बात को सिर्फ अपनी नजर से सही या गलत नहीं ठहराया जा सकता। बदलाव तभी आता है, जब हम दूसरों की सोच समझें और उनके साथ खुलकर बात करें। यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं करती, बल्कि सोचने और संवाद करने की प्रेरणा देती है।

## कोई ऐसा सीन जो आपकी असली जिंदगी से जुड़ता हो?

शूटिंग के दौरान कई बार मुझे अपने किरदार से जुड़ने का मौका मिला और कुछ सीन मेरे असली अनुभवों को दर्शाते थे। मैंने अपनी पहचान को स्वीकार करना सीखा, लेकिन शुरुआत में मुझे एहसास नहीं था कि यह प्रक्रिया मेरे लिए कितनी चुनौतीपूर्ण होगी। मेरे किरदार के कुछ पहलू ऐसे थे, जिन्हें मैं पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर पा रहा था। बिल्कुल वैसे ही जैसे असली जिंदगी में कभी-कभी हम खुद को पूरी तरह स्वीकार नहीं कर पाते।

## शुरुआत में बॉलीवुड में फिट न होने का एहसास कैसा था?

शुरुआत में मुझे लगता था कि मैं बॉलीवुड में फिट नहीं हूं। बाकी लोग आसानी से सब संभाल लेते हैं। उनकी भाषा, अंदाज और कॉन्फिडेंसज और मैं उनके सामने खुद को सही तरीके से दिखा नहीं पा रहा था। मैं उनके हिसाब से खुद को कम समझता था और कभी-कभी मिसफिट सा महसूस करता था। लेकिन धीरे-धीरे मुझे एहसास हुआ कि मैं अलग नहीं हूं। मैंने खुद को जैसे हूं, वैसे स्वीकार कर लिया। जब मैंने खुद को एक्सेप्ट किया, तो दोस्तों और सोशल मीडिया से भी सपोर्ट मिला। मुझे समझ आया कि अपनी पहचान को अपनाना ही सबसे बड़ी जीत है। अब मैं अपने आप पर गर्व महसूस करता हूं। मैं खुश हूं कि मैंने अपने तरीके से खुद को अपनाया।

## बड़े ऑफर्स के बावजूद आप कोई किरदार कैसे चुनते हैं?

सच कहूं तो, मुझे फिल्मों में ऑफर्स आते रहे, लेकिन मैं हमेशा सोच-समझकर ही रोल्स चुनता हूं। कई फिल्म्स गंभीर और इंटेंस सब्जेक्ट्स पर होती हैं, तो शायद उन्हें लगता था कि मैं सेफ चॉइस हूं। लेकिन मैं चाहता था कि अपने काम में एक्सपेरिमेंट करूं। इस फिल्म में भी शुरुआत में डर था, क्योंकि रोल डिमांडिंग था, लेकिन सलाम वेंकी में मैंने अलग अवतार में काम करके लोगों को अपनी काबिलियत दिखाई थी। इस प्रोसेस ने मुझे यह सिखाया कि एक एक्टर को सिर्फ टाइपकास्ट नहीं होना चाहिए। मीडियम चाहे टीवी हो या फिल्म, हमें हमेशा एक्टिंग के नजरिए से देखा जाना चाहिए।



भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया

## मैथ्यू रेनशॉ को मिला वनडे डेब्यू का गोल्डन चांस, जानिए टेस्ट में कैसा है रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज (शुरुआती दो मैच) के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। लिस्ट-ए में शानदार प्रदर्शन करने वाले मैट रेनशॉ को शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है, जो अब वनडे फॉर्मेट में डेब्यू कर सकते हैं। रेनशॉ ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से खेलते हुए श्रीलंका ए के विरुद्ध बतौर कप्तान 80, 106 और 62 रन की पारियां खेली थीं। 50 ओवरों के फॉर्मेट में आमतौर पर नंबर-3 या 4 पर बल्लेबाजी करने वाले 29 वर्षीय मैट रेनशॉ ने साल 2016 में टेस्ट टीम में डेब्यू किया था। यह बाएं हाथ का खिलाड़ी 14 टेस्ट मुकाबलों में 29.31



की औसत के साथ 645 रन बना चुका है। इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक और 3 अर्धशतक निकले हैं। मैट रेनशॉ ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में कुल 126 मुकाबले खेले, जिसमें 37.28 की औसत के साथ यह बल्लेबाज 7,681 रन अपने नाम कर चुका है। इस दौरान उनके बल्ले से 23 शतक और इतने ही अर्धशतक निकले। वहीं, 76 लिस्ट-ए मुकाबलों में रेनशॉ ने 41.13 की औसत के साथ 2,756 रन जुटाए हैं। मैट रेनशॉ के साथ तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की वनडे टीम में वापसी हुई है, जो नवंबर 2024 के बाद पहली बार वनडे मैच खेलने को तैयार हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19, 23 और 25 अक्टूबर को वनडे मुकाबले खेले जाने हैं, जिसके बाद 29 अक्टूबर, 31 अक्टूबर, 2 नवंबर, 6 नवंबर और 8 नवंबर को टी20 मैच खेले जाएंगे।

**भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम :** मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मिचेल ओवेन, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क और एडम जांपा।

**भारत के विरुद्ध शुरुआती दो टी20 मुकाबलों के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम :** मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जांपा।

## संजू सैमसन का नंबर कब आएगा: टी-20 में ओपनिंग पोजिशन से हटाया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2015 में भारतीय टीम के लिए डेब्यू करने वाले संजू सैमसन 2023 तक महज 24 टी-20 मैच ही खेल सके थे। आखिरकार 2024 वर्ल्ड कप के बाद उनकी भारतीय टी-20 टीम में जगह पक्की हुई। उन्होंने फिर ओपनिंग करते हुए 5 महीनों में 3 शतक लगा दिए। लगा कि अब संजू भारत के लॉन्ग टर्म ओपनर होंगे।



लेकिन, एशिया कप में उन्हें अपनी जगह शुभमन गिल के लिए खाली करनी पड़ गई। संजू ने मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी की। फाइनल में जब भारतीय टीम 20 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी तब उन्होंने तिलक वर्मा के साथ 57 रन की पार्टनरशिप लगाई और भारत की मैच में वापसी कराई। इसके बाद माना जा रहा था कि संजू ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की वनडे टीम में भी जगह बना लेंगे। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। मुख्य विकेटकीपर के तौर पर केएल राहुल चुने गए और बैकअप के तौर पर ध्रुव जुरेल टीम में आ गए। संजू बाहर रह गए। ऐसा तब हुआ है जब संजू ने 16 वनडे मैचों में 56 की औसत से रन बनाए हैं। दूसरी ओर जुरेल ने अभी वनडे में डेब्यू भी नहीं किया है। संजू एक बार फिर नजरअंदाज हो गए। हालांकि, यह पहला मौका नहीं जब संजू और उनके फैंस का दिल टूटा हो।

महिला वर्ल्डकप 2025:

# महिला वर्ल्डकप में इस खिलाड़ी का तूफान!

● 5 मैचों में जड़े 4 शतक, स्मृति मंधाना का रिकॉर्ड तोड़ा





**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला वर्ल्ड कप 2025 में साउथ अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स इन दिनों अपने बल्ले से तहलका मचा रही हैं. न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्होंने शानदार शतक जड़कर न सिर्फ अपनी टीम को जीत दिलाई, बल्कि कई बड़े रिकॉर्ड भी तोड़ दिए. ब्रिट्स का यह पिछले 5 वनडे मैचों में चौथा शतक है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है.

**87 गेंदों में ताबड़तोड़ शतक-** कोलंबो के मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ ब्रिट्स ने सिर्फ 87 गेंदों में शतक पूरा किया. उन्होंने अपनी 89 गेंदों की पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया. उनकी पारी ने साउथ अफ्रीका की पारी को मजबूत नींव दी और टीम ने 7 विकेट से मुकाबला जीत लिया.

**5 मैचों में चौथा शतक-** 34 साल की ताजमिन ब्रिट्स के लिए यह समय करियर का सुनहरा दौर कहा जा सकता है. वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने 101 रन बनाए थे. पाकिस्तान दौरे पर भी नाबाद उन्होंने 101 और 171 रन की शानदार पारियां खेलीं, और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ एक और शानदार शतक जड़ दिया. उनके इस प्रदर्शन से साउथ अफ्रीका की टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ा है, खासकर इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद.

**सबसे कम पारियों में 7 शतक का रिकॉर्ड-** इसी के साथ ही ताजमिन ब्रिट्स ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. उन्होंने सिर्फ 41 पारियों में 7 वनडे शतक लगाए हैं. इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग के नाम था, जिन्होंने 44 पारियों में 7 शतक लगाए थे. ब्रिट्स ने इस रिकॉर्ड को 3 पारियों पहले ही तोड़ दिया.

### स्मृति मंधाना का रिकॉर्ड भी टूटा

भारत की स्टार बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना के नाम एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा वनडे शतक (4) का रिकॉर्ड था, लेकिन अब ताजमिन ब्रिट्स ने इसे भी पीछे छोड़ दिया है. ब्रिट्स ने 2025 में 5वां शतक लगाकर नया रिकॉर्ड बना दिया है. मंधाना ने 2024 में 4 शतक जड़े थे, जबकि 2025 में वह अब तक 4 शतक तक पहुंची हैं.

### ब्रिट्स बनी साउथ अफ्रीका की रीढ़


ताजमिन ब्रिट्स का यह फॉर्म साउथ अफ्रीकी महिला टीम के लिए किसी वरदान से कम नही है. इंग्लैंड से शुरुआती हार के बाद उन्होंने टीम को संभाला और लगातार रन बनाकर टूर्नामेंट में वापसी कराई. अगर उनका यह फॉर्म जारी रहा, तो वह साउथ अफ्रीका को पहली बार महिला विश्व कप ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं.

## 41 वर्षीय रॉस टेलर ने रिटायरमेंट से की वापसी

जापान-मलेशिया के आगे भी रहे फ्लॉप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉस टेलर क्रिकेट जगत में एक बड़ा नाम है, जो न्यूजीलैंड के लिए कई सालों तक खेले और कुछ समय पहले इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके थे. लेकिन उन्होंने रिटायरमेंट के फैसले से यू-टर्न लेते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की. 41 साल के टेलर न्यूजीलैंड के लिए नहीं बल्कि सामोआ देश के लिए खेल रहे हैं और टी20 वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर में इस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन उनकी वापसी अच्छी नहीं रही. टी20 वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर से पहले वार्म-अप मैचों में रॉस टेलर ने 2 मैच खेले और दोनों में फ्लॉप रहे. सामोआ देश का नाम शायद ही भारत में किसी ने पहले सुना हो, लेकिन टेलर जैसे बड़े खिलाड़ी के इस टीम में जाने से लोग इसे जानने लगे हैं. हालांकि जितना बड़ा नाम टेलर का है, उससे उनकी धांसू वापसी की उम्मीद थी लेकिन अभी तो ऐसा नहीं दिखा.

जापान के खिलाफ वार्म-अप मैच में उन्होंने सिर्फ 11 रन बनाए, वो भी 10 गेंदों में. वहीं मलेशिया के खिलाफ भी उनका बल्ला खामोश रहा, इस टीम के खिलाफ रॉस टेलर ने 8 गेंदों में सिर्फ 4 रन बनाए. बेशक रॉस टेलर क्रिकेट जगत में बड़ा नाम है, अच्छे अच्छे गेंदबाजों को उन्हें आउट करने में पसीने छूट जाया करते थे लेकिन 41 साल की उम्र में उनके लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी और वैसा ही प्रदर्शन करना मुश्किल नजर आ रहा



है. टेलर एक बड़े खिलाड़ी हैं, इस वजह से फैंस को उम्मीद भी है किए क्वालीफायर के मुख्य मैचों में वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे. सामोआ का ग्रुप स्टेज में पहला मैच ओमान के साथ है. ये मैच भारत के समयनुसार सुबह 11:30 बजे से शुरू होगा. इसके बाद टीम का अगला मैच 9 अक्टूबर को पीएनजी (पापुआ न्यू गिनी) के खिलाफ है.

## भारत के लिए अच्छी खबर, पंत साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले मैदान पर कर सकते हैं वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर है। इंग्लैंड दौरे पर चोटिल हुए ऋषभ पंत फिट होने की राह पर हैं। वह 14 नवंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की सीरीज से पहले मैदान पर दिख सकते हैं। पंत 25 अक्टूबर से शुरू होने वाले 2025-26 रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर में खेलते दिख सकते हैं। भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने पिछले महीने दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा करते समय कहा कि कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में खेलते दिख सकते हैं।

जुलाई के अंत में इंग्लैंड दौरे पर ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट में पंत के दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया था। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार है कि वह रिहैब के अंतिम चरण में हैं और इस सप्ताह के अंत में बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ष्टश्वश्व) में उनकी फिटनेस का आकलन किया जाएगा। तीन हफ्ते से भी ज्यादा समय पहले उनके पैर की प्लास्टर हटा दी गई थी और अब वह बिना किसी परेशानी के चल-फिर रहे हैं। उन्होंने फिर से बल्लेबाजी भी शुरू कर दी है।

### पंत के पहले राउंड में खेलने पर संदेह

अगर पंत को मंजूरी मिल जाती है तो उनके दिल्ली टीम से जुड़ने की उम्मीद है जो 15 अक्टूबर से हैदराबाद के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के पहले दौर में खेलेगी। डीडीसीए को पंत के पहले राउंड में खेलने पर संदेह है।

भारत-इंग्लैंड के चौथे टेस्ट मैच में क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में चोटिल होने से पंत मैदान से बाहर हैं। उन्हें चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा और स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। अगले दिन पंत बल्लेबाजी के लिए लौटे, लेकिन विकेटकीपिंग नहीं कर सके। उन्होंने चार टेस्ट मैचों में 479 रन बनाए, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं।

## पाकिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

**कोलंबो, एजेंसी।** अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने वाला ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में लय हासिल करने के लिए जूझ रही है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन अन्य टीम के प्रदर्शन से बिल्कुल अलग रहा है। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम अब तक टूर्नामेंट में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली एकमात्र टीम रही है और पिछले दो मैच में बांग्लादेश और भारत के खिलाफ कमजोर दिखे पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की आसान जीत दर्ज की थी।



टीम की नजरें रिकॉर्ड में सुधार करने वाले आठवें विश्व कप खिताब पर टिकी हैं। हालांकि सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली, बेथ मूनी और एनाबेल सदरलैंड जैसी बल्लेबाज लड़खड़ा रही हैं लेकिन एश्ले गार्डनर ने इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में शानदार शतक जड़कर अंत में मुकाबला एकतरफा बना दिया। एनाबेल सदरलैंड की तेज गेंदबाजी और सोफी मोलिन्यु की स्पिन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और इंग्लैंड, भारत तथा दक्षिण अफ्रीका जैसी कड़ी टीमों से मुकाबला करने से पहले टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अपनी रणनीति को और मजबूत करने की कोशिश करेगी।

## रोहित शर्मा के लिए आने वाली है एक और बुरी खबर!

सुनील गावस्कर ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम में इन दिनों बड़े बदलावों का दौर चल रहा है. पहले रोहित शर्मा से वनडे की कप्तानी छीनी गई, और अब क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने एक ऐसा बयान दिया है जिसने फैंस की चिंता और बढ़ा दी है. गावस्कर का कहना है कि आने वाले दिनों में रोहित शर्मा से जुड़ी एक और बुरी खबर सुनने को मिल सकती है.



**अब और बुरी खबर के लिए तैयार रहिए -** स्पोर्ट्स तक से बातचीत में सुनील गावस्कर ने कहा कि रोहित शर्मा का भविष्य अब टीम मैनेजमेंट की सोच और उनके खुद के फैसले पर निर्भर करेगा. गावस्कर ने कहा, अगर रोहित कोई स्पष्ट वादा नहीं कर रहे कि वे अगले दो साल तक वनडे खेलना जारी रखेंगे या नही, तो फैंस को आगे जाकर और बुरी खबर के लिए तैयार रहना चाहिए. उनके इस बयान से क्रिकेट जगत में चर्चा तेज हो गई है कि क्या रोहित शर्मा जल्द वनडे से संन्यास लेने वाले हैं या टीम मैनेजमेंट उन्हें अब धीरे-धीरे बाहर करने की योजना बना रहा है.

**रोहित को अब विजय हजारे ट्रॉफी खेलनी होगी-** गावस्कर ने यह भी कहा कि अगर रोहित शर्मा वनडे करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में सक्रिय रहना होगा.

### कैलेंडर में नहीं बचा वनडे का ज्यादा स्थान

गावस्कर ने आगे कहा कि आने वाले दो सालों में भारत बहुत कम वनडे मैच खेलेगा, जिससे रोहित के लिए फॉर्म और फिटनेस बनाए रखना मुश्किल हो सकता है. उन्होंने आगे कहा, टीम इंडिया का शेड्यूल अब टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल पर केंद्रित है. अगर रोहित साल में सिर्फ 5-7 वनडे ही खेलते हैं, तो इतने कम मैचों में वर्ल्ड कप जैसी बड़ी तैयारी नहीं की जा सकती. उन्होंने कहा कि शायद इसी वजह से चयनकर्ताओं ने शुभमन गिल को भविष्य के कप्तान के रूप में तैयार करने का फैसला लिया है.

फैंस को लगा बड़ा झटका

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप और हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी.

## मप्र में रजत पाटीदार को बड़ा इनाम

सभी फॉर्मेट में मिली मध्य प्रदेश की कमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रजत पाटीदार को मध्य प्रदेश टीम के सभी फॉर्मेट की कप्तानी सौंपी गई है। उन्हें रणजी ट्रॉफी के साथ शुरू होने वाले 2025-26 के घरेलू सत्र से पहले यह जिम्मा सौंपा गया, जिसकी शुरुआत 15 अक्टूबर से होने जा रही है। 32 वर्षीय रजत पाटीदार ने शुभम शर्मा को बतौर कप्तान रिप्लेस किया है। पाटीदार को मध्य प्रदेश के क्रिकेट निदेशक चंद्रकांत पंडित ने यह जिम्मेदारी सौंपी। रजत पाटीदार को पिछले सीजन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान कप्तान के रूप में पहली बार



आजमाया गया था। पाटीदार ने अपनी कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को पहली बार आईपीएल चैंपियन बनाया। इसके बाद मध्य प्रदेश को फाइनल तक लेकर गए, जहां टीम को मुंबई से हार का सामना करना पड़ा। रजत पाटीदार आईपीएल खिताब जीतने के बाद से शानदार कप्तानी कर रहे हैं, उन्होंने हाल ही में 2014-15 के बाद पहली बार सेंट्रल जोन को दलीप ट्रॉफी का चैंपियन बनाया है। हाल ही में पाटीदार ने ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया टीम का नेतृत्व किया, जिसमें ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़ और अभिमन्यु ईश्वरन जैसे बड़े नाम शामिल थे। हालांकि, इस मुकाबले में उनकी टीम को विदर्भ के हाथों 93 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। 2024-25 के रणजी ट्रॉफी सीजन की 11 पारियों में 48.09 की औसत से 529 रन बना चुके रजत पाटीदार इस दौरान एक शतक और दो अर्धशतक लगा चुके हैं। पाटीदार ने दलीप ट्रॉफी के फाइनल में शतक जमाया है। मध्य प्रदेश 15 अक्टूबर को अपने रणजी ट्रॉफी अभियान की शुरुआत पंजाब के खिलाफ मुकाबले के साथ करेगा। इसके बाद टीम 25 अक्टूबर से सौराष्ट्र को चुनौती देगी।

## ओसाका ने वुहान ओपन में लेला फर्नांडिज को हराया



वुहान (चीन), एजेंसी। नाओमी ओसाका ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मंगलवार को यहां लेला फर्नांडिज को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 लेवल वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2017 के बाद यहां पहली बार खेल रही ओसाका ने सेंटर कोर्ट पर दिन के पहले मैच में फर्नांडिज के खिलाफ 4-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की।

ऐमा राडुकानु जब आन ली के खिलाफ 1-6, 1-4 से पिछड़ रहीं थीं तो उन्हें चक्कर आने के कारण मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। सोफिया केनिन ने अनास्तासिया जखारोवा को 3-6, 7-6, 6-3 से हराया। वह दूसरे दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी लुइडमिला सैमसोनोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने एमिलियाना एरेंगो को 6-1, 7-5 से शिकस्त दी।

### संक्षिप्त समाचार

## डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे लिंक रोड को जोड़ने के लिए बनेगा 140 मीटर लंबा आर्च ब्रिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे की लिंक रोड को जोड़ने के लिए 140 मीटर लंबा आर्च ब्रिज बनेगा। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने इस योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसे छह माह में बनाने का लक्ष्य है, जिसके बाद एक्सप्रेसवे के पूरे हिस्से को वाहन चालकों के लिए खोल दिया जाएगा। इससे तीन राज्यों दिल्ली, नोएडा और फरीदाबाद के बीच सफर आसान हो जाएगा। फरीदाबाद शहर में बाईपास रोड को डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे के लिंक रोड के रूप में विकसित किया गया है। फरीदाबाद में निर्माण कार्य पूरा कर इसे वाहनों के लिए खोला जा चुका है। दिल्ली के महारानी बाग से कालिंदी कुंज चौक के पास तक फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो गया है, लेकिन कालिंदी कुंज के पास फ्लाईओवर की तरफ जोड़ने का काम बाकी है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक धीरज सिंह ने बताया कि यहां आगरा नहर के बीच एक पिलर खड़ा करना था, जिस पर गर्डर रखकर दोनों भागों को जोड़ने की योजना



थी, लेकिन सिंचाई विभाग ने पिलर खड़ा करने की मंजूरी नहीं दी। अब फ्लाईओवर के बीच के हिस्से को आपस में जोड़ने के लिए आर्च ब्रिज बनाया जाएगा। जाम से राहत मिलेगी- आर्च ब्रिज बनने के बाद जाम की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही दिल्ली, नोएडा और फरीदाबाद के बीच आवागमन भी सुगम हो जाएगा। निर्माण के बाद वाहन बिना रुकावट दिल्ली से केएमपी एक्सप्रेसवे लिंक रोड तक जा सकेंगे। अर्धगोलाकार निर्माण के कारण भार किनारों पर आता है आर्च ब्रिज मेहराब के आकार का ढांचा होता है। यह अर्धगोलाकार होने के साथ ही काफी मजबूत होता है। क्योंकि इसका भार नीचे की ओर न जाकर किनारों की ओर जाता है। पहले यह पत्थर और ईंटों से बनाए जाते थे, लेकिन अब स्टील और कंक्रीट से बनाए जाने लगे हैं।

## गाजियाबाद में कई स्पेशल ट्रेनें रुकेंगी, दिवाली और छठ पर गांव जाने वालों को होगी सहूलियत

**गाजियाबाद, एजेंसी।** दिवाली और छठ महापर्व पर घर जाने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर है। रेलवे ने बिहार और पूर्वांचल के लोगों को बड़ी राहत देते हुए 54 स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया है। इनमें से कुछ ट्रेन गाजियाबाद स्टेशन पर रोजाना रुकेंगी। वहीं, कुछ ट्रेन सप्ताह में दो या तीन दिन और कुछ ट्रेन सप्ताह में एक दिन ठहरकर चलेगी। इनके संचालन से फैक्ट्री में काम करने वाले कामगारों से लेकर अन्य लोगों को विशेष लाभ होगा।

इनमें कुछ ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से चलेंगी, जो बिहार के छपरा, पाटलिपुत्र, पूर्णिया जैसे शहरों में जाएगी। दरभंगा-न्यू दिल्ली क्लोन स्पेशल ट्रेन गाजियाबाद स्टेशन पर रोजाना रुककर चलेगी। बरौनी से नई दिल्ली तक आने वाली बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल का भी ठहराव गाजियाबाद स्टेशन पर सभी सातों दिन होगा। प्रयागराज- दिल्ली स्पेशल गाजियाबाद जंक्शन पर शनिवार और रविवार को रुकेगी। दीवाली का त्योहार 20 को है। वहीं छठ पूजा 25 से 28 अक्तूबर तक है। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर 15 अक्तूबर के बाद त्योहार मनाने के लिए ट्रेन से जाने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ आने की संभावना है। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर सोमवार को कई ट्रेन दो से पांच घंटे की देरी से स्टेशन पर पहुंचीं। इसकी वजह से लोगों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए इंतजार करना पड़ा। सोमवार को पुरबिया एक्सप्रेस करीब साढ़े पांच घंटे की देरी से स्टेशन पहुंची। गोल्डन टेंपल मेल करीब ढाई घंटे लेट आई। कलिंगा उत्कल करीब तीन घंटे की देरी से स्टेशन पहुंची। इसके अलावा दिल्ली गाजियाबाद ईएमयू एक घंटा 46 मिनट, पलवल गाजियाबाद ईएमयू करीब एक घंटे देरी से आई। ईएमयू देरी से आने से नौकरी पेशा वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई।

## दिल्ली में 10 अवैध बांग्लादेशी ट्रांसजेंडर गिरफ्तार

# औरतों जैसे दिखने को कराई थी जीएएस सर्जरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के उत्तर-पश्चिमी जिले की विदेशी शाखा की टीम ने तीन अलग-अलग अभियानों में बांग्लादेश के 10 ट्रांसजेंडर लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 व्यक्ति थाना शालीमार बाग क्षेत्र से तथा 2 व्यक्ति थाना महेंद्रा पार्क क्षेत्र से पकड़े गए। सत्यापन के दौरान पाया गया कि वे भारत में अवैध रूप से रह रहे थे तथा दिन में भीख मांगने एवं रात में आपत्तिजनक गतिविधियों में शामिल थे। पकड़े गए आरोपियों ने महिलाओं जैसा दिखने के लिए जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी कराई थी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक हैदरपुर मेट्रो स्टेशन तथा नई सब्जी मंडी, महेन्द्रा पार्क के आसपास देखे गए हैं। रुटीन चेकिंग के दौरान सूचना के आधार पर टीम ने मुखबिर की सहायता से छापेमारी की। इस दौरान थाना शालीमार बाग क्षेत्र में हैदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास 8 संदिग्ध व्यक्तियों तथा थाना महेंद्रा पार्क क्षेत्र में नई सब्जी मंडी के पास 2 संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने खुद को भारतीय नागरिक बताया, लेकिन उनके विरोधाभाषी बयान एवं संदिग्ध हावभाव ने उनकी पहचान पर संदेह उत्पन्न किया। कड़ी पूछताछ और उनके दस्तावेजों की जांच, डिजिटल फुटप्रिंट्स के विश्लेषण एवं मोबाइल गैलरी तथा सोशल मीडिया अकाउंट्स की पड़ताल में यह स्पष्ट हुआ कि उनके बांग्लादेश से गहरे संबंध हैं।

### महिलाओं जैसे दिखने को कराई थी जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी

पूछताछ के दौरान उनके मोबाइल फोन एवं इंस्टाग्राम खातों से बांग्लादेश स्थित स्थानों की तस्वीरें बरामद हुईं। कड़ी पूछताछ में उन्होंने अपनी वास्तविक बांग्लादेशी नागरिकता स्वीकार की तथा अपने राष्ट्रीय पहचान पत्र प्रस्तुत किए। आगे यह भी खुलासा हुआ कि उन्होंने जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी कराई थी ताकि वे महिलाओं जैसा दिख सकें। अपनी पहचान छिपाने के लिए वे भारी मेकअप, साड़ी या सलवार सूट, नकली बाल (विग्स) और अन्य स्त्री-संबंधी आभूषणों का उपयोग करते थे। उन्होंने अपनी आवाज एवं शारीरिक हावभाव भी महिलाओं जैसी बनाए हुए थे।

पकड़े गए सभी अभियुक्तों को बिना वैध यात्रा दस्तावेज, वीजा या अनुमति पत्र के भारत में निवासरत पाया गया, जिससे उन्होंने विदेशी अधिनियम, 1946 एवं अन्य प्रासंगिक आप्रवासन कानूनों का उल्लंघन किया है। मोहम्मद अनवर हुसैन ञ्च रानी पुत्र अबुल हुसैन ट्रांसजेंडर 43 वर्ष ग्राम- तत खाना, पोस्ट- एलएन मिल्स, थाना- सिद्दिरगंज, जिला- नरायनगंज, राज्य- नरायनगंज, बांग्लादेश मोहम्मद जकारिया सिकदर ञ्च टोमा पुत्र शाह आलम सिकदर ट्रांसजेंडर 27 वर्ष ग्राम- आमतली, पोस्ट- कताखाली, थाना- नलचिटी, जिला- झलाकाठी, राज्य- बरिशाल, बांग्लादेश।

**शशि थरूर होंगे केजरीवाल के पड़ोसी**

## अरविंद केजरीवाल को मिला नया बंगला

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को नया बंगला मिल गया है। केंद्र सरकार द्वारा उन्हें 95, लोधी एस्टेट स्थित बंगला आवंटित किया गया है। यह आवंटन दिल्ली हाईकोर्ट की फटकार के बाद हुआ है। सूत्रों ने बताया कि अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सोमवार को बंगले का दौरा किया था। केजरीवाल से पहले पूर्व आईपीएस अधिकारी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता इकबाल सिंह लालपुरा भी 95 लोधी एस्टेट बंगले में रह चुके हैं।

हाईकोर्ट ने बंगला आवंटन में देरी की आलोचना की थी और केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा सरकारी आवासों के प्रबंधन में पारदर्शिता की आवश्यकता पर बल दिया था। अदालत केजरीवाल के लिए केंद्र में स्थित आवास की मांग करने वाली 'आप' द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने 16 सितंबर को केंद्र सरकार की टालमटोल वाले रवैये की आलोचना करते हुए कहा था कि आवंटन प्रक्रिया सभी के लिए



मुफ्त प्रणाली जैसी है और इसमें आवास आवंटन को चुनिंदा रूप से प्राथमिकता नहीं दी जा सकती।

यह मामला तब सुर्खियों में आया जब बीएसपी सुप्रीम मायावती द्वारा मई में खाली किया गया 35 लोधी एस्टेट स्थित टाइप- बंगला आप के प्रस्ताव के बावजूद केजरीवाल के बजाय एक केंद्रीय राज्य मंत्री को दे दिया गया। इस पर हाईकोर्ट ने केंद्र को रिकॉर्ड जमा करने और अपनी प्राथमिकता को जायज ठहराने के लिए कारण बताने निर्देश दिया था। इस मामले की जानकारी रखने अधिकारियों ने बताया कि केजरीवाल ने मायावती के आवास के बराबर आवास की मांग की थी। हालांकि, यह नियम है कि पार्टी अध्यक्षों को आवास तभी मिलेगा, जब उन्हें पहले से कोई आवास न आवंटित हो।

एक सूत्र ने कहा, ÷इस नियम का लाभ केवल मायावती और केजरीवाल को ही मिलता है।÷

## दिल्ली के पार्क में आधी रात भीषण एनकाउंटर, मारा गया कुख्यात भीम जोरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नेपाल से आकर दिल्ली-एनसीआर में खौफ बन चुका कुख्यात बदमाश भीम जोरा सोमवार की आधी रात मुठभेड़ में मारा गया। गुरुग्राम और दिल्ली पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में भीम बहादुर जोरा को ढेर किया। उस पर दिल्ली के एक डॉक्टर की हत्या के बाद डकैती और गुरुग्राम में भाजपा महरौली की जिला अध्यक्ष ममता भारद्वाज के घर पर 22 लाख की चोरी का आरोप था। दिल्ली पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख का इनाम रखा था। साउथ दिल्ली के आस्था कुंज पार्क में यह मुठभेड़ हुई है। भीम जोरा का साथी मौके से फरार हो गया।

गुरुग्राम सेक्टर 43 क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला था कि भीम जोरा साउथ दिल्ली के आस्था कुंज पार्क में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। क्राइम ब्रांच प्रभारी नरेंद्र अपनी टीम के साथ दिल्ली पुलिस की टीम को साथ लेकर मौके पर पहुंचे तो वहां पर भीम जोरा अपने एक अन्य साथी के साथ बैठा था। पुलिस देखते ही उसने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने आरोपियों को सरेंडर करने की चेतावनी दी लेकिन वह लगातार अंधाधुंध फायर करता रहा। पुलिस पार्टी की जवाबी फायरिंग में भीम जोरा को गोली लग गई और वो घायल हो गया। उसे तुरंत गंभीर हालत में एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुठभेड़ में भीम जोरा की ओर से फायर की गई एक गोली इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा के बुलेटप्रूफ जैकेट पर जा कर लगी और वह बाल बाल बच गए। रात 12.20 पर हुए एनकाउंटर में भीम जोरा की तरफ से 6 राउंड फायरिंग की गई जबकि पुलिस की ओर से 5 राउंड फायरिंग हुई। गोली लगने के बाद भीम जोरा को तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया



गया, जहां उसे मृत घोषित किया गया। जोरा के कब्जे से एक आधुनिक ऑटोमेटिक पिस्टल, जिंदा कारतूस और एक बैग में ताले तोड़ने और घर में घुसने के लिए इस्तेमाल होने वाले औजार मिले हैं। कुख्यात बदमाश भीम जोरा नेपाली मूल का था और भारत में डकैती व हत्या के साथ साथ चोरी की कई वारदातों को अंजाम दे चुका था। भीम जोरा पर हत्या, डकैती और लूटपाट जैसे कई मामले दर्ज हैं। दिल्ली, गुरुग्राम के अलावा वह बेंगुलुरु और गुजरात में भी वारदातों को अंजाम दे चुका था। हाल ही में दो अक्टूबर को आरोपी ने गुरुग्राम के सेक्टर 49 की सोसाइटी ओर्किड पेटल के विला नंबर 3 में महरौली बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज के घर में अपने साथी युभराज के साथ मिल कर 20 लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

## सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले वकील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्होंने वही किया जो परमात्मा उनसे कराना चाहता था। राकेश किशोर ने कहा कि वह परमात्मा की इच्छा पूरी कर रहे थे इसलिए माफी नहीं मांगेंगे। 72 वर्षीय वकील ने पेडिंग केसों को लेकर भी न्यायापालिका से अपनी नाराजगी व्यक्त की। राकेश किशोर ने कहा, 'बिल्कुल अफसोस नहीं है। ना.. ना... ना मैं माफी मांगने वाला हूं। ना मुझे अफसोस है। मैंने कुछ नहीं किया है। आप मेरे ऊपर सवाल उठा रहे हैं। परमात्मा ने जो कराया, वो मैंने किया। मैं करता नहीं, महज साक्षी हूं। उसने कराया उसकी इच्छा पूरी हो। उसकी इच्छा होगी कि मैं जेल जाऊं, या मुझे फांसी लगा दी जाए या मार दिया जाए। वह परमात्मा की इच्छा है। मैं कहता हूं कि परामात्मा की इच्छा पूरी हो। 72 साल का हो गया हूं, मैं कब तक झेलूंगा इस तरह की घटनाएं।' यह पूछे जाने पर कि क्या उनके ऐसा करने से इस तरह के मामले और नहीं बढ़ेंगे? वकील राकेश किशोर ने कहा, इस तरह के मामले और बढ़ सकते हैं, इसका क्या मतलब है। जजों को भी अपनी संवेदनशीलता बढ़ानी चाहिए। लाखों-करोड़ों केस पेडिंग हैं, क्यों पड़े हुए हैं। राकेश ने पेडिंग केसों को लेकर भी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उदाहरण दिया कि उनके एक दोस्त का छोटा सा केस चार साल से पेडिंग है। राकेश ने अपनी नाराजगी को लेकर प्रमुख तौर पर सीजेआई की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया जो उन्होंने खजुराहो स्थित भगवान विष्णु की मूर्ति से जुड़ी याचिका के दौरान की थी। वकील ने सोमवार सुबह अदालत में अपना जूता उतारते हुए इसे सीजेआई की तरफ उछालने की कोशिश की, लेकिन वक्त रहते सुरक्षाकर्मियों ने उसे दबोच लिया। इसके बाद उसने सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान का नारा लगाया।

राकेश किशोर दिल्ली के मयूर विहार में रहते हैं और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य थे। घटना के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। वहीं, दिल्ली पुलिस ने किशोर को हिरासत में लेने और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया।

## कैलीफोर्निया में हेलीकॉप्टर क्रैश होकर हाईवे पर गिरा

**कैलीफोर्निया , एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में हेलीकॉप्टर क्रैश होने से सनसनी फैल गई। इस घटना में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह हादसा सोमवार की शाम को कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में हुआ। घटना की सूचना मिलते ही फायर विभाग के लोग मौके पर पहुंचे।

हवा में उड़ान भरने के दौरान हेलीकॉप्टर अचानक क्रैश हो गया। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आसमान में आग का गोला बनने के बाद हेलीकॉप्टर हाईवे पर जा गिरा।

कैलिफोर्निया में क्रैश हुआ हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस मुहैया करवाता था। हेलीकॉप्टर ने पास के ही एक अस्पताल



से उड़ान भरी थी। वहीं, हेलिकॉप्टर कैसे क्रैश हुआ? यह अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। हेलीकॉप्टर क्रैश होने से 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सैक्रामेंटो की मेयर केविन के अनुसार, ÷नेशनल हाईवे 50 पर हेलीकॉप्टर गिरा था। यह बेहद भयानक घटना थी।÷ घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## जाफर एक्सप्रेस में आईईडी ब्लास्ट

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को निशाना बनाकर एक बार फिर विस्फोट किया गया। इसमें कई लोग घायल हो गए। क्वेटा की ओर जा रही इस ट्रेन पर सिंध-बलूचिस्तान सीमा के पास सुल्तानकोट क्षेत्र में एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण से हमला किया गया। इसके कारण कम से कम छह डिब्बे पटरी से उतर गए। यह इस साल मार्च के बाद से जाफर एक्सप्रेस पर हुआ ताजा हमला है। बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने दावा किया गया कि ट्रेन में पाकिस्तानी सेना के जवान यात्रा कर रहे थे। समूह ने अपने बयान में कहा, ÷यह हमला तब किया गया जब पाकिस्तानी सेना के जवान ट्रेन में सवार थे। विस्फोट के परिणामस्वरूप कई सैनिक मारे गए और घायल हुए साथ ही



ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए।÷ बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स ने अपने बयान में यह भी कहा कि ÷ऐसे हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक बलूचिस्तान की आजादी नहीं मिल जाती।÷ घटनास्थल पर बचाव दल और सुरक्षा बल पहुंच चुके हैं, और राहत कार्य चल रहा है।

सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में घायल लोगों को दिखाया गया है, जो इस हमले की गंभीरता को दर्शाता है। जाफर एक्सप्रेस क्वेटा से पेशावर तक चलती है। इस साल कई बार निशाना बन चुकी है। मार्च में सबसे घातक हमला हुआ था, जब बोलन क्षेत्र में ट्रेन को हाइजैक कर लिया गया था, जिसमें 21 यात्रियों और चार सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी। इसके जवाब में सुरक्षा बलों ने 33 आतंकवादियों को मार गिराया था।

## पाकिस्तान ने अमेरिका को खनिजों की पहली खेप भेजी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने पहली बार अमेरिका को दुर्लभ खनिजों की छोटी खेप भेजी है। ये खनिज पिछले महीने अमेरिकी कंपनी यूएस स्ट्रैटेजिक मेटल्स (यूएसएसएम) के साथ हुए 50 करोड़ डॉलर के सौदे के तहत भेजे गए। हालांकि इन्हें भेजने की टाइमिंग नहीं पता चल पाई है। इस सौदे का मकसद पाकिस्तान में खनिजों की खोज और प्रोसेसिंग के लिए कारखाने बनाना है। ये नमूने पाकिस्तानी सेना की ब्रांच फ्रंटियर वर्क्स ऑर्गेनाइजेशन की मदद से तैयार किए गए। यूएसएसएम ने इसे पाकिस्तान और अमेरिका के बीच दोस्ती का बड़ा कदम बताया। कंपनी का कहना है कि यह समझौता खनिजों की खोज से लेकर प्रोसेसिंग तक सब कुछ कवर करता है।

इमरान खान की पार्टी ने सौदे का विरोध किया वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री



इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इसका विरोध किया है। पीटीआई नेता शेख वक्कास अकरम ने कहा ऐसे सीक्रेट सौदे से देश के हालात खराब हो सकते हैं। क्ष्ज्ञढ्ढ ने मांग की कि सरकार अमेरिका के साथ हुए सौदों का पूरा ब्योरा जनता को बताए। क्ष्ज्ञढ्ढ के नेता ने कहा कि संसद और लोगों को विश्वास में लेना चाहिए। हम देश के हितों के खिलाफ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे। यूएसएसएम कंपनी का कहना है कि यह सौदा खनिजों की खोज से लेकर रिफाइनरी बनाने तक सब कुछ कवर करता है। मिसूरी की यह कंपनी ऐसे खनिज बनाती और रिसाइकल करती है जो रक्षा, तकनीक और ऊर्जा के लिए जरूरी हैं। खेप में एंटीमनी, कॉपर कंसन्ट्रेट और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे नियोडिमियम व प्रेजियोडिमियम शामिल हैं। इससे पहले सितंबर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुलाकात की थी। इस दौरान मुनीर ने ट्रम्प को रेयल मिनरल्स से भरा ब्रीफकेस दिखाया था। पाकिस्तान का दावा है कि उसके पास 6 ट्रिलियन डॉलर की खनिज संपदा है। वो चाहता है कि अमेरिकी निवेशक यहां इन्वेस्ट करें। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने तीन दिन पहले ही अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया है। रॉयटर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पाकिस्तान चाहता है कि अमेरिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं। प्रस्ताव में साफ कहा गया है कि यह बंदरगाह सिर्फ व्यापार और खनिजों के लिए है।

## 'बुफे की चीजें अपने बैग में मत डालो', स्विस होटल ने भारतीय पर्यटकों को दी ये चेतावनी!

स्विटरलैंड, एजेंसी। सोशल मीडिया पर हाल ही में डॉ. अर्शीत धमनसकर का एक पोस्ट वायरल हो गया है जिसमें उन्होंने स्विट्जरलैंड के एक होटल में अपने साथ हुए असहज और अपमानजनक अनुभव का ज़िक्र किया है। डॉ. धमनसकर ने बताया कि होटल के कमरे के दरवाज़े के पीछे एक नोटिस लगा था जिसका शीर्षक था ÷प्रिय भारतीय पर्यटकों। इस नोटिस में मेहमानों को बुफे का खाना अपने पर्स या बैग में न रखने की सलाह दी गई थी। डॉक्टर धमनसकर ने अपनी पोस्ट में स्पष्ट किया कि उन्हें नियम से कोई समस्या नहीं थी। वह समझते थे कि बुफे केवल उचित सीमा तक ही असीमित होते हैं न कि खाने की जमाखोरी के लिए। समस्या नोटिस के लहजे और निशाना साधने के तरीके पर थी। डॉ. धमनसकर ने कहा, यह किसी के लिए भी और सभी के लिए लिखा जा सकता था लेकिन इसकी शुरुआत खास तौर पर प्रिय भारतीय पर्यटकों से हुई थी। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की भाषा एक सामान्य होटल दिशानिर्देश को एक शांत अपमान के पल में बदल देती है। उनकी पोस्ट ने एक बार फिर सांस्कृतिक रूढ़िवादिता और सामान्यीकरण के छोटे-छोटे कृत्यों के भावनात्मक प्रभाव पर वैश्विक बहस छेड़ दी है। यह घटना 2019 के एक पुराने विवाद की याद दिलाती है जब उद्योगपति हर्ष गोयनका ने भी एक स्विस होटल से ऐसा ही एक नोटिस साझा किया था। उस समय गोयनका ने लिखा था कि इस नोटिस को पढ़कर उन्हें गुस्सा और अपमान महसूस हुआ था। हालांकि उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी जोड़ा था कि भारतीय पर्यटक कई बार शोर मचाने वाले असभ्य और सांस्कृतिक रूप से असंवेदनशील होते हैं। उन्होंने अपील की थी भारत के एक अंतरराष्ट्रीय शक्ति बनने के साथ हमारे पर्यटक हमारे सबसे अच्छे वैश्विक राजदूत हैं। दोनों ही मामले इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि जब सामान्य अनुस्मारक किसी एक राष्ट्रीयता को लक्ष्य करके लिखे जाते हैं तो वे साधारण शिष्टाचार की सलाह से सांस्कृतिक रूढ़िबद्धता में बदल जाते हैं जिससे आतिथ्य सत्कार और सम्मान के वैश्विक मानकों पर बड़ा चिंतन शुरू हो जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंचल के प्रत्येक हल्का में लगाया जा रहा है विशेष राजस्व शिविर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनता दरबार में ज्यादातर मामले भूमि के दाखिल झ्र खारिज, जमाबंदी में सुधार, भू-मापी एवं लगान-रसीद जमा करने के समस्याओं के निराकरण को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार जिले के सभी अंचल कार्यालयों अंतर्गत प्रत्येक हल्का कार्यालय/पंचायत सचिवालय में एक-एक दिन का विशेष राजस्व शिविर दिनांक 06 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर 2025 तक पूर्वाहन 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक संचालित हो रहा है। इसी क्रम में शिविर आज चास, चन्दनकियारी, गोमिया, नावाडीह, चन्द्रपुरा, पेटरवार, कसमार, जरीडीह एवं बेरमो अंचल के हलकों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में भूमि संबंधित मामलों (दाखिल-खारिज, जमाबंदी सुधार, भू-मापी, रसीद आदि) का त्वरित निपटारा किया जा रहा है।

### हीरापुर दुर्गा मंदिर में विधि विधान से हुई मां लक्खी की पूजा अर्चना

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हीरापुर स्थित दुर्गा मंदिर में बंगाली समुदाय ने बहुत ही उत्साह पूर्वक विधि विधान से मां लक्खी की पूजा-अर्चना की। महिला उपवास पर रहीं तथा मंदिर में फल, नारियल का लड्डू, खिचड़ी आदि का भोग लगाया। दुर्गा मंदिर में श्रद्धालु इंदिरा अधिकारी ने



बतायी कि लक्खी पूजा का बंगाली समुदाय के लोगों में विशेष महत्व है। शरद पूर्णिमा के दिन मनायी जाने वाली यह पूजा मां लक्खी को समर्पित है. ऐसा माना जाता है कि इस दिन मां लक्खी पृथ्वी में विचरण करती है.उनकी पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है.मां वैसे भी सभी को खुश रखती है। मां वर्तमान में दुनिया में फैले करप्शन को दूर करें और सभी को खुश रखे मेरी उनसे यही मनोकामना है। पूजा को लेकर पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय था।

### रावण मरांडी की पुण्यतिथि पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**जैनामोड़ (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वर्गीय रावण मरांडी मेमोरियल फुटबॉल मैदान, बालीडीह औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत पिपराडीह गांव में भाजपा आदिवासी नेता जय नारायण मरांडी की अध्यक्षता में स्वर्गीय रावण मरांडी को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह खिलाड़ियों से हाथ मिला कर परिचय प्राप्त किया। इसके बाद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इसके पूर्व खिलाड़ियों ने पुष्प अर्पित



कर दो मिनट मौन धारण किया। अर्जुन सिंह ने कहा कि खेल के प्रति आदिवासी युवाओ के हुनर को हेमंत सरकार पहचान नही पा रही है, जिस कारण युवा राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पा रहे है। जय नारायण मरांडी ने कहा, बालीडीह औद्योगिक क्षेत्र में फुटबॉल मैदान के तौर पर रियाडा ने कहीं भी जमीन नहीं छोड़ा है, जिससे खेल प्रेमियों में रोष है। प्रतियोगिता के दौरान समाज सेवी लालचंद मरांडी, बालेश्वर मुर्मू, राकेश मरांडी, टिंकू सिंह, धनेश्वर मरांडी उपस्थित रहे।

### कतरास में बस स्टैंड निर्माण का हो रहा विरोध

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कतरास में बस स्टैंड निर्माण को लेकर धनबाद जिला बस ओनर एसोसिएशन ने कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में एसोसिएशन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि इंटर स्टेट बस टर्मिनल का निर्माण धनबाद बस स्टैंड परिसर में ही होना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान धनबाद बस स्टैंड में लगभग 22 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जो इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन द्वारा बस स्टैंड को कतरास के लिलोरी स्थान में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया




गलत है। इससे आम लोगों को भारी असुविधा होगी, खासकर उन यात्रियों को जो रोजाना धनबाद शहर से आना-जाना करते हैं। बस मालिकों ने कहा कि कतरास शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरा रहेगा। यात्रा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की संभावना बनी रहेगी। एसोसिएशन ने बताया कि वे जल्द ही धनबाद उपायुक्त और अन्य जिला अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर बस स्टैंड को यथावत रखने की मांग करेंगे। संगठन ने सुझाव दिया कि यदि इंटर स्टेट बस टर्मिनल का निर्माण करना ही है, तो उसे पंडूकी क्षेत्र में बनाया जा सकता है, जहां परिवहन के लिए बेहतर स्थान और सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# बोकारो इस्पात संयंत्र में प्रस्तावित हड़ताल हेतु कई विभागों में संकल्प सभा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने मंगलवार को एक साथ कोक ओवन, यातायात, एसएमएस न्यू, सिंटर प्लांट, सी आर एम 3 विभाग के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय,तथा रेस्ट रूम में संकल्प सभा का आयोजन किया । उक्त सभा में उपरोक्त सभी विभागो के कर्मचारियों ने अगामी 10 अक्टूबर को विभाग में ऐतिहासिक हड़ताल में सहभागी बनने का संकल्प लिया। सेल तथा बोकारो इस्पात प्रबंधन द्वारा दोनो स्तरो से किए जा रहे शोषण के विरुद्ध सभी ने रोष व्यक्त किया। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि एक तरफ सेल प्रबंधन द्वारा कारपोरेट स्तर पर वेज रीविजन, एरियर, बोनस फॉमुर्ला



, रात्री पाली भत्ता , इंसेंटीव, फेस्टीवल एडवांश, लैपटॉप एडवांश, एनपीएस फंड में भेदभाव , ड्रेस भत्ता आदि मामलों मे शोषण किया जा रहा है तो दूसरी तरफ बोकारो इस्पात प्रबंधन द्वारा स्थानीय सुविधाओं मे भेदभाव किया जा रहा है। बोकारो इस्पात प्रबंधन कर्मचारियों के मामले में क्लब ,मोबाईल सेट , सीम , रिचार्ज , कार पास, बीजीएच में सुश्रुत वार्ड , दवा काउंटर, जाँच और परामर्श में भेदभाव, आवास आवंटन नीति में भेदभाव, आश्रित कर्मचारियों के प्रशिक्षण अवधि को सेवाकाल में जोड़ने मे भेदभाव, कर्मचारियों के रेस्ट रुम का जर्जर अवस्था, सेल कारपोरेट कार्यालय के तर्ज पर कैंटीन , कार्यस्थल पर सुरक्षा, एकतरफा ट्रांसफर , सेल के जमीन पर संचालित निजी विद्यालयों में भारी भरकम शुल्क जैसे मामलों में भारी भेदभाव किया जा रहा है । यूनियन ने हड़ताल के लिए 30 सूत्री मुद्दा बनाया है । उपर से सेल बीएसएल प्रबंधन द्वारा सम्पुर्ण औद्योगिक संबंध को खराब कर दिया गया है । किसी भी कमेटी में कर्मचारियों के तरफ से निर्वाचित सदस्य प्रतिनिधि नही है। न तो एनजेसीएस की नियमित बैठक बुलाई जा रही है और न ही बोकारो इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों को लेकर कमेटी काउंसिल का गठन किया गया है । बीएसएल कर्मचारी प्रबंधन के इस मूड को भाँप कर अब सबक सिखाने की तैयारी मे जुट गए है। हड़ताल का प्रमुख मुद्दा अवैध बोनस फॉमुर्ला को जबरदस्ती लागु करना तथा उसके हिसाब से कर्मियों के खाते में जबरदस्ती बोनस राशी को भेज देना है । सरकारी कंपनी के प्रबंधन द्वारा निजी कंपनी के मालिक से भी बुरा व्यवहार करने से सेल कर्मी बूरी तरह आहत है । उसके बाद एनजेसीएस यूनियन नेताओं के रवैये से भी सेल कर्मी काफी आक्रोशित है। सभा के संचालन में अध्यक्ष हरिओम, महासचिव दिलीप, कार्यकारिणी सदस्य राकेश, शिव पंडित, मानिक, संजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एसएसपी ने किया धनबाद थाना का निरीक्षण, बेहतर पुलिसिंग के निर्देश

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले में बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था देने के दिशा में एसएसपी प्रभात कुमार निरंतर प्रयासरत हैं। धनबाद थाना परिसर



के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि धनबाद को बेहतर पुलिसिंग देना प्राथमिकता में है और इस दिशा में कई कार्य हो रहे हैं, साथ ही कई चीजें प्लानिंग में भी है। वर्तमान में पुलिस विभाग के पास डेढ़ सौ पेट्रोलिंग बाईक है, जल्द ही धनबाद में वाहनों की स्पीड मोनेटरिंग के लिए चार और इंटरसेप्टर व्हीकल उतारे जायेंगे। उन्होंने बताया निरंतर विभिन्न थाना और ओपी का भी निरीक्षण जारी है। लंबित कांडो के निष्पादन को लेकर पदाधिकारियों को पहले भी निर्देश दिए गये हैं और लक्ष्य के मुताबिक लंबित कांडो का निष्पादन भी हो रहा है। दिसंबर 2025 तक लंबित कांडो की संख्या को दो हजार से नीचे लेकर आना है। एसएसपी ने निरीक्षण के क्रम में धनबाद थाना एवं पुराने एसएसपी भवन का भी जायजा लिया।

## आजसू छात्र संघ ने किया राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर मंगलवार को आजसू छात्र संघ के कार्यकताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य के मंत्री चिमनालाल लिंडा का पुतला दहन किया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि सरकार ने अब तक छात्रवृत्ति वितरण में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। लंबे समय से छात्रवृत्ति की राशि लंबित है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्र पढ़ाई जारी रखने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। छात्रों ने आरोप लगाया कि सरकार की अनदेखी और उदासीन रवैये के कारण हजारों विद्यार्थी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार मेमोरेंडम सौंपने और आवेदन करने के बावजूद विभागीय अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि अगर जल्द छात्रवृत्ति की राशि नहीं दी गई तो आंदोलन को और व्यापक



किया जाएगा। छात्र नेता विक्की कुमार, ने स्पष्ट कहा कि यह सिर्फ छात्रवृत्ति का मामला नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त लापरवाही के खिलाफ छात्रों की आवाज है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तुरंत लंबित छात्रवृत्तियों का भुगतान किया जाए और आगे के लिए समयबद्ध वितरण प्रणाली लागू की जाए, ताकि भविष्य में छात्रों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र रणधीर वर्मा चौक पर एकत्र हुए और शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया। मौके पर पुलिस बल भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौजूद रही।

## धनबाद में 9 साइबर अपराधी गिरफ्तार, कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और लग्जरी वाहन बरामद

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने तलाशी के दौरान 17 मोबाइल फोन, विभिन्न व्यक्तियों के नाम से जारी सिम कार्ड, 23 अलग-अलग बैंकों के एटीएम कार्ड, एक एप्पल आईपैड, 6 लाख रुपए कैश एक थार गाड़ी और एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल जब्त की है। मंगलवार की



शाम आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और तकनीकी जांच जारी है। इस संबंध में सीटीएसपी ऋत्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो पूरे मामले की तकनीकी पड़ताल कर रही है। पुलिस के अनुसार, ये साइबर अपराधी हवाला के जरिए विभिन्न कंपनियों में पैसे मंगवाते थे और ऑनलाइन ठगी की घटनाओं में भी संलिप्त थे। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है और जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।

## जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 52 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, अनुमंडल कार्यालय चास/बेरमो, अंचल कार्यालय चास/नावाडीह, बीएसएल, जिला समाज कल्याण विभाग, वन प्रमंडल, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

**प्राप्त आवेदनों पर लिया संज्ञान, संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का दिया निर्देश**



**प्रखंडों में भी आयोजित हुआ जनता दरबार**

उपायुक्त के निदेर्शानुसार जनता दरबार का आयोजन सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा किया गया। स्थानीय स्तर पर निष्पादित होने वाले मामलों का निष्पादन मौके पर किया गया।

## कॉ-ऑपरेटिव सोसाइटी के सशक्तिकरण के लिए कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा मल्टी परपस कॉ-ओपरेटिव सोसाइटी (एमपीसीएस) के सशक्तिकरण पर आज कला भवन के सामने स्थित विवाह भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, विशिष्ट अतिथि निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला



आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री वेद प्रकाश सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड) एक राज्य स्तरीय शीर्ष सहकारी संस्थान है, जो कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) झारखण्ड सरकार से निबंधित है। उन्होंने कहा इसका दायित्व कृषि एवं वनोपज की खरीद, भंडारण, प्रसंस्कारण और विपणन, बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि का इनपुट व्यवसाय, कृषि अवसंरचना के लिए वेयर हाउस, गोदाम, कोल्ड स्टोरेज, प्रसंस्करण ईकाइयों, राईस मिल इत्यादि है। साथ ही शीर्ष संगठनों एवं निजी कंपनियों के साथ विपणन हेतु संस्थागत सहयोग करना, सहकारी योजनाओं से संस्थागत अनुदान एवं अवसंरचना हेतु अभिसरण तथा लाह, शहद आदि के उत्पादन में वृद्धि सहित अन्य गतिविधियां है। इस अवसर पर जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि कृषि एवं लघु वनोपज के संग्रहण एवं विपणन के उद्देश्य से राज्य में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड का गठन वर्ष 2021 में किया गया। इसी तर्ज पर 2021 में धनबाद जिला सहकारी संघ का गठन किया गया। इसमें निबंधन के समय 22 सदस्य थे। वर्तमान में 30 पैक्स इससे सम्बद्ध हैं। कहा, राज्य के मल्टी परपज कॉ-ओपरेटिव सोसाइटी सिद्धकोफेड की सदस्यता प्राप्त कर संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो सकते है। साथ ही कहा जिले के कृषक पाठशाला में मल्टी परपज कॉ-ओपरेटिव सोसाइटी से जुड़े कृषकों को बकरी, बतख, गौ, सुकर, मुर्गी, मधुमक्खी, मत्स्यपालन एवं ऑर्गेनिक खेती, लाह की खेती, मशरूम की खेती इत्यादि विषयों पर जिला संघ द्वारा प्रशिक्षण की सुविधा मुहैया कराने का निर्णय लिया गया है।

## बी एस एल में नेटवर्किंग ऑफ प्रोफिबस /प्रोफिनेट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में बोकारो इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के 15 कर्मचारियों के लिए मेसर्स सीमेंस लिमिटेड के फैकल्टी श्री ए.वी. संतोषराव के सहयोग से नेटवर्किंग ऑफ प्रोफिबस /प्रोफिनेट विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनाँक 07/10/2025 से 11/10/2025 तक किया जा रहा है. यह कार्यक्रम बोकारो इस्पात संयंत्र तथा मेसर्स सीमेंस लिमिटेड के बीच एमओयू आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम है. कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे श्री प्रकाश कुमार, महाप्रबंधक (ई टी एल) एवम श्री एस के भगत, महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) उपस्थित थे. सर्वप्रथम ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के प्रबंधक श्री जे एन यादव ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा इस



प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रतिभागियो को सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ -साथ व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए सीमेंन्स के द्वारा उपलब्ध कराये हुए किट पर व्यावहारिक सत्र के अभ्यास करने की सुविधा भी है. अपने सम्बोधन मे महाप्रबंधक (ई टी एल) श्री प्रकाश कुमार ने बोकारो इस्पात संयंत्र के लिए इस कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम से अधिकतम ज्ञान हासिल करने की अपील की. उदघाटन सत्र मे महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास), श्री एस के भगत ने प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया. कार्यक्रम का संचालन ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के प्रबंधक श्री जे एन यादव ने किया. कार्यक्रम के आयोजन मे ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के अनुभाग सहयोगी श्री राकेश कुमार तथा वरीय इंस्ट्रक्टर श्री अर्जुन प्रसाद बाउरी का सराहनीय योगदान रहा.

## बिजली विभाग के वर्कशॉप में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद थाना के पीछे हीरापुर बिजली सब डिवीजन कार्यालय परिसर में जीएम आवास से सटे एरिया बोर्ड के ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप (टीआरडब्ल्यू) में नौ बजे आग लग गयी. आग लगते ही वर्कशॉप से धुआं निकलने लगा. लोगों की नजर पड़ी तो बिजली विभाग के अधिकारियों व धनबाद थाना को फोन कर घटना की जानकारी दी. सूचना मिलने पर कुछ मिनट के अंदर ही फायर बिग्रेड की टीम तीन दमकल के साथ पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया. लगभग ढाई घंटे बाद आग पर काबू पाया ज सका. अगलगी की वजह स्पष्ट नहीं है. थंडरिंग भी इसकी एक वजह हो सकती है. वहां सुरक्षा में कुछ गार्ड तैनात थे. रात लगभग नौ बजे टीआरडब्ल्यू के अंदर से अचानक आग की लपटें उठने लगी. गार्ड व आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग भयावह रूप ले चुकी थी. उसके बाद देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गयीं. आसपास रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गयी. इस बीच तेज बारिश भी शुरू हो गयी. आसपास क्वार्टरों में रहने वाले कुछ लोग अपने घर से बाहर निकल गये. अग्निशमन के कर्मचारी पहले तीन गाड़ियों को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे. लगभग एक घंटे तक मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका. इस बीच वहां रखे ट्रांसफर्मर, बिजली के तार, तेल और कई उपकरण में आग लग गयी थी. जिसके बाद दोबारा दमकल वाहनों को बुलाया गया और कर्मचारी किसी तरह अंदर जाकर आग पर काबू पाने के उपाय करते दिखे.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com